24 दिसंबर, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 11, अंक 66

एमपी में एसआइआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी, 42.74 लाख नाम कटे






## हेमंत सोरेन कैबिनेट का ऐतिहासिक फैसला, ग्राम सभाएं होंगी ताकतवर

# पेसा नियमावली मंजूर

● कुल 39 प्रस्तावों को दी गयी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट ने राज्य में पेसा (पंचायत तक अनुसूचित क्षेत्र का विस्तार) कानून को लागू करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में पेसा नियमावली को औपचारिक मंजूरी दे दी गयी। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बैठक के बाद जानकारी दी कि इस कानून के लागू होने से ग्राम सभाएं अब पहले से कहीं अधिक शक्तिशाली होंगी। नये नियमों के तहत ग्राम पंचायतों को अपने क्षेत्र में खनन अधिकार, भूमि अधिग्रहण और वन भूमि से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का वैधानिक अधिकार प्राप्त होगा। पेसा (पंचायत उपबंध- अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) कानून के माध्यम से अब पंचायतों को जमीन और खनिजों पर अधिक नियंत्रण मिलेगा। ग्राम सभा अपने क्षेत्र में खनन कार्यों पर नियंत्रण के अलावा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भागीदारी निभायेगी। इसके अलावा वन भूमि के प्रबंधन और उससे जुड़े अहम निर्णय में भी ग्राम सभा को कई महत्वपूर्ण अधिकार प्राप्त होंगे। बैठक में कुल 39 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इसमें सबसे अहम फैसला पेसा (पंचायत तक अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) नियमावली को स्वीकृति देना रहा। लंबे समय से लंबित पेसा नियमावली के पास होने से अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को अधिक अधिकार और स्वायत्तता मिलने का रास्ता साफ हुआ है। सरकार का मानना है कि पेसा नियमावली लागू होने से जल, जंगल और जमीन से जुड़े मामलों में स्थानीय ग्राम सभाओं की भूमिका मजबूत होगी और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में निर्णय प्रक्रिया ज्यादा लोकतांत्रिक बनेगी। इसके साथ ही विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में स्थानीय सहभागिता सुनिश्चित की जा सकेगी। सरकार ने संकेत दिया है कि पेसा नियमावली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आगे विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये जायेंगे।

**वर्षों से लंबित था यह मामला :** पेसा अधिनियम 1996 की यह नियमावली वर्षों से लंबित थी। झारखंड हाइकोर्ट में दायर अवमानना याचिका और अदालत की लगातार नाराजगी के बाद सरकार ने इसे प्राथमिकता दी। इस फैसले से अनुसूचित क्षेत्रों में विकास योजनाओं पर ग्राम सभा की सहमति अनिवार्य होगी, जिससे आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा होगी।

**कैबिनेट के अन्य फैसले :** बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व और अन्य विभागों से जुड़े प्रस्ताव भी शामिल थे। सूत्रों के अनुसार वर्ष 2026 की सरकारी छुट्टियों की सूची, कुछ भर्ती नियमों में संशोधन और विकास परियोजनाओं को गति देने वाले फैसले भी लिये गये। कैबिनेट ने बालू घाटों की नीलामी और निकासी से जुड़ी अड़चनों को दूर करने की दिशा में भी कदम उठाये, क्योंकि पेसा नियमावली न होने से कई कार्य रुके हुए थे।

(देखें पेज 03 भी)

### आदिवासी समाज की मांग हुई पूरी: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक के बाद कहा कि यह फैसला आदिवासी समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है। आदिवासी संगठनों ने इसकी सराहना की है, जबकि कुछ ने नियमावली के प्रावधानों पर और चर्चा की मांग की। हाइकोर्ट में लंबित अवमानना याचिका की अगली सुनवाई में सरकार इस मंजूरी की जानकारी देगी, जिससे मामले का समाधान होने की उम्मीद है। यह फैसला झारखंड की आदिवासी पहचान और स्वशासन को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर है। नियमावली अधिसूचित होने के बाद इसका क्रियान्वयन तत्काल शुरू होगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शिता और स्थानीय भागीदारी बढ़ेगी।



### हाइकोर्ट में सुनवाई टली, अगली तारीख 13 जनवरी

रांची (आजाद सिपाही)। पेसा नियमावली से जुड़े मामले में मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से थोड़ी मोहलत मांगी गयी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि विभाग द्वारा पेसा नियमावली से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट को भेज दिया गया है। आज ही कैबिनेट की बैठक में इस पर विचार होगा। इसी आधार पर सरकार ने मामले में अतिरिक्त समय की मांग की। अदालत ने सरकार की मांग को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 13 जनवरी 2026 की तिथि निर्धारित की। सुनवाई के दौरान संबंधित विभाग के सचिव मनोज कुमार सशरीर न्यायालय में उपस्थित रहे। समय की मांग के चलते आज मामले में कोई अंतिम आदेश पारित नहीं हो सका। अब अगली सुनवाई में सरकार की ओर से आगे की स्थिति से अदालत को अवगत कराने की उम्मीद है।

## झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज को लेकर की समीक्षा बैठक

# मेडिकल यूनिवर्सिटी संचालित करने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करें: हेमंत सोरेन

राज्य की चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर तथा मजबूत बनाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2023 के अंतर्गत राज्य में स्थापित होने वाले झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज को लेकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मुख्य सचिव अविनाश कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के साथ अहम बैठक की। इस मौके पर उन्होंने मेडिकल यूनिवर्सिटी खोले जाने की दिशा में उठाये गये कदमों की समीक्षा करने के क्रम में कई अहम निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में संचालित होने वाला यह पहला मेडिकल यूनिवर्सिटी होगा। हमारी सरकार राज्य की चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर तथा मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ऐसे में रांची जिला के ब्रांबे में स्थापित होने वाला यह मेडिकल यूनिवर्सिटी इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।



### नियमावली गठन के साथ फैकल्टी सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द हो

मुख्यमंत्री ने झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के नियमावली गठन और फैकल्टी सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश दिया, ताकि इसका संचालन यथाशीघ्र शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि नेशनल मेडिकल काउंसिल (एनएमसी) की गाइडलाइन के अनुरूप इसकी सारी प्रक्रियाएं पूरी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में इस मेडिकल यूनिवर्सिटी को इस तरह विकसित करना है, जिससे मानव संसाधन, मेडिकल शोध के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं को उन्नत तथा आधुनिक बना सकें।

## रांची में नशीले कफ सिरप सिंडिकेट पर पुलिस का प्रहार

# तीन ठिकानों पर छापेमारी

यूपी-बांग्लादेश कनेक्शन की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नशीले कफ सिरप की लेकर रांची पुलिस एक्शन में आ गयी है। राजधानी रांची में एक साथ तीन ठिकानों पर रांची पुलिस की एसआइटी ने मंगलवार को छापेमारी की। एसएससी राकेश रंजन के निर्देश पर ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया है। इसी टीम ने तुपुदाना इलाके में इंडस्ट्रियल एरिया के शैली ट्रेडर्स में सिटी डीएसपी केवी रमन के नेतृत्व में छापेमारी की गयी। यह प्रतिष्ठान सरगना शुभम जायसवाल का है। छापामारी के दौरान कई अहम दस्तावेज भी पुलिस के हाथ लगे हैं। सिटी डीएसपी ने बताया कि छापेमारी में कई अहम दस्तावेज मिले। इसके साथ ही वित्तीय लेनदेन, एग्रीमेंट, बड़ी संख्या में बैंक चेकबुक और दो हथियार भी बरामद किये गये हैं। हथियार की जांच करायी जा रही है कि उसका नेचर क्या है। डीएसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में अंतरराज्यीय दस्तावेज प्राप्त हुए हैं। अब तक मिले दस्तावेजों के अनुसार नशीले कप सिरप के धंधे को झारखंड समेत दूसरे राज्यों में भी चलाया जा रहा था।

**यूपी और बांग्लादेश कनेक्शन :** इससे पहले भी इडी की ओर से शैली ट्रेडर्स में छापेमारी की जा चुकी है, जिसमें नशीले कफ सिरप का यूपी, बांग्लादेश कनेक्शन सामने आया था। कोडीन युक्त कफ सिरप मामले में आरोपी भोला प्रसाद को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।




## ओड़िशा में 1.84 करोड़ के इनामी 22 नक्सलियों ने डाले हथियार



एके 47 और कई अन्य अत्याधुनिक हथियार सौंपे

**रायपुर (आजाद सिपाही)।** छत्तीसगढ़ के 22 नक्सलियों ने ओड़िशा पुलिस के सामने सरेंडर किया है। एक-47, इंसास समेत कुल नौ हथियारों के साथ सरेंडर करने सभी नक्सली पहुंचे थे। इन नक्सलियों पर एक करोड़ 84 लाख 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। ये नक्सली कई हिंसक घटनाओं में संलिप्त रहे हैं। बताया जाता है कि ये सभी नक्सली बस्तर संभाग में कई अपराधिक घटनाओं में शामिल रह चुके हैं। इन पर पुलिस ने कई धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया था। छत्तीसगढ़ में नक्सली एक के बाद एक करके सरेंडर कर रहे हैं। राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा भी नक्सलियों से आग्रह कर चुके हैं कि वे मुख्यधारा में शामिल हो जायें। ऐसा नहीं करने पर पुलिस नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब देगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ़ समेत देश को नक्सलमुक्त घोषित करने का संकल्प लिया है। इस क्रम ने नक्सलियों का लगातार एनकाउंटर किया जा रहा है।





## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमला जारी

# घर फूंका, जलाये मवेशी और जमीन छोड़ने की दी अंतिम धमकी

एजेंसी

**चटगांव।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में मैमनसिंह जिले में कथित इशनिंदा के आरोप में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ द्वारा नृशंस हत्या के बाद अब चट्टोग्राम से एक और भयावह मामला सामने आया है। शरारती तत्वों ने एक हिंदू परिवार के घर को आग के हवाले कर दिया। हालांकि परिवार के सदस्य किसी तरह समय रहते वहां से निकलने में सफल रहे, लेकिन उनके पालतू जानवर आग की चपेट में आकर मारे गये। हमलावरों ने वारदात के बाद मौके के पास एक धमकी भरा पोस्टर भी लगाया, जिसे हिंदुओं के लिए अंतिम चेतावनी बताया जा रहा है। चट्टोग्राम में यह घटना प्रवासी जयंती संघा और बाबू शुकुशील के घर में हुई, जहां आगजनी में पूरा घर जल कर खाक हो गया। घटना स्थल के पास एक धमकी भरा बैनर भी मिला, जिसमें हिंदू समुदाय को निशाना बनाते हुए चेतावनी दी गयी थी। हाथ से लिखे बैनर में हिंदू समुदाय पर इस्लाम और मुस्लिम समाज के खिलाफ गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। बांग्ला भाषा में लिखे गये इस पोस्टर में हिंदुओं पर 'इस्लाम विरोधी गतिविधियों' में शामिल होने का आरोप लगाया गया और तुरंत अपनी सभी गतिविधियां बंद करने की धमकी दी गयी। बैनर में लिखा था कि यदि निर्देशों का पालन नहीं किया गया, तो गंभीर अंजाम भुगतने पड़ेंगे।




### ढाका में भारतीय उच्चायुक्त तलब

ढाका। भारत में बांग्लादेशी दूतावासों की सुरक्षा को लेकर चिंताओं के बीच बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को मंगलवार को बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय में तलब किया गया। राजनयिक सूत्रों ने इस मामले की पुष्टि की। सूत्रों के अनुसार नयी दिल्ली और कोलकाता सहित भारत के कई हिस्सों में स्थित बांग्लादेशी मिशनों के आसपास उभरती सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर वर्मा को बुलाया गया था। सूत्रों के मुताबिक मंगलवार को बांग्लादेश के विदेश सचिव असद आलम सियाम ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को विदेश मंत्रालय बुलाया। यह बैठक भारत के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर नयी दिल्ली और कोलकाता में स्थित बांग्लादेशी मिशनों की सुरक्षा को लेकर बुलायी गयी थी। इस दौरान बांग्लादेश सरकार ने भारत से अपने मिशनों और राजनयिकों की सुरक्षा मजबूत करने का अनुरोध किया है।

### कोलकाता में प्रदर्शन, लाठी चार्ज

कोलकाता। कोलकाता में बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के विरोध में सैकड़ों लोगों ने मार्च निकाला। कोलकाता में बोंगियो हिंदू जागरण के बैनर तले सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने हिंदू हुंकार पदयात्रा निकाली। भगवा झंडे लिये प्रदर्शनकारी सियालदह से बांग्लादेश उप उच्चायोग की ओर बढ़ रहे थे, जिन्हें बेकबागान इलाके में भारी पुलिस बल ने रोक दिया। जब प्रदर्शनकारियों ने उप उच्चायोग के करीब जाने के लिए पुलिस बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की, तो स्थिति तनावपूर्ण हो गयी। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। प्रदर्शनकारी बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा और हाल ही में हुई एक हिंदू युवक की लिंचिंग के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।



# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के विरोध में हिंदू छात्र संघ का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ते अत्याचार को लेकर देशभर में आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को रांची में हिंदू छात्र संघ ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने डीएसपीएमयू (डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय) के मुख्य द्वार पर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मुहम्मद यूनुस का पुतला दहन कर अपना विरोध दिखाया।

हिंदू छात्र संघ ने इस मामले को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचार मानवता के खिलाफ हैं।



छात्र संघ ने भारत सरकार से मांग की कि पीड़ित अल्पसंख्यकों की हरसंभव मदद की जाये। साथ ही देश में बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी और प्रभावी कार्रवाई करने की भी अपील की गयी। प्रदर्शन के दौरान छात्र संघ के सदस्यों ने पुतला दहन के साथ-साथ बांग्लादेश का झंडा जलाकर भी विरोध जताया। साथ ही बांग्लादेश और युनुस सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संगठन ने यह भी मांग की कि भारत द्वारा बांग्लादेश को दी जाने वाली सहायता पर पुनर्विचार किया जाये और ऐसी सहायता रोकी जाये। हिंदू छात्र संघ ने कहा कि बांग्लादेश और पाकिस्तान में इस तरह की घटनाएं बेहद चिंताजनक और दुखद हैं। इस दौरान संगठन ने देश की अन्य राजनीतिक पार्टियों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जब विदेशों में अन्य समुदायों के साथ घटनाएं होती हैं तो कई लोग सड़कों पर उतर आते हैं, लेकिन हिंदुओं के साथ हुई घटनाओं पर चुप्पी साध ली जाती है। छात्र संघ ने स्पष्ट किया कि वे और देश के हिंदू ऐसे मामलों में शांत नहीं बैठेंगे और अपना विरोध लगातार दर्ज कराते रहेंगे।

# ट्रेन पकड़ने की जल्दबाजी में स्टेशन पर गिरने से लिपिक की मौत

**जांच में मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट माना जा रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** धनबाद-गया रेलखंड के कोडरमा जंक्शन पर सोमवार की देर शाम जिले के मरकच्चो प्रखंड कार्यालय के लिपिक का निधन हो गया। मृतक की पहचान गोंदापुर, नवादा (बिहार) निवासी 49 वर्षीय पंकज कुमार (पिता भोला राम) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार उनकी पत्नी गया जिले में सरकारी विद्यालय में बतौर शिक्षिका कार्यरत हैं। सोमवार की देर शाम पंकज 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस से गया अपनी पत्नी के पास जाने वाले



थे। इसी क्रम में जब वे कोडरमा स्टेशन पहुंचे तो उक्त ट्रेन खुलने वाली थी, जिसे पकड़ने के लिए उन्होंने दौड़ लगायी। इस दौरान वे गिर पड़े और बेहोश हो गये। जिसके बाद वहां मौजूद लोग व आरपीएफ के जवानों की मदद से उन्हें उठाया गया। आरपीएफ के जवान तत्परता दिखाते हुए पंकज को निजी वाहन से एक निजी क्लीनिक ले गये, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल ले जाने पर वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के क्रम में उन्हें मृत घोषित कर दिया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हृदय गति रुकना (कार्डियक अरेस्ट) माना जा रहा है। हालांकि, वास्तविक कारण की पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। घटना की जानकारी मिलते ही मरकच्चो प्रखंड के बीडीओ, प्रखंड कार्यालय के कर्मचारी और जिले के वरीय अधिकारी सदर अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। अधिकारियों ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कराने के निर्देश दिये। देर शाम पंकज कुमार के सहकर्मियों ने उनके परिजनों को घटना की सूचना दी। खबर मिलते ही परिजन रात में ही सदर अस्पताल पहुंचे, जहां शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जायेगा। बताया गया कि पंकज कुमार दो वर्ष पूर्व मरकच्चो प्रखंड कार्यालय में लिपिक के पद पर पदस्थापित हुए थे। इससे पहले वे निर्वाचन विभाग में कार्यरत थे। उनकी पत्नी गया जिले में शिक्षिका हैं और उनके दो छोटे बच्चे हैं।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का रंग-रोगन 15 जनवरी तक पूरा करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने राज्य भर में कार्यरत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के अंतर्गत पंजीकृत यक्ष्मा, कुष्ठ और गैर संचारी रोगों से ग्रसित मरीजों की सूची मोबाइल नंबर के साथ अनिवार्य रूप से अपडेट करें। साथ ही मरीजों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने नये मरीजों के पंजीकरण के समय मोबाइल नंबर दर्ज करने पर भी विशेष जोर दिया। मंगलवार को नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान में सीएचओ के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित करते हुए अभियान निदेशक ने यह निर्देश दिये।

यह प्रशिक्षण गोड्डा जिले के महगामा प्रखंड के विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यरत सीएचओ के लिए आयोजित किया गया था।




प्रशिक्षण के दौरान सीएचओ की भूमिका, जिम्मेदारियां और एसबीसीसी और आइपीसी से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी।

अभियान निदेशक ने कहा कि एनक्वास सर्टिफिकेशन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्र पूरी की जायें। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के अंतर्गत सभी बीमार और स्वस्थ लोगों का आभा, आयुष्मान और अबुआ स्वास्थ्य कार्ड शत-प्रतिशत बनाने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही 15 जनवरी तक सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का रंग-रोगन कार्य पूर्ण कराने को कहा गया।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अस्पताल रख-रखाव योजना के तहत गोड्डा जिले के महगामा प्रखंड के कुछ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तक राशि नहीं पहुंचने की सूचना मिली है। इस मामले की जांच कर फंड में देरी के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं।

साथ ही सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के अंतर्गत जन आरोग्य समिति के बैंक खातों को अपडेट कराने और भेजी गयी राशि का जिला स्तर पर सत्यापन कराने को कहा गया है। गोड्डा के सिविल सर्जन को एक सप्ताह के भीतर राज्य स्तर पर प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश भी दिया गया है।

इधर, नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य सभागार में झारखंड एड्स कंट्रोल सोसाइटी की ओर से परामर्शदाताओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए परियोजना निदेशक शशि प्रकाश झा ने एचआइवी निगरानी के लिए डेटा संग्रह की नयी तकनीकों और सॉफ्टवेयर के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एचआइवी के प्रसार को रोकने में सटीक आंकड़े और प्रभावी रणनीति सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में आइइसी कोषांग के नोडल पदाधिकारी डॉ लाल मांझी, एड्स कंट्रोल सोसाइटी के सहायक निदेशक डॉ शमी अख्तर, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के डॉ आरके महतो, राष्ट्रीय टीम के डॉ अभिजीत, रिम्स के डॉ देवेश, डॉ मिथिलेश सहित कई अन्य विशेषज्ञ उपस्थित थे।

# सारुवत पहाड़ की चढ़ाई पर्यटकों को करती है रोमांचित

## पहाड़ी वादियां और कुटकुट डैम है भंडरिया की खास पहचान

अशोक केसरी

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया की प्राकृतिक सुंदरता और वादियों के कारण पर्यटक का एक प्रमुख स्थल बन चुका है। नववर्ष के आगमन के साथ ही यह क्षेत्र पर्यटकों के लिए एक जीवंतऔर रंगीन स्थल बन जाता है। जहां लोग ढोल नगाड़ों की धुन पर पिकनिक और लोकगीतों का आनंद लेते हैं। यहां की वादियों को देखने के लिए नव वर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़, लातेहार, यूपी से पहुंचते हैं। भंडरिया प्रखंड के प्रमुख पर्यटक स्थल में मंडल कुटकुट डैम, कुरुण गांव में कोयल व सपही नदी का संगम प्रमुख पर्यटक स्थल हैं।

झारखंड की दूसरी सबसे ऊंची चोटी सारुवत पहाड़ की चढ़ाई साहसिक पर्यटन के शौकीनों के लिए आदर्श स्थल है। यहां चढ़ाई और अद्भुत दृश्य पर्यटकों को रोमांचित कर देते हैं। भंडरिया प्रखंड के कुटकुट डैम नीलांबर-पीतांबर की पावन धरती है। नव वर्ष में यहां झारखंड सहित छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के लोग नव वर्ष में पिकनिक मनाने के लिए यहां आते हैं। इस बार कुटकुट डैम में काम लगने





से सैलानियों की अधिक भीड़ होने की संभावना है। कनहर नदी का कोरिइन डूबा जलप्रपात गिरते पानी और आसपास की हरियाली के साथ पिकनिक मनाने के लिए एक आदर्श स्थान है। यहां का शांत और शीतल वातावरण सैलानियों को आकर्षित करता है। हड़वार नदी पर सबसे अधिक सैलानियों की की भीड़ देखी जाती है। नदी का दृश्य और आसपास का सौंदर्य सैलानियों को मंत्र मुग्ध कर देते हैं। हेसातु का आशना दह और बूढ़ा पहाड़ नव वर्ष के दिनों में यह दोनों प्रमुख पर्यटक स्थल हैं। जो अपने प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। नव वर्ष के अवसर पर भंडरिया व बड़गड़ प्रखंड का वातावरण एक उत्सव का रूप ले लेता है। यहां ढोल-नगाड़े और डीजे की धुन पर लोग लोकगीतों पर झूमते हुए वन भोज पिकनिक का आनंद लेते हैं या उत्सव मकर संक्रांति तक चलता है। जब क्षेत्र में सैलानियों की चहल-पहल चरम पर होती है।


# कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा

(Email – kodermanagarpanchayat@gmail.com)

## -: आम सूचना :-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल 92 होल्डिंग धारियों द्वारा बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने पर कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा द्वारा नोटिस के माध्यम से सूचित करने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नही किया गया है। वैसे होल्डिंगधारीयों अविलंब जन सुविधा केन्द्र, कार्यालय में आकर अपना होल्डिंग टैक्स का भुगतान 07 दिनों के अन्दर करना सुनिश्चित करें। अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के धारा–184 के तहत आपके बैंक खाता को फ्रीज (Freeze) करने की कार्रवाई की जाएगी। भुगतान के समय अद्यतन ब्याज की गणना की जाएगी तथा दण्ड राशि का गणना भुगतान के समय निर्धारित किया जाएगा। बकायेदार होल्डिंग धारकों की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| Sl. No | Ward No | Holding/SAF No | Owner Name | Guardian Name | Property Address | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | '0080000405000X1 | PRADEEP KUMAR PANDEY | YOGANAND PANDEY | RANCHI-PATNA ROAD JHANDA CHOWK, KODARMA. | 70,489.56 |
| 2 | 2 | '0020000297000A1 | UDAY KUMAR SINGH | TUPHANI SINGH | NEW COLONY KODERMA | 67,296.50 |
| 3 | 8 | '0080000200000X1 | SUNITA DEVI | MADHUSUDAN TIWARI | BY PASS ROAD NEAR RAJENDRA CHOWK KODERMA 825410 | 54,335.04 |
| 4 | 11 | 0110000050000A1 | PREM KUMAR PANDEY (CHANDAN KUMAR PANDEY, PANKAJ KUMAR PANDEY) | BHAGIRATH PANDEY | DUDHIMATI, NEAR YURAJ HOTEL, KODERMA | 53,906.00 |
| 5 | 14 | SAF812128090224045603 | RABINDRA KUMAR BASANT | - | RANCHI PATNA ROAD NEAR BAJRANGBALI MANDIR, KODERMA | 51,140.00 |
| 6 | 13 | '0130000259000B1 | BASANTI DEVI | JAY PRAKASH DHOBI | RANCHI PATNA ROAD DUDHIMATI KODERMA | 48,992.00 |
| 7 | 8 | '0080000432000X1 | SANTOSH KUMAR | BRAHAMDEV SINGH | BY PASS ROAD SANGAM FURNITURE | 33,500.77 |
| 8 | 7 | '0070000091000X1 | DROPATI DEVI | RAJENDRA PRASAD SINGH (NAVAL KISHOR SINGH) | BY PASS ROAD KODERMA 825410 | 32,420.88 |
| 9 | 8 | '0080000360000A1 | Rohani nair,ROHANI NAIR | LATE M.GOPAL NAIR | Jai nagar road, koderma 825410 | 29,808.00 |
| 10 | 8 | '0080000350000D1 | Siddharth | RAM LAKHAN SINGH | Jay nagar road kodrma 825410 | 29,065.60 |
| 11 | 14 | '0140000065000A1 | HARIDEO SINGH | BASANDEO SINGH | BAJRANG NAGAR BY PASS ROAD KODERMA 825410 | 28,477.44 |
| 12 | 14 | '0140000249000C1 | Vijay Yadav | Chintamani Yadav | At - Koderma, Ward No.- 14, P.S.- Koderma | 27,976.00 |
| 13 | 8 | '0080000217000C1 | SOURABH SUMAN | DR. GOPAL PRASAD | HANUMAN MANDIR KE PASS KODERMA | 26,626.00 |
| 14 | 4 | '0040000152000X1 | Bilkish Bano | LT MD SABBAN | Jalwabad koderma | 24,861.28 |
| 15 | 8 | '0080000055000A1 | BIRENDRA PAUL | RAJA RAGHUNANDAN | ADARSH MOHALLA KODERMA 825410 | 24,376.00 |
| 16 | 14 | '0140000080000X4 | SUSHILA TOPNO | IMANUAL TOPNO | DUDHIMATI KODERMA CHANDAN SWEETS 825410 | 22,682.76 |
| 17 | 2 | '0020000122000A1 | SAROJ KUMARI | SHUBASH KUMAR | NEW COLONY KODERMA 825410 | 22,006.00 |
| 18 | 14 | '0140000247000X1 | KAPILDEV SINGH | BHUNESHWAR SINGH | Giridih by pass road koderma | 21,988.00 |
| 19 | 12 | '0120000036000A1 | SATYAJEET HIMWAN | - | LAKHIBAGI KODERMA 825410 | 21,968.00 |
| 20 | 14 | '0140000004000A1 | SABITRI DEVI VARMA | GOVINDA PRASAD VARMA | PURNA NAGAR ROAD | 21,894.00 |
| 21 | 6 | '0060000228000A1 | NARENDRA SINGH | RAM NARAYAN SINGH | DOMCHANCHA ROAD NAGARKHARA KODERMA | 21,488.48 |
| 22 | 14 | '0140000219000A1 | GAYTRI DEVI | HARI SHANKAR SINGH | BAJARNG NAGAR | 21,461.64 |
| 23 | 14 | '0140000112000X4 | RAJ KUMAR PANDEY | MOHAN PANDEY | JAY NAGAR ROAD KODERMA 825410 | 21,405.76 |
| 24 | 7 | '0070000070000A1 | USHA DEVI | LT RAMJI SAW | NAGARKHARA KODERMA | 21,063.04 |
| 25 | 2 | '0020000095000A1 | SEEMA DEVI | NAGESHWAR PRASAD | NEW COLONY KODERMA | 20,887.50 |
| 26 | 15 | '0150000165000D1 | URMILA DEVI | BHIKHAN SINGH | BARSAUTIYABAR NEAR GOVERNMENT SCHOOL KODERMA | 20,736.00 |
| 27 | 13 | '0130000209000M0 | MEENA DEVI | RAMU MAHTO | RANCHI PATNA ROAD KODERMA | 20,647.00 |
| 28 | 15 | '0150000186000X1 | ARJUN RAM | HARICHARAN RAM | BARSAUTIYABAR KODERMA 825410 | 20,231.76 |
| 29 | 8 | '0080000501000D8 | BHAGIRATH PANDEY | BHUNESHWAR PANDEY | JAY NAGAR ROAD KODERMA | 19,540.00 |
| 30 | 7 | '0070000119000A1 | PAMMY KUMARI | BIRENDRA PAL | ADARSH MOHALLA NEAR KODERMA MARKET KODERMA 825410 | 19,053.52 |
| 31 | 14 | '0140000100000A1 | BHAGIRATH PRASAD | BHATU RAM | BAJARANG NAGAR KODERMA 825410 | 19,022.00 |
| 32 | 2 | '0020000208000X1 | KHAIRUN KHATUN | MD ISLAM | JALWABAD NEAR MADINA MASJID,KODERMA | 18,586.32 |
| 33 | 14 | '0140000241000A1 | SITARAM SINGH | LT BASUDEV SINGH | Banjrangnagar koderma | 18,087.44 |
| 34 | 9 | '0090000206000A1 | Bajo Ravidas | Late Darshan Das | SHIV MOHALLA,KODERMA | 17,641.00 |
| 35 | 8 | '0080000065000X1 | SOHAN VISHWAKARMA | JAGDISH VISWKARMA | ADARSH MOHALLA KODERMA 825410 | 17,140.00 |
| 36 | 8 | '0080000439000D1 | UDAY PRAKASH LAL , SUBODH KUMAR, PRAMOD KUMAR, JAY PRAKASH LAL | LT RAMCHANDRA LAL | RANCHI PATNA ROAD KODERMA NEAR KODERMA BAZAR | 16,812.00 |
| 37 | 5 | '0050000019000X4 | SHANTI MANDAL | - | JALWABAD NEAR IDGAH KODERMA 825410 | 16,661.68 |
| 38 | 8 | '0080000142000C4 | RAJ KUMAR PANDEY | LT MOHAN PANDEY | KODERMA BAJAR KODERMA 825410 | 16,421.76 |
| 39 | 9 | '0090000230000A8 | SUJIT KUMAR SINHA | SHIVSHANKAR PRASAD | SHIV MOHALLA | 16,055.92 |
| 40 | 5 | '0050000104000A1 | MATLUB HUSSAIN | LT BULAKI MIYAN | JALWABAD KODERMA 825410 | 15,790.48 |
| 41 | 8 | '0080000076000X1 | MANJU DEVI | RAM KHELAWAN YADAV | NEAR HANUMAN MANDIR KODERMA 825410 | 15,516.72 |
| 42 | 8 | '0080000086000X1 | MAHENDRA YADAV | TULSHI YADAV | KODERMA BAJAR KODERMA 825410 | 15,380.00 |
| 43 | 3 | '0030000553000X1 | RANJEET KUMAR RANDHEER KUMAR RAVINDRA KUMAR AND OTHERS | BACHCHU SINGH | BEHRWATAND ROAD NEAR TIWARI BANGLA KODERMA | 14,728.00 |
| 44 | 4 | '0040000254000A1 | IMRAN ALAM | LATE MAHMOOD ALAM | JALWABAD NEAR MAKKA MASJID,KODERMA 825410 | 14,534.32 |
| 45 | 7 | '0070000316000X1 | TEKLAL SAW | MOHAN SAW | NEAR SUDHA SWEETS | 14,420.00 |
| 46 | 7 | '0070000136000A1 | QUDDUS AHMAD | FAKRUDIN ALI | JALWABAD KODERMA 825410 | 14,401.04 |
| 47 | 8 | '0080000211000X4 | RAJ KUMAR SINGH | TEKLAL SHING | KODERMA BAJAR jay nagar roadKODERMA 825410 | 13,998.96 |
| 48 | 4 | '0040000145000A1 | UMESH RANA | LET HEMANT RANA | NAGARKHARA KODERMA | 13,709.28 |
| 49 | 8 | '0080000429000D1 | RADHESHYAM SINGH | RAM SEWAK SINGH | Sewak market ranchi patna road | 13,654.00 |
| 50 | 14 | '0140000036000A1 | URMILA DEVI | BUNDAK YADAV | PURNA NAGAR ROAD KODERMA 825410 | 13,206.00 |
| 51 | 6 | '0060000177000A1 | Sanjeev kumar | Narayan Modi | Giridih road koderma | 13,202.00 |
| 52 | 15 | '0150000122000A5 | MAHADEO MAHTO | DEGAN MAHTO | BARSOTIYABAR | 13,200.00 |
| 53 | 2 | '0020000270000A5 | SUBODH KUMAR SINHA | ARJUN PRASAD SINHA | NEW COLONY KODERMA | 13,184.00 |
| 54 | 12 | '0120000133000A1 | MAHADEV YADAV | LILO YADAV | LAKHIBAGI KODERMA 825410 | 13,182.00 |
| 55 | 5 | '0050000233000A1 | NAIYRA BANO | NASIM ANWAR | JAMA MASJID ROAD IMAM BADA GALI KODERMA | 13,180.00 |
| 56 | 14 | '0140000171000A1 | ANJU DEVI | YOGENFRA PRASAD | KOLTAX KODERMA 825410 | 13,140.00 |
| 57 | 6 | '0060000049000A4 | KALI RAM | - | JALWABAAD KODERMA 825410 | 13,131.60 |
| 58 | 7 | '0070000020000A4 | GULAM MUSTAFA | LT. SHARFUDDIN | JALWABAD KODERMA 825410 | 12,914.40 |
| 59 | 6 | '0060000161000A5 | SURESH KUMAR RAM | LET BLABULAL RAM | MAHAVIR MUHALLA KODERMA | 12,819.00 |
| 60 | 7 | '0070000220000A1 | UMA SHANKAR PRASAD | LAKHAN LAL | Nagarkhara koderma | 12,505.52 |
| 61 | 8 | '0080000242000X1 | Kedar pandey | LT VISHESHWAR PANDEY | Jay nagar road koderma | 12,368.60 |
| 62 | 14 | '0140000355000A1 | AMIT KUMAR | LT NAWAL KISHOR SINGH | BAJRANG NAGAR KODERMA | 12,356.00 |
| 63 | 15 | '0150000154000A1 | SABO DEVI | MANIK CHAND YADAV | BARSOTIYABAR KODERMA 825410 | 12,132.75 |
| 64 | 14 | '0140000153000A4 | BABUN YADAV | JAGO YADAV | BEHIND ELECTRIC OFFICE | 11,878.60 |
| 65 | 6 | '0060000170000A1 | NARAYAN THAKUR | DUKHI THAKUR | MAHAVIR MOHALLA BEHIND HIGH SCHOOL KODERMA 825410 | 11,866.80 |
| 66 | 13 | '0130000076000X1 | KIRAN DEVI | BASANT KUMAR PURNA | PURNA NAGAR ROAD KODERMA 825410 | 11,816.25 |
| 67 | 2 | '0020000007000A1 | ZAMAN YADAV | BUNDI YADAV | NEW COLONY | 11,726.36 |
| 68 | 8 | '0080000111000C1 | SRI MAHESH SINGH | LATE TEKLAL SINGH | JAINAGAR ROAD | 11,647.20 |
| 69 | 8 | '0080000461000C4 | PARWATI DEVI | BHAGIRATH PANDEY | JAI NAGAR ROAD KODERMA | 11,615.52 |
| 70 | 14 | '0140000195000D5 | PRADIP SINGH | BHUNESHWAR SINGH | JAI NAGAR ROAD KODERMA | 11,538.00 |
| 71 | 7 | '0070000106000A5 | SHYAMA RAM | PRASADI RAM | NAYADIH JALWABAD KODERMA 825410 | 11,494.56 |
| 72 | 6 | '0060000054000X4 | ABUL KHAIR | - | MAHAVIR MOHALLA KODERMA 825410 | 11,477.60 |
| 73 | 14 | '0140000052000A1 | PRAVEEN KUMAR SINGH | ALAKHDEO SINGH | BAJARANG NAGAR KODERMA 825410 | 11,466.00 |
| 74 | 6 | '0060000114000A1 | Mahesh kumar | ANANT KISHOR SINGH | Mahabir muhalla koderma | 11,246.00 |
| 75 | 2 | '0020000258000A5 | ASGAR ALI | MD ZAHIR UDDIN | JALWABAD NEAR JAMA MASJID KODERMA | 11,084.00 |
| 76 | 6 | '0060000023000A1 | SURENDRA PRASAD YADAV | BASUDEV YADAV | SUNDAR NAGAR KODERMA 825410 | 11,001.04 |
| 77 | 10 | '0100000263000A1 | REKHA BARNWAL | MUNNA BARNWAL | SAHANA ROAD KODERMA | 10,984.00 |
| 78 | 9 | '0090000076000A1 | DURGA DEVI | INDRADEV SINGH | SAHANA ROAD KODERMA 825410 | 10,984.00 |
| 79 | 3 | '0030000263000A4 | KISHOR SAW | GIRIDHARI SAW | BEHERWATAND | 10,938.16 |
| 80 | 8 | '0080000197000A3 | GAURI SAHANA | DEVESH BIJAY | SAHANA MESS GRIDIH ROAD KODERMA | 10,922.00 |
| 81 | 8 | '0080000174000F3 | GOPAL PRASAD | LT YUGAL KISHOR PRASAD | NEAR HANUMAN MANDIR KODE RMA | 10,799.44 |
| 82 | 8 | '0080000203000A3 | ANJU DEVI | BACHCHU LAL | jaynagar road | 10,615.20 |
| 83 | 8 | '0080000097000X4 | UMESH SINGH | TEKLAL SINGH | ADARSH MOHALLA NEAR KODERMA MARKET | 10,608.00 |
| 84 | 14 | '0140000077000A1 | BALRAM SINGH | BRIJ NANDAN | BAJRANG NAGAR KODERMA 82541 | 10,593.20 |
| 85 | 14 | '0140000139000A1 | SUBODH KUMAR | RAM CHANDRA LAL | RANCHI PATNA ROAD KODERMA 825410 | 10,548.32 |
| 86 | 8 | '0080000238000X1 | UMESH PANDEY | KASHINATH PANDEY | ADARSH MOHALLA NEAR KODERMA MARKET KODERMA 825410 | 10,338.80 |
| 87 | 14 | '0140000152000A1 | MASOMAT TARA DEVI | KISHOR PRASAD SWARNKAR | BAJRANG NAGAR KODERMA 825410 | 10,294.56 |
| 88 | 13 | '0130000074000A1 | SHIVNANDAN YADAV | RAMJI YADAV | PURNANAGAR | 10,270.00 |
| 89 | 11 | '0110000366000M0 | SHANTI MASOMAT | LT MUNSHI SINGH | DHUDIMATI NEW COLONY KODERMA | 10,270.00 |
| 90 | 14 | '0140000124000A1 | KAMLA DEVI | SHREE RAMSHISH PRASAD | NEAR BIJLI OFFICE KODERMA 825410 | 10,270.00 |
| 91 | 14 | '0140000005000A1 | SEEMA DEVI | SANKAR SAW | BAJRANG NAGAR | 10,242.72 |
| 92 | 8 | '0080000223000X1 | RANJIT KUMAR BASANT | KRISHNA KUMAR BASANT | JAY NAGAR ROAD KODERMA | 10,121.44 |

ह0/– प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 369214 Urban Development (25-26)_D

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.2 °c | 9.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.09 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.27 बजे |



## राज्य सरकार और बैंक ऑफ इंडिया के बीच एमओयू

# राज्य कर्मियों को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्धः हेमंत सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में झारखंड मंत्रालय में राज्य सरकार और बैंक ऑफ इंडिया के बीच राज्य सरकार के कर्मचारियों के वेतन एवं पेंशन खाता पैकेज को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण और आर्थिक सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता है और इसी दिशा में लगातार ठोस कदम उठाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एमओयू राज्य कर्मियों के लिए एक अहम पहल है, जिसके तहत नौकरी के दौरान मिलने वाले वेतन, सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन, स्वास्थ्य सुरक्षा और दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में वित्तीय सहायता सुनिश्चित होगी। उन्होंने इसे राज्य कर्मियों के कल्याण की दिशा में निर्णायक कदम बताया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने में बैंकों की भूमिका बेहद अहम है और आने वाले समय में यह भूमिका और मजबूत होगी। राज्य के समावेशी विकास पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बैंकों के माध्यम से कई महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया से सरकार के विकास सहयोगी के रूप में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की और उम्मीद जतायी कि अन्य बैंक भी इस पहल से जुड़ेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में मृत जेबीवीएनएल कर्मी प्रमोद लकड़ा की पत्नी मंजू लकड़ा को गवर्नमेंट सैलरी पैकेज के तहत 50 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। एमओयू पर राज्य सरकार की ओर से वित्त विभाग के विशेष सचिव संदीप सिंह और बैंक ऑफ इंडिया के उप महाप्रबंधक (रांची अंचल) संजीव कुमार ने हस्ताक्षर किये। समझौते के तहत बैंक ऑफ इंडिया में सैलरी अकाउंट रखने वाले राज्य सरकार के कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों और अनुबंध कर्मियों को एक करोड़ रुपये तक का दुर्घटना बीमा (हवाई दुर्घटना में दो करोड़ रुपये) सहित कई बैंकिंग सुविधाएं बिना अतिरिक्त शुल्क के मिलेंगी। कार्यक्रम में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक सुब्रत कुमार, जीएम गुरुप्रसाद गौड़ समेत बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# एसीबी ने पंचायत सचिव को 2500 घूस लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग में मांडू पंचायत सचिव प्रभु नारायण सिंह को 2500 रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एसीबी में कांड संख्या 14/2025 दर्ज किया गया। मामला दर्ज होने पर आरोपी पंचायत सचिव को एसीबी ने न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है। एसीबी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आवेदक हजारीबाग मांडू के हुवाग निवासी मो अलीजान अंसारी पिता स्व वली मोहम्मद के द्वारा इस आशय का आवेदन दिया गया था कि वादी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ है। जिसका सैंक्शन नंबर-जेएच16017/3/1204 है। इनके साथ आवास स्वीकृत अन्य लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान हो चुका है। परंतु इन्हें एक भी किस्त का भुगतान नहीं हुआ है। प्रथम किस्त का भुगतान करने हेतु जब वादी, पंचायत सचिव प्रभु नारायण सिंह से मिले तो उनके द्वारा वादी से 10,000 रुपये रिश्वत की मांग की गयी। पंचायत सचिव प्रभु नारायण सिंह ने कहा कि जबतक पैसा नहीं दोगे तबतक प्रथम किस्त का भुगतान नहीं होगा। इस संबंध में सत्यापनकर्ता ने रिश्वत मांगने जाने की बात सत्य पाया और वादी द्वारा 2500 रुपये करके दो किस्त में पैसा देने की बात आरोपी के साथ तय हुआ। ट्रैप टीम के द्वारा मंगलवार को प्राथमिक अभियुक्त प्रभु नारायण सिंह, पंचायत सचिव को वादी मो अलीजान अंसारी से प्रथम किस्त के रूप में 2500 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

# निकाय चुनाव में सरकार ने आरक्षित सीटों की संख्या घटायी : अमर बाउरी

**लगाया आरोप : अनुसूचित जाति को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा**

**सर्वे न कर केवल मतदाता सूची के आधार पर आरक्षण लागू किया गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने गठबंधन सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन और झारखंडियों के नाम पर सत्ता में आयी सरकार अपने ही वादों से भटक चुकी है और अनुसूचित जाति (एससी) समाज को लगातार उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में एससी के लिए आरक्षित सीटों की संख्या घटाकर सरकार ने दलित समाज को नजरअंदाज किया है। रांची नगर निगम में एससी के लिए केवल दो वार्ड आरक्षित किये गये हैं, जो एससी समाज के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण झारखंड में लगभग 50 लाख की एससी आबादी को योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। यहां तक कि सरकार के एक मंत्री ने स्वयं एससी समाज की स्थिति सुधारने को लेकर सरकार को लिखित पत्र दिया है, जो हालात की गंभीरता को दर्शाता है। नगर निगम और नगर पंचायत चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्देश के बाद आनन-फानन में चुनाव कराये जा रहे हैं। ओबीसी आरक्षण के नाम पर बिना जमीनी सर्वे और निरीक्षण के केवल मतदाता सूची के आधार पर आरक्षण लागू किया गया, जिससे ओबीसी समाज के साथ भी अन्याय हुआ है। अमर कुमार बाउरी ने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक कारणों से अलग-अलग नगर निकायों में अलग-अलग नियम लागू कर रही है और संगठित एससी समाज की ताकत को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि दलित समाज की भागीदारी कम कर बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की भावना का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि नगर निकाय चुनावों में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाये, ताकि सभी वर्गों को न्याय मिल सके। साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार अपनी नीतियों में सुधार नहीं करती है तो दलित समाज संविधान के तहत आंदोलन करने को मजबूर होगा। अमर कुमार बाउरी ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार अब तक बाल आयोग, महिला आयोग, एससी आयोग और सूचना आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक आयोगों का गठन नहीं कर पायी है। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाइक और भाजपा एससी मोर्चा आइटी सेल प्रभारी गोविंदा वाल्मीकि भी उपस्थित थे।

# झारखंड में पेसा कानून लागू करना सरकार की प्राथमिकता : दीपिका पांडेय

**ऑड्रे हाउस में आयोजित दो दिवसीय जनजातीय स्वशासन महोत्सव का उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची स्थित ऑड्रे हाउस में मंगलवार को दो दिवसीय नाची से बाची जनजातीय स्वशासन महोत्सव का उद्घाटन ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने किया।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि झारखंड में पेसा कानून को लागू करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सरकार तेजी से इस दिशा में काम कर रही है और लोगों से मिले सुझावों पर विचार कर पूरे प्रस्ताव को कैबिनेट को सौंप दिया गया है।

दीपिका पांडेय सिंह ने इस कार्यक्रम के दौरान पंचायत पत्रिका का लोकार्पण किया और पंचायत पोर्टल का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसा पेसा कानून लायेगी, जिससे झारखंड पूरे देश के लिए एक उदाहरण बनेगा।

साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य ग्राम सभा को सशक्त बनाना है, ताकि हर समाज के लोगों को अपनी बात रखने का अधिकार मिल सके। सरकार किसी एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे समूह को सुरक्षित करने की दिशा में काम कर रही है। मंत्री ने आगे कहा कि स्वशासन को लागू कर दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपनों को पूरा किया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पेसा कानून को लागू कर सुशासन को मजबूत करना सरकार की जिम्मेदारी है और सरकार जल्द ही इस लक्ष्य को हासिल करेगी। पंचायती राज निदेशक राजेश्वरी बी ने बताया कि इस दो दिवसीय महोत्सव में कई तकनीकी सत्र आयोजित किये जा रहे हैं, जिनमें पेसा कानून से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा होगी।

नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रांची के प्रोफेसर रामचंद्र उरांव ने भी कहा कि राज्य की अधिकांश आदिवासी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत करने और स्वशासन व्यवस्था के अनुरूप कानून बनाने की जरूरत है।

साथ ही पद्मश्री रामदयाल मुंडा के सुपुत्र एवं शोधार्थी गुंजन मुंडा ने कहा कि मंडा यात्रा जैसी परंपराओं की आत्मा स्वशासन है, जहां सामूहिक बैठक और संवाद के माध्यम से निर्णय लिये जाते हैं। यही स्वशासन और प्रजातंत्र का आधार है। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ साहित्यकार महादेव टोप्पो ने कहा कि नाची से बाची के पीछे के दर्शन को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने आदिवासी भाषा, संस्कृति और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा राज्य के विभिन्न जिलों से आये प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कैलाश कोठी को ध्वस्त नहीं करने की याचिका हाइकोर्ट ने खारिज की

**रांची (आजाद सिपाही)।** डीआइजी ग्राउंड स्थित कैलाश कोठी को ध्वस्त नहीं करने के लिए दायर याचिका हाइकोर्ट ने मंगलवार को खारिज कर दी। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने याचिका में कोई मेरिट नहीं पाते हुए इसे खारिज कर दिया। पूर्व में मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिका खारिज होने के बाद कैलाश कोठी को ध्वस्त करने का रास्ता भी साफ हो गया है। इस संबंध में खुशबू सिंह ने याचिका दायर की थी। पूर्व की सुनवाई दौरान कोर्ट ने रांची डीसी से प्लॉट नंबर 1694 मौजा मोरहाबादी 33 डिसमिल जमीन का गजट नोटिफिकेशन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। सुनवाई में कोर्ट ने मामले में रांची डीसी को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत किये गये दस्तावेज को सत्यापित कर बताने को कहा था कि उक्त जमीन का अधिग्रहण किया गया है या नहीं। अगर इस जमीन का रिम्स द्वारा अधिग्रहण हुआ है तो उसका मुआवजा का भुगतान किया गया है या नहीं। वहीं, प्रार्थी की ओर से बताया गया था कि अवैध अतिक्रमण बताते हुए कैलाश कोठी को हटाने का नोटिस चिपकाया गया है। लेकिन, इस जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया था। प्रार्थी ने कैलाश कोठी के स्वामित्व दस्तावेज भी कोर्ट में प्रस्तुत किया। बताया गया कि यह कोठी जिस जमीन पर बनी है, उसका रिम्स द्वारा अधिग्रहण नहीं किया गया है। हाइकोर्ट ने पिछले दिनों रिम्स से संबंधित एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान रिम्स परिसर के निकट के अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया है। इस आदेश के आलोक में रिम्स परिसर के आसपास का अतिक्रमण जिला प्रशासन द्वारा हटाया जा रहा है।

# कैबिनेट की बैठक के अन्य फैसले

- डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक पदों के पुनर्गठन की स्वीकृति दी गयी।
- दुमका अंतर्गत चमराबहियार से बरदानीनाथ मंदिर पथ (लंबाई-4.626 किमी) पथ एवं बमनडीहा लिंक (लंबाई -2.920 किमी) (कुल लंबाई -7.546 किमी) को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए मजबूतीकरण, चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य (भू-अर्जन एवं युटिलिटी शिफ्टिंग सहित) हेतु 31,87,01,800 रुपये मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।
- जमशेदपुर अंतर्गत बहरागोड़ा से दारीशोल चौक रोड में मनुषमुदिया के पुनर्निर्माण (कुल लंबाई 10.274 किमी) कार्य को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए मजबूतीकरण, चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य (भू-अर्जन एवं पौधरोपण सहित) हेतु 41,24,71,800 रुपये मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।
- केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत पूरक पोषाहार कार्यक्रम अंतर्गत लाभार्थियों को पोषण के निर्बाध वितरण सुनिश्चित कराने निमित्त नौ माह के लिए अथवा प्रक्रियाधीन निविदा कार्य निष्पादनोपरांत कार्यादेश निर्गमण की तिथि तक (जो पहले घटित हो जाये) एतद् सामग्रियों की आपूर्ति इसके वर्तमान निर्माणकर्ता-सह-आपूर्तिकर्ता से प्राप्त करने हेतु इनके अनुबंध अवधि के विस्तार की स्वीकृति दी गयी।
- मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बाल कल्याण एंव संरक्षण समितियों के संचालन हेतु मार्गदर्शिका की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड उच्च न्यायालय अंतर्गत दायर वाद संख्या 4353/2023, इंदु देवी बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में स्व उदय शंकर सिन्हा, भूतपूर्व लिपिक (वादी पत्नी इंदु देवी) की सेवा नियमित एवं संपुष्ट करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभप्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड उच्च न्यायालय अंतर्गत दायर वाद संख्या 1925/2025, जय प्रकाश सिंह बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में वादी जय प्रकाश सिंह, सेवानिवृत लिपिक की सेवा नियमित एवं संपुष्ट करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड उच्च न्यायालय अंतर्गत दायर वाद संख्या 6167/2022, पूनम सिन्हा बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में पूनम सिन्हा की सेवा नियमित करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड उच्च न्यायालय अंतर्गत दायर वाद संख्या 6342/2024, जग नारायण सिंह बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में जग नारायण की सेवा नियमित एवं संपुष्ट करते हुए अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा 1820/2017 झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन, ब्रांच अग्निशमन सेवा बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में दिनांक-23.08.2018 को पारित न्यायदेश के आलोक में झारखंड अग्निशमन सेवा के अराजपत्रित पदों का छठा वेतन पुनरीक्षण के परिप्रेक्ष्य में स्वीकृत वेतनमान एवं ग्रेड पे में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।
- प्री बजट कार्यशाला के आयोजन हेतु वित्त नियमावली के नियम-235 को शिथिल करते हुए नियम-245 के तहत डॉ सीमा अखौरी, सहायक प्राध्यापक, सेंट जेवियर कॉलेज, रांची एवं उनकी टीम का नॉलेज पार्टनर के रूप में मनोनयन के आधार पर चयन की स्वीकृति दी गयी।
- राज्यस्तरीय आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षकों एवं समन्वयक का मानदेय राशि की वृद्धि की स्वीकृति दी गयी।
- 21 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्रावास निर्माण हेतु 2,43,64,320 रुपये मात्र की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त मानक प्राक्कलन के आधार पर कुल 51,16,50,720 रुपये मात्र की लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।
- डॉ मिनी सिन्हा, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, साहेबगंज को अनधिकृत अनुपस्थिति के कारण सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गयी।
- डॉ रीमा, दंत चिकित्सक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ओरमांझी, रांची को अनधिकृत अनुपस्थिति के कारण सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के आलोक में दिलीप कुमार भट्टाचार्य के दिनांक 01.02.2011 से 31.01.2013 तक की अवधि के अनुमान्य बकाया राशि एवं सेवांत लाभ के भुगतान की स्वीकृति दी गयी।
- वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अंतर्गत कार्यरत वनरक्षियों को प्रधान वनरक्षी के पद पर प्रोन्नति हेतु झारखंड राज्य अवर वन क्षेत्रकर्मी संवर्ग नियमावली-2024 की कंडिका-18 (क) को एक बार के लिए क्षांत करने की स्वीकृति दी गयी।
- राज्य अंतर्गत सरकारी सेवाओं में राजपत्रित एवं अराजपत्रित पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु आयु सीमा का निर्धारण की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा (मैट्रिक / 10वीं स्तर) संचालन नियमावली, 2015 (समय-समय पर यथा संशोधित) में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा (इंटरमीडिएट / 10+2 स्तर कंप्यूटर ज्ञान एवं कंप्यूटर में हिंदी टंकण अर्हता धारक पद हेतु) संचालन नियमावली, 2017 (समय-समय पर यथासंशोधित) में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा (इंटरमीडिएट / 10+2 स्तर) संचालन नियमावली, 2015 (समय-समय पर यथा संशोधित) में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी गयी।
- उच्च न्यायालय, झारखंड द्वारा वाद संख्या 4822/2018 बालेश्वर प्रसाद वर्मा बनाम झारखंड सरकार मामले में दिनांक-11.12.2024 को पारित न्याय-निर्देश के अनुपालन के क्रम में वादी बालेश्वर प्रसाद वर्मा की सेवा नियमित करने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड उच्च न्यायालय अंतर्गत दायर वाद संख्या 3353/2022, मो हसनैन फारुख बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में मो हसनैन फारुख की सेवा नियमित करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड उच्च न्यायालय अंतर्गत दायर वादों यथा (1) 5089/2023, ज्ञान सागर बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य एवं (2) 6569/2023, कपिल देव प्रसाद बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में संयुक्त रूप से दिनांक 19.12.2024 को पारित न्यायादेश के अनुपालन हेतु संबंधित दो वादीगणों (सेवानिवृत लिपिकों) की सेवा नियमित करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड उच्च न्यायालय अंतर्गत दायर वाद संख्या 1016/2025, अक्षयवट प्रसाद बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में अक्षयवट प्रसाद की सेवा नियमित करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड उच्च न्यायालय अंतर्गत दायर वाद संख्या 5082/2022, शोभा देवी बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में वादी शोभा देवी के पति स्व उमा शंकर द्विवेदी, भूतपूर्व लिपिक की सेवा नियमित एवं संपुष्ट करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गयी।
- परिवहन निदेशालय (परिवहन आयुक्त कार्यालय) के अंतर्गत मोटरयान निरीक्षक का 21 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी।
- ज्योत्सना सिंह, झाप्रसे (कोटि क्रमांक-733/03) को वाद संख्या 15932/2024 ज्योत्सना सिंह बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 22.09.2025 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में दिनांक 03.02.2020 के भूतलक्षी प्रभाव से संयुक्त सचिव एवं समकक्ष कोटि में प्रोन्नति प्रदान करते हुए दिनांक 13.03.2020 के प्रभाव से प्रोन्नत पद का वित्तीय लाभ प्रदान करने संबंधित प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गयी।
- राज्य में भवन निर्माण विभाग, झारखंड अंतर्गत जीर्ण-शीर्ण सरकारी कार्यालय / आवासीय परिसरों के पुनर्विकास के लिए एनबीसीसी के साथ एमओयू निष्पादन हेतु एसओपी की स्वीकृति दी गयी।
- षष्ठम झारखंड विधान सभा का चतुर्थ (शीतकालीन) सत्र (दिनांक 05.12.2025 से 11.12.2025 तक) के सत्रावसान पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड वित्तीय नियमावली के नियम-245 के आलोक में नियम-235 के प्रावधान को शिथिल करते हुए मनोनयन के आधार पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखंड सरकार अंतर्गत राजकीय बेकन फैक्ट्री, कांके, रांची को पुनर्जीवित करने हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्- राष्ट्रीय मांस अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद की परामर्शी सेवा लिये जाने तथा इस हेतु संलग्न एकरारनामा प्रारूप पर स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड वित्तीय नियमावली के नियम-245 के आलोक में नियम-235 के प्रावधान को शिथिल करते हुए मनोनयन के आधार पर भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान बेंगलुरू की सेवा कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत उद्यान निदेशालय द्वारा लिये जाने एवं इस हेतु संलग्न एमओयू प्रारूप पर स्वीकृति दी गयी।
- पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो अंचलांतर्गत मौजा नीमडीह, थाना संख्या-596, खाता संख्या-01, प्लॉट संख्या-08, रकबा 57.50 एकड़ पुरानी परती काबिल आबाद भूमि मेसर्स हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड को लातेहार जिला में आवंटित चकला कोल ब्लॉक में अपयोजित वन भूमि के एवज में कुल संगणित राशि 13,56,71,250 रुपये के भुगतान पर क्षतिपूरक वनरोपण हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड, रांची को स्थायी स्वीकृति दी गयी।
- पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी अंचलांतर्गत मौजा जेटेया डुमरजोवा एवं बंबासाई में रकबा 284.89 एकड़ गैरमजरुआ भूमि मेसर्स हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड को लातेहार जिला में आवंटित चकला कोल ब्लॉक में अपयोजित वन भूमि के एवज में कुल संगणित राशि 30,80,90,729 रुपये के भुगतान पर क्षतिपूरक वनरोपण हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड, रांची को स्थायी हस्तांतरण की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड राज्य कारा लिपिक-सह-कंप्यूटर संचालक संवर्ग नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति दी गयी।
- पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी अंचलांतर्गत मौजा बोकना, थाना संख्या-775. खाता संख्या-02, प्लॉट संख्या-572. रकबा 136.32 एकड़, प्लॉट संख्या-192. रकबा-32.97 एकड़ एवं प्लॉट संख्या-267, रकबा 47.49 एकड़ कुल रकबा 216.78 एकड़ अनाबाद सरकार किस्म पुरानी परती भूमि मेसर्स हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड को लातेहार जिला में आवंटित चकला कोल ब्लॉक में अपयोजित वन भूमि के एवज में कुल संगणित राशि 22,27,21,127 रुपये के भुगतान पर क्षतिपूरक वनरोपण हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड, रांची को स्थायी हस्तांतरण की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड संस्कृति संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त) नियमावली-2025 के गठन की स्वीकृति दी गयी।
- मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना 2020 यथा संशोधित 2022 के अंतर्गत एफसीडीओ, ब्रिटिश उच्चायोग एवं अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखंड के मध्य द्विपक्षीय एमओयू की अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गयी।

## तीनतारा के हनुमान मंदिर में चोरी



कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा थाना क्षेत्र के लोकाई तीनतारा में स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में चोरी की घटना हुई है। सोमवार की देर रात मंदिर परिसर में लगे पीतल के घंटी को चोरी कर ली गयी। स्थानीय ग्रामीण मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उनके द्वारा सोमवार की देर शाम तक मंदिर में घंटी देखा गया था। मंगलवार की सुबह मंदिर की लाइट बंद करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मंदिर का दरवाजा थोड़ा खुला हुआ देखा। इसके बाद अंदर मंदिर के बरामदे में हुक में सिक्कड़ से साथ लगे पीतल की घंटी को गायब पाया। वहीं दान पेटी भी खुला हुआ था जिससे कुछ रुपये गायब थे। उन्होंने बताया कि घंटी की कीमत करीब 10 हजार है। उन्होंने बताया कि चार महीने पहले भी गांव में स्थित देवी मंडप में लगी घंटी की भी चोरी कर ली गयी थी। जिसका कुछ पता नहीं चल पाया। समाचार लिखे जाने तक थाना में कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

## डीएवी में श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस



कोडरमा (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल, झुमरीतिलैया में मंगलवार को महान समाज सुधारक, स्वतंत्रता सेनानी और आर्य समाज के प्रमुख स्तंभ स्वामी श्रद्धानंद की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने स्वामी जी के महान बलिदान और उनके द्वारा दिखाये गये सत्य, साहस और समाज सुधार के मार्ग को स्मरण किया। विद्यालय के प्राचार्य और समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्वामी श्रद्धानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा में विद्यार्थियों ने विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से उनके जीवन, संघर्ष और योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। छात्रा आकृति सिंह ने हिंदी में तथा मानवी सिंह ने अंग्रेजी में स्वामी श्रद्धानंद के जीवन और उपलब्धियों पर सारगर्भित वक्तव्य दिये। ईशु ने हिंदी कविता और सभ्यता सिंह ने अंग्रेजी कविता के माध्यम से स्वामी जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। लक्ष्मी ने प्रश्नोत्तरी का कुशल संचालन किया, जबकि वर्षा प्रिया ने स्वामी श्रद्धानंद जी के जीवन से जुड़े प्रमुख तथ्यों को साझा कर विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये सुंदर और आकर्षक पोस्टरों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का संचालन आराध्या सिंह ने किया। प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को स्वामी श्रद्धानंद जी के पदचिह्नों पर चलने और समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद जी का जीवन हमें निडरता, सत्यनिष्ठा और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष करने की सीख देता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक सुजीत कुमार राणा, धर्मेंद्र पाठक, निधि अम्बष्ट और निशु का विशेष योगदान रहा।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष और सदस्यों का हजारीबाग दौरा



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष विजया रहाटकर और आयोग की सदस्य डेलिना खोंगडुप, डॉ अर्चना मजूमदार और ममता कुमारी मंगलवार को हजारीबाग जिले के दौरे पर रहीं। इस अवसर पर आयोग की अध्यक्ष और सदस्यों ने सर्वप्रथम संत कोलंबस कॉलेज, हजारीबाग में आयोजित कैंपस कॉलिंग प्रोग्राम में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर, आयोग की सदस्यगण, डीडीसी इश्तियाक अहमद तथा कॉलेज के प्राचार्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। कैंपस कॉलिंग कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि हजारीबाग शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहा है, जो गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कैंपस कॉलिंग कार्यक्रम विशेष रूप से युवाओं के लिए है और वर्ष 2047 में आजादी के सौ वर्ष पूर्ण होने पर देश के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास में युवाओं का अतुलनीय योगदान होगा। उन्होंने युवाओं को देश का नीति निर्माता बताते हुए सामाजिक, नैतिक और डिजिटल चुनौतियों को समझकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए आगे आना चाहिए और समाज में यह संदेश देना चाहिए कि लिंग भेदभाव जैसी कुरीतियों को समाप्त करते हुए बेटों के समान बेटियों को भी अपनाया जाये। आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराधों में वृद्धि हो रही है, जिससे बचाव के लिए इंटरनेट का उपयोग अत्यंत सावधानीपूर्वक किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध या पोक्सो एक्ट से संबंधित मामलों में कानून का सहारा लेना चाहिए। स्कूलों एवं कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम और पोक्सो अधिनियम के संबंध में जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या उत्पीड़न की स्थिति में नजदीकी थाना, संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

## विशेष अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में शामिल हुईं विधायक डॉ नीरा




कोडरमा (आजाद सिपाही)। उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोलवाढाब में मंगलवार को शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालय अभिभावक समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से एक विशेष अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव थीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीओ रिया सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम और मुखिया उमेश यादव मौजूद थे। विद्यालय की छात्राओं ने इनका स्वागत किया। बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्य एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर छात्रों, अभिभावकों, एसएमसी सदस्यों एवं शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विधायक डॉ नीरा यादव ने सम्मानित किया। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि स्कूल की समस्याओं को बतायें, जरूर समाधान किया जायेगा। यहां के बच्चे राज्य और देश स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकें, इसके लिए मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने दिव्यांग दिलीप पंडित और उनकी टीम की सराहना की जिनके प्रयास से विद्यालय परिसर का विकास दिखता है। कार्यक्रम को एसएमसी मुखिया उमेश यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक, छात्र और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### विनोबा भावे विवि के 10वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल

# शिक्षा केवल आजीविका नहीं, कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनाने का माध्यम : संतोष गंगवार

आजाद सिपाही संवाददाता




हजारीबाग। राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के 10वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कहा कि दीक्षांत समारोह केवल उपाधि प्रदान करने का औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन, धैर्य और निरंतर साधना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत विद्यार्थियों के जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय की पूर्णता और नये अध्याय की शुरुआत है। विश्वविद्यालय से प्राप्त ज्ञान, मूल्यबोध और संस्कारों का उपयोग अब समाज और राष्ट्र के व्यापक हित में करना विद्यार्थियों का दायित्व है। राज्यपाल श्री गंगवार ने कहा कि यह विश्वविद्यालय भू-दान के प्रणेता संत विनोबा भावे के नाम पर स्थापित है, जिन्होंने अपने सम्पूर्ण जीवन को समाज सुधार और भू-दान यज्ञ जैसे महान कार्यों के लिए समर्पित कर दिया। उनके विचारों और उनके द्वारा किये गये कार्यों ने समाज को एक नई दिशा दी। विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वे अपने आचरण और कर्म से इन मूल्यों को जीवंत बनाये रखें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल आजीविका अर्जन नहीं, बल्कि एक संवेदनशील, जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक का निर्माण करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से विकसित भारत @2047 और आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण में ईमानदारी, परिश्रम और नैतिकता के साथ योगदान देने का आह्वान किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि आप शिक्षा के महत्व को केवल अपने तक सीमित न रखें। समाज के प्रति भी आपका एक बड़ा दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षित युवा यदि समाज के किसी एक बच्चे की शिक्षा की जिम्मेदारी ले, तो अशिक्षा स्वतः समाप्त हो सकती है। शिक्षा का प्रसार ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने वाले संस्थान नहीं, बल्कि विचार, चरित्र और चेतना के केंद्र होते हैं। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध, सामाजिक सरोकारों और प्लेसमेंट व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया और छात्रहित में प्लेसमेंट सेंटर को अधिक प्रभावी बनाने की बात कही। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति शिक्षा को समावेशी, मूल्यपरक और समाजोपयोगी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस नीति के माध्यम से नई पीढ़ी को अवसरों के साथ-साथ जिम्मेदारियों का भी बोध कराया जा रहा है। इससे पूर्व राज्यपाल गंगवार ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग परिसर पहुंचने पर परिसर में स्थापित भू-दान यज्ञ के प्रणेता संत विनोबा भावे की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा-सुमन अर्पित की। मौके पर वीसी समेत यूनिवर्सिटी के पदाधिकारी, कर्मचारी और प्रोफेसर उपस्थित थे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 22 साल सश्रम कारावास की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। नाबालिक को बहला-फुसलाकर और डरा कर दुष्कर्म किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला और सत्र न्यायाधीश प्रथम सह स्पेशल पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश गुलाम हैदर की अदालत ने मंगलवार को आरोपी दिलीप सिंह (30 वर्ष, पिता अनिल सिंह, मरकच्चो) को 6 पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 22 साल सश्रम कारावास की सजा सुनायी। साथ ही 10 हजार जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायालय ने 4(2) पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई और 8 हजार जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 महीना अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 8 पोक्सो एक्ट के तहत 4 साल सश्रम कारावास और 3 हजार जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर दो महीना अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 67 आईटी एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 2 साल सश्रम कारावास और 5 हजार जुर्माना लगाया। 67 (बी) आईटी एक्ट के तहत 3 साल सश्रम कारावास और 8 हजार जुर्माना लगाया। 506 के तहत 1 वर्ष सश्रम कारावास और एक हजार जुर्माना लगाया। इस प्रकार न्यायालय ने विभिन्न धाराओं में सजा के साथ कुल 35,500 जुर्माना भी लगाया। सभी सजा साथ-साथ चलेंगी। जुर्माना की राशि पीड़ित को दी जायेगी। साथ ही न्यायालय ने पीड़ित मुआवजा स्कीम के तहत पीड़ित को मुआवजा दिलाने का भी निर्देश दिया। मामला वर्ष 2024 का है। इसे लेकर मरकच्चो थाना में नाबालिग की मां ने थाना कांड संख्या 81/24 दर्ज कराया गया था। थाना को दिये आवेदन में कहा था कि उसके बड़े लड़के से जानकारी मिली कि उसके छोटे नाबालिक लड़के के साथ पड़ोस के ही दिलीप सिंह द्वारा डरा धमका व प्रलोभन देकर गलत कार्य किया जा रहा है। अपने लड़के से पूछताछ करने पर उसने बताया कि 2022 से ही दिलीप सिंह द्वारा उसके साथ अपनी मिट्टी के घर में ले जाकर गलत कार्य किया जा रहा और उसका एक वीडियो बनाकर वायरल करने का धमकी देता था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक प्रवीण कुमार सिंह ने किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से चीफ डिफेंस काउंसिल नवल किशोर ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के कोलटेक्स चौक के नजदीक भगत सिंह चौक पर पिकअप वाहन की जोरदार टक्कर से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना में युवक की पहचान कटकमदाग थाना क्षेत्र के कूद निवासी की रमेश साव के रूप में हुई है। मौत के बाद कूद गांव का माहौल गमगीन हो गया। मंगलवार को उसके पार्थिव शरीर को खीरगांव मुक्तिधाम में अग्नि दिया गया। बताया गया है कि सोमवार देर रात कोलटेक्स चौक झंडा चौक की नीचे पेट्रोल पंप के पास से एक पिकअप वाहन गुजर रही थी। तेज रफ्तार में पिकअप वाहन सब्जी मंडी तरफ से आ रही थी। उसी वक्त चौक को बाइक पर सवार होकर रमेश साव तेज रफ्तार से गुजर रहा था। तेज रफ्तार बाइक ने पिकअप में इतनी जोरदार टक्कर मार दी और रमेश साव की मौके पर मौत हो गयी। आसपास के लोगों ने घायल रमेश को उठाकर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# लोक अदालत में 23 वादों का निष्पादन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में मंगलवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। मौके पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रमाकांत मिश्रा ने कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में लोक अदालत किसी परिचय की मोहताज नहीं है। इस लोक अदालत में कुल पांच बेंचों के माध्यम से कुल 23 वादो का निष्पादन किया गया। मौके पर गुलाम हैदर, राकेश चंद्रा, गौतम कुमार, प्रज्ञा बाजपाई, शिवांगी प्रिया, ज्योत्सना पांडेय, नमिता मिंज मुंसिफ मिथिलेश कुमार, रणजीत कुमार सिंह, मूंगा लाल दास, राजेंद्र कुमार, अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, मनोज मिश्रा, रंजीत कुमार, राजीव रंजन, कुमार संजय, महेश्वर कुमार, राजीव कुमार, पीएलवी रविन्द्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### ग्रिजली विद्यालय के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

# दो स्वर्ण सहित चार पदकों के साथ दो खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

आजाद सिपाही संवाददाता




कोडरमा। ग्रिजली विद्यालय ने एक बार फिर खेल जगत में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए जूडो के राज्य स्तरीय मंच पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के जूडो खिलाड़ियों ने कैडेट और जूनियर राज्य जूडो चैंपियनशिप 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल पदक हासिल किये, बल्कि राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर विद्यालय, जिले और राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता उदय मेमोरियल कॉलेज बीएड कॉलेज रांची में आयोजित की गयी। इसमें ग्रिजली विद्यालय से तीन खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने कुल दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अर्जित कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। कैडेट अंडर-17 आयु वर्ग में सचिन कुमार ने 66 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक और आदर्श कुमार ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। जबकि सीनियर अंडर-21 आयु वर्ग में आदर्श कुमार ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक, जबकि अभिषेक कुमार यादव ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। बता दें कि आदर्श कुमार और अभिषेक कुमार यादव ने दोनों आयु वर्गों में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आदर्श कुमार, सचिन कुमार का चयन कैडेट और जूनियर राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप 2025-26 के लिए किया गया है, जो ग्रिजली विद्यालय के खेल इतिहास में महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इस सफलता में जूडो कोच सौरव कुमार पाठक के कुशल प्रशिक्षण, निरंतर मार्गदर्शन और समर्पण की अहम भूमिका रही। विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षक और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासित अभ्यास और आत्मविश्वास का परिणाम है, जो विद्यालय की खेल संस्कृति को और सुदृढ़ करती है। विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने विजेता खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी और विद्यालय सदैव ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता रहेगा। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर निदेशक द्वय मनीष कपिसमे, अविनाश सेठ, सीओओ तनिष्क सेठ, जिला जूडो संघ के सचिव प्रिंस मिश्रा, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेन्द्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, शिल्पी भदानी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल संयोजक सुधांशु कुमार, सीसीए संयोजक राजीव रंजन सिंह, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर प्रीतम हरी ने खिलाड़ियों, उनके कोच सौरव कुमार पाठक, अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ग्रिजली विद्यालय, जिले और राज्य का नाम और अधिक गौरवान्वित करेंगे।

## कैंपियन किड्स एकेडमी में वार्षिक खेल कूद का आयोजन



इचाक (आजाद सिपाही)। मानव विकास द्वारा संचालित कैंपियन किड्स एकेडमी इचाक में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सचिव बीरबल प्रसाद और सरिता द्वारा किया गया। छोटे छोटे बच्चों के बीच कई तरह के खेल कूद प्रतियोगिता जैसे जलेबी रेस, फ्रॉग रेस, स्पेलिंग रेस, कंगारू रेस, डक रेस, पचास मीटर दौड़, सौ मीटर दौड़ आदि में बच्चों काफी उत्साह के साथ भाग लिए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बीरबल प्रसाद द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के उत्साह की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका डिंपल, शबी, स्वीट गोल्ड, पूजा, पूनम, ममता, निवेदिता का सराहनीय योगदान रहा।

## बिजली बिल माफ होने के बाद भी गरीबों को आ रहा है बिल



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत गरीबी और घरेलू उपयोग को बिजली माफ कर दिये जाने के बावजूद भी बड़कागांव के अंबेडकर मोहल्ला निवासी गणेशा राम बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल आ रहा है। झारखंड बिजली बिल निगम लिमिटेड हजारीबाग द्वारा 698 का बिजली बिल गणेश राम को मिला है। बिल दिसंबर माह का है। गणेश राम ने बताया कि एक वर्ष पहले ही वह बिजली विभाग का उपभोक्ता बना था। वह अपने घर में दो बल्ब जलता है। स्थानीय विद्युत कर्मी आकर मुझे बिल दिया मैं उन्हें 6 बिजली बिल जमा कर दिया हूं। गणेश राम का बिजली बिल में सीरियल नंबर 1793 547 है। ज्ञात हो कि झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत गरीब और घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल माफ किये हैं, जिसमें उपभोक्ता 200 यूनिट तक निशुल्क बिजली जला सकते हैं। यह योजना गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों, राशन कार्ड धारकों, और कुछ अन्य शर्तों (सरकारी नौकरी न होना, आयकर न देना) को पूरा करने वालों के लिए है, जिसके तहत 1000 की किस्तें और 200 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ दिया जा रहा है। बिजली विभाग के जे ई प्रदीप प्रजापति ने बताया कि झारखंड में ऊर्जा सचिव नहीं रहने के कारण नवंबर - दिसंबर का किसी भी उपभोक्ता का बिजली बिल माफ नहीं हो रहा है पूरा बिल आ रहा है।

## नावाडीह और गुहदर में लगा योग शिविर



कोडरमा (आजाद सिपाही)। सुबह की शीतल हवा, अनुशासनबद्ध पंक्तियों में बैठी महिलाएं और वातावरण में गूंजता ॐ का मधुर स्वर- कुछ ऐसा ही मनोहारी दृश्य मंगलवार को डोमचांच प्रखंड के ग्राम नावाडीह और ग्राम गुहदर में देखने को मिला, जहां पतंजलि हरिद्वार के तत्वाधान में योग शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर ने न केवल शरीर को सक्रिय किया, बल्कि मन को भी सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। योग शिविर का आयोजन जिला प्रभारी चंद्र लता बरनवाल, राज्य कार्यकारिणी सदस्य कलावती देवी और डोमचांच प्रखंड प्रभारी शकुंतला मेहता के संयुक्त प्रयास से किया गया। आयोजकों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य भारत के हर गांव और हर व्यक्ति तक योग की विद्या पहुंचाकर उन्हें स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। योग को स्वास्थ्यपूर्ण जीवन शैली की उत्कृष्ट क्रिया पद्धति बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि नियमित योग अभ्यास से व्यक्ति न केवल रोगमुक्त रहता है, बल्कि मानसिक और आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ होता है। योग, आयुर्वेद और स्वदेशी को अपनाकर ही समाज और राष्ट्र को समृद्ध बनाया जा सकता है। शिविर में कपालभाति, अनुलोम- विलोम, भस्त्रिका, उज्जायी, भ्रामरी, उद्गीथ प्राणायाम के साथ-साथ उत्तानपादासन, तितली आसन, वज्रासन सहित अनेक योगासन सिखाये गये। विशेष रूप से अनुलोम- विलोम के लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि इससे फेफड़े मजबूत होते हैं और टंड और हृदयाघात जैसी बीमारियों से बचाव होता है। योग शिविर में शामिल सभी बहनों ने योग को अपने नित्य जीवन में अपनाने और स्वस्थ और समृद्ध जीवन जीने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कंचन देवी, सरिता देवी, बसंती देवी, रीना देवी, अंजू, मंजू कुमारी, सविता देवी, बीना देवी, चंपा देवी सहित अनेक महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

## अडानी के खिलाफ चल रहे धरना-प्रदर्शन का भाकपा माले ने किया समर्थन



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव के गोंदलपुरा पंचायत में अडानी कोल ब्लॉक के विरोध में चल रहे धरना प्रदर्शन में भाकपा माले शामिल होकर समर्थन किया। यह धरना प्रदर्शन किसानों द्वारा 1000 दिन से किया जा रहा है। धरना को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भगत ने कहा कि बड़कागांव और गोंदलपुरा कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां के अनाज और सब्जी का उत्पादन होने से झारखंड के जिलों में ही नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और अन्य राज्यों में निर्यात किया जाता है। यहां कोल ब्लॉक स्थापित होने से देश को काफी नुकसान होगा। क्योंकि जब अनाज और सब्जी का उत्पादन ही नहीं होगा तो लोग क्या खायेंगे। अखिल भारतीय किसान सभा के नेता हीरा गुप ने कहा कि भारतीय संविधान में उल्लेख है कि किसी भी हरियाली क्षेत्र में कोयला खदान या फैक्ट्री नहीं खोला जा सकता है, तो यहां अदानी कंपनी जबरदस्ती क्यों कर रही है? आदिवासी संघर्ष मोर्चा के आरडी मांझी ने कहा कि अडानी को आमंत्रित किये गये कोल ब्लॉक को वापस किया जाये, और यहां किसानों को खेती के लिए सहयोग किया जाये। ताकि यह क्षेत्र अनाज और सब्जियों का निर्यात प्रदेश भर में करते रहे। हजारीबाग जिला सचिव पच्चु राणा ने कहा कि बड़कागांव का गुड़ पूरे भारत में मांग है। यहां के किसानों को अच्छा उत्पादन करने में झारखंड सरकार और केंद्र सरकार सहयोग करें। मौके पर कॉ राजेंद्र गोप, हीरा गोप, देवकीनंदन बेदिया, नरेश, बड़ाइक आरडी रोलाल मांझी, पच्चू राणा, आरएन सिंह, आकाश जी, पेरू प्रताप राम, राम कुमार भार्गव, सफदर इमाम, जहीर खान, देवनाथ महतो, विकास महतो, फलेंद्र गंझू, चंद्र कुमार, विक्रम कुमार महतो समेत दर्जनों किसान शामिल थे।

## श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी



पतरातू (आजाद सिपाही)। पीटीपीएस स्थित विधायक के आवासीय कार्यालय में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंगलवार को यजमान रोशन लाल चौधरी ने सह परिवार आचार्य पंडित सत्येंद्र दुबे के द्वारा आवाहित गणपत्यादि देवताओं का पूजन किया। तत्पश्चात सायंकाल में व्यास सत्यप्रकाश तिवारी शंख बाबा के नाम से प्रसिद्ध मुखारविंद से भक्तों को भगवान के वांग्मय विग्रह का श्रवण कराया गया। जिसमें कथा प्रसंग वश सति चरित्र, जड़भरत कथा शिव विवाह, अजामिल प्रसंग, ध्रुव चरित्र का वर्णन किया गया। कथा प्रसंग में व्यास जी ने मनुष्य मात्र की कल्याण के लिए शास्त्रों द्वारा बताये गये आचरण भागवत सेवा, मानव सेवा, समस्त जीव मात्र की कल्याण की अनेक को मार्ग को बताया। कार्यक्रम के दौरान ही बरकाकाना के पुरोहित कृष्ण कांत पाठक को प्रतीक वस्त्र और श्रीमद् भागवत गीता देकर मुख्य जजमान विधायक रौशन लाल चौधरी के द्वारा स्वागत किया गया। कथा संचालन में आचार्य पंडित सत्येंद्र दूबे, पंडित अमृत मिश्रा, पंडित पंकज तिवारी, पंडित राजा तिवारी, पंडित राधेश्याम दुबे सहित अन्य ब्राह्मण सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## इनमोसा के पदाधिकारियों ने आउटसोर्सिंग कंपनी का लिया जायजा



उरीमारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र के उरीमारी परियोजना में इनमोसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह उप महामंत्री विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में बरका सयाल के इनमोसा के पूरी टीम के साथ निरीक्षण किये। तत्पश्चात बरका सयाल क्षेत्र के इनमोसा के साथियों के साथ उरीमारी के एक्सक्यूटिव हास्टल में बैठक की। इस दौरान आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा किये गये कार्य पर गहरी चिंता व्यक्त की, साथ ही उरीमारी के साथियों को भरोसा दिलाया गया कि किसी भी साथी को घबराने की जरुरत नहीं है, इसमें पूरी गलती कंपनी के अधिकारी और सीसीएल प्रबंधन की है। उन्होंने इनमोसा के साथियों को आश्वस्थ किया कि जल्द ही डीटी साहब और डायरेक्टर ऑफ माइन सेफ्टी अजित कुमार से मिलकर दुर्घटना होने के सभी कारणों को उनके समक्ष रखेंगे ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटना ना हो। मौके पर सीसीएल के सहायक सचिव हेमंत, कुज्जू के क्षेत्रीय सचिव प्रदीप राम, बरका सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष विकास कांत सिन्हा, क्षेत्रीय सचिव हरेन्द्र कुमार सिंह, उरीमारी अध्यक्ष अमित कुमार राय, सचिव श्रवण कुमार, सयाल सचिव गिरजा शंकर सिंह, बिरसा सचिव अनूप कुमार, भुरकुंडा सचिव शशि रंजन कुमार, संदीप कुमार सिंह, बिनोद भगत, गुप्तेश्वर कुमार, जे पी मेहता, बिनोद सिंह, महेश प्रसाद उपस्थित थे।

## मांडू विधायक निर्मल महतो ने बांटे कंबल



कुजू (आजाद सिपाही)। मांडू विधायक निर्मल महतो ने मंगलवार को मुरपा स्थित आवासीय कार्यालय में कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि नरेश महतो और संचालन आजसू जिला उपाध्यक्ष लालचंद महतो ने की। इस दौरान विधायक निर्मल महतो ने क्षेत्र में लगातार बढ़ते ठंड को देखते हुए कुजू पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी पंचायत के 251 बुजुर्ग, असहाय, विधवा, दिव्यांग जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण की। इस अवसर पर विधायक निर्मल महतो ने कहा कि विधानसभा वासियों की सुरक्षा देना और विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र की जनता हमारे लिए सर्वोपरि है। उन्होंने बढ़ते ठंड को देखते हुए विस के सभी प्रखंड में जरूरतमंदों को कंबल देने की बात कही। जिससे कोई भी जनता ठंड से नही मरेंगे। वहीं, चुनाव में किये गये वायदे अनुरूप कार्य जारी है। उन्होंने मकर संक्रांति के बाद छह प्रखंड में नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा चालू कराने की घोषणा की। इससे पूर्व, आगत अतिथियों का स्वागत फूल माला पहना कर किया गया। इस अवसर पर विधायक निजी सचिव जयकिशोर महतो, पंकज सिंह, सरिता सिंह, कुमारी नीलम, रेखा देवी, जगदीश आडवाणी, विकास चंद्र पटेल, अनिल बैदिया, कुलदीप प्रसाद, राजू साव, मुकेश महतो, पंचित महतो, अमित ठाकुर, अमनदीप महतो, युगेश महतो, कुलेश्वर महतो, आशा देवी, ओमप्रकाश पटेल, मेडी समेत कई ग्रामीण शामिल रहे।

## बिहार फाउंड्री के कर्मी ने कंपनी को लगाया 1.90 करोड़ का चूना, मामला दर्ज



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के इंडस्ट्रियल एरिया में स्थापित बिहार फाउंड्री कंपनी को उसके ही कर्मचारी ने 1.90 करोड़ का चूना लगा दिया है। इस मामले की जानकारी जब कंपनी के वरीय पदाधिकारी को लगी, तब तक काफी देर हो चुकी थी। कंपनी के कर्मचारी बंटी कुमार ने आराध्या ट्रेडर्स के साथ मिलकर इतना बड़ा घोटाला किया है। इस मामले में कंपनी के जनरल मैनेजर एडमिनिस्ट्रेशन सिंधुराज सिंह ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मंगलवार को रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने भी जांच शुरु कर दी है। फिलहाल कंपनी के कर्मचारी बंटी कुमार, कुजू के डटमा मोड़ की कंपनी आराध्या ट्रेडर्स के मालिक और पार्टनर तथा आराध्या ट्रेडर्स को लेकर कोऑर्डिनेट कर रहे सिंकू खान को अभियुक्त बनाया गया है। कंपनी के जीएम ने पुलिस को बताया कि अपने पद का लाभ उठाते हुए कर्मचारी बंटी कुमार ने आराध्या ट्रेडर्स को लाभ पहुंचाने का काम किया। कर्मचारी ने उच्च श्रेणी के लौह अयस्क पेलेट्स की चोरी को सुविधाजनक बनाने के लिए आराध्या ट्रेडर्स के साथ आपराधिक साजिश रची। उसने जानबूझकर इस उच्च मूल्य वाली सामग्री को निम्न-श्रेणी की सामग्री के रूप में गलत तरीके से वर्गीकृत किया। ताकि कंपनी को धोखा दिया जा सके और बाहरी पक्षों को बाजार मूल्य के एक अंश पर अधिक लागत वाली सामग्री प्राप्त कराई जा सके। कंपनी की अंदरूनी जांच में यह पता चला कि निरंतर इस प्रक्रिया के कारण बीएफसीएल को लगभग 1.90 करोड़ रुपये का भारी वित्तीय नुकसान हुआ है। साथ ही प्रतिष्ठा को भी भारी क्षति पहुंची है।

# प्राइम हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत, हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के कैथा स्थित प्राइम हॉस्पिटल में मंगलवार को इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गयी। इस घटना के विरोध में परिजनों ने जमकर हंगामा किया। मृतका के परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की। साथ ही चिकित्सकों पर भी गलत इलाज करने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार कुजू ओपी क्षेत्र के बोंगाबार सांडी निवासी सरिता देवी पति स्वर्गीय भोला साव को सोमवार की शाम प्राइम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। सरिता देवी को गोल्ड ब्लाडर में पथरी होने की शिकायत थी। जिसकी वजह से उसे लगातार पेट में दर्द रह रहा था। परिजनों ने ऑपरेशन के लिए सरिता देवी को अस्पताल में भर्ती कराया। ऑपरेशन के दौरान ही सरिता देवी की मौत हो गयी। इसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

**ऑपरेशन थिएटर और आइसीयू में हुई तोड़फोड़ :** सरिता देवी के मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। प्राइम हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर और आइसीयू में जमकर तोड़फोड़ की। इसके बाद बाहर रखे कुर्सियों को भी परिजनों ने तोड़ डाला। मृतका सरिता देवी के पुत्र दीपक कुमार साहू ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया। उसने कहा कि उसकी मां को कभी भी हृदय रोग की शिकायत नहीं थी। लेकिन डॉक्टर ने ऑपरेशन के दौरान कार्डियक अरेस्ट होने की बात कही। उसे यह बात पच नहीं रही है।

**चिकित्सक ने बताई कार्डियक अरेस्ट की बात :** सरिता देवी का ऑपरेशन कर रहे डॉक्टर दिनेश ने पूरी बात सामने रखी। उन्होंने कहा कि पथरी का तीन ऑपरेशन मंगलवार को हुआ। दो ऑपरेशन सफल रहे। तीसरा ऑपरेशन सरिता देवी का असफल रहा। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक सर्जरी से पथरी का ऑपरेशन किया जा रहा था। शुरूआत में ही सरिता देवी के बॉडी ने रेस्पॉन्ड करना बंद कर दिया। ऑपरेशन के शुरूआती दौर में ही उन्हें कार्डियक अरेस्ट हुआ। इसके बाद उन्हें बचाने के सारे उपाय लगभग 1 घंटे तक अपनाये गये, लेकिन सफलता नहीं मिली। परिजनों को संतुष्टि के लिए पोस्टमार्टम करने का भी सुझाव दिया गया है।

### रामगढ़ में ग्रामीण पत्रकारों के लिए वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन

# विकसित भारत के लक्ष्य के लिए नशा मुक्त समाज अनिवार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ में मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों के लिए वातार्लाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका विषय विकसित भारत के संदर्भ में नशा मुक्ति का महत्व था। कार्यक्रम के पहले चरण के स्वागत व विषय प्रवेश संबोधन में पत्र सूचना कार्यालय, रांची के कार्यालय प्रमुख राजेश सिन्हा ने भारत सरकार के द्वारा नशा विरोधी विभिन्न कार्यों और योजनाओं की जानकारी देते हुए पत्रकारों से अपील की कि इन जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचायें। प्रधानमंत्री के विकसित भारत मिशन के प्रावधानों का जिक्र करते उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति समाज के निर्माण में पारिवारिक माहौल, सामाजिक मूल्यों और नैतिकता की सही समझ की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब समाज का प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवा, नशे से दूर रहे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, रांची इकाई से सहायक निदेशक राणा प्रताप यादव ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं में नशे की प्रवृत्ति एक गंभीर चुनौती के रूप में उभर रही है। इसी क्रम में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, रांची इकाई के अधीक्षक शारिक उमर ने झारखंड में नशा नियंत्रण की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राज्य में लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। दूरदर्शन समाचार इकाई, झारखंड के प्रमुख और सहायक निदेशक दिवाकर कुमार ने स्थानीय सामाजिक परिवेश में नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए पत्रकारों से अपील की कि वे सरकार की नशा मुक्ति पहल को जनसामान्य तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभायें। कार्यक्रम के अंत में दूरदर्शन समाचार संपादक सह क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर ने अपने निष्कर्ष संबोधन सह धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि वातार्लाप जैसे संवाद कार्यक्रम सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक सरकार की योजनाओं और अभियानों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने नशा मुक्त युवा पीढ़ी को विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अनिवार्य बताया। कार्यक्रम में मौजूद सभी पत्रकारों ने आयोजन की सराहना करते हुए सरकार की योजना और अभियान को जनसाधारण तक पहुंचाने के लिए अपनी अहम भूमिका निभाने की बात कही। कार्यक्रम में पत्र सूचना कार्यालय से प्रिंस कुमार, शिवानी कुमारी केसरी और शिवेंद्र नाथ तिवारी उपस्थित भी रहे।

## महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनी

**रामगढ़(आजाद सिपाही)। शहर के बाजार समिति स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती धूमधाम और श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। इस दौरान विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में श्री रामानुजन के जीवन परिचय, उनके संघर्षपूर्ण जीवन, गणित के क्षेत्र में दिये गये अतुलनीय योगदान और उनकी अद्भुत प्रतिभा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद श्री रामानुजन ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर विश्वभर में भारत का नाम रोशन किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भी भाषण और विचार प्रस्तुति के माध्यम से श्रीनिवास रामानुजन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से उनके जीवन से प्रेरणा लेकर निरंतर अध्ययन, अभ्यास और नवाचार की भावना विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा यह संकल्प लिया गया कि छात्र-छात्राएं महान वैज्ञानिकों एवं गणितज्ञों के जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।**

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी इशान ने जीता मैडल, प्रबंधन ने दी बधाई

**ईशान इसी प्रकार नवाचार की दिशा में कार्य करें, विद्यालय करेगा पूरा सहयोग : हरजाप**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** राज्य शिक्षा और साक्षरता मिशन झारखंड के तत्वावधान में रांची में आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शन सह प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में रामगढ़ के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के कक्षा नवी के छात्र ईशान सलूजा ने मेडल प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता रांची के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय बरियातू में आयोजित की गयी थी। जिसमें राज्य भर के विद्यार्थियों ने अपने-अपने प्रदर्शनी के साथ प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में कुल प्रतिदर्श की संख्या 36099 थी। जिनमें से 134 को अंतिम पड़ाव अर्थात राज्य स्तर तक पहुंचने का अवसर मिला। इशान सलूजा ने जिला स्तर पर प्रतियोगिता जीतकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने स्मार्ट बस बनाकर निर्णायक मंडली और उपस्थित अतिथियों की वाह वाही बटोरी। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ईशान सलूजा को 10 हजार और मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान कर-के प्रोत्साहित किया गया। निर्णायक मंडली ने ईशान के इस प्रदर्शन पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह एक होनहार विद्यार्थी है और उनके अंदर असीम संभावनाएं छुपी हुई है। ईशान के इस हुनर को पहचान कर उनके मार्गदर्शक और शिक्षक सुबोध कुमार उपाध्याय ने उनकी सहायता की थी।

ईशान की इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा ईशान आगे भी इसी प्रकार नवाचार की दिशा में कार्य करें विद्यालय उनका पूरा सहयोग करेगा।

ईशान को बधाई देने वालों में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, विद्यालय प्रबंधक समिति सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरिंदर पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरिंदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार नरेंदर पाल सिंह गुजराल, सरदार पुषविंदर पाल सिंह, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी, सरदार करमजीत सिंह जग्गी आदि शामिल है।

# आलोक स्टील कंपनी के खिलाफ सीएम सख्त, डीसी ने बिठायी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिले में रुंगटा ग्रुप की कंपनी हमेशा चर्चे में रही है। अवैध कारोबार हो या प्रदूषण, हर मामले में कंपनी के खिलाफ मामला उजागर होता ही रहा है। इस बार रुंगटा ग्रुप की कंपनी आलोक स्टील के खिलाफ झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सख्त रवैया अपनाया है। प्लांट के इर्द-गिर्द फैल रहे प्रदूषण को लेकर मुख्यमंत्री ने अपनी बर्दाश्त की सीमा उजागर की। उन्होंने रामगढ़ डीसी को तत्काल कार्रवाई कर सूचित करने का निर्देश दिया। स्थानीय ग्रामीण सुरेंद्र नामक युवक ने एक वीडियो बनाया। वीडियो में उसने दिखाया कि रामगढ़ का आलोक स्टील इंडस्ट्री कैसे प्रदूषण फैला रहा है। रूंगटा की यह फैक्ट्री जहां पर है, वहां के आस-पास झाड़ियों व पेड़-पौधों पर राख जमा हुआ है। फैक्ट्री के प्रदूषण से खेती को बहुत ज्यादा नुकसान हो रहा है। वीडियो में उसने राख को उड़ा कर भी दिखाया। सुरेंद्र के इस वीडियो को अशोक दानोदा नामक एक्स अकाउंट से पोस्ट किया गया। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस पोस्ट को री-ट्वीट कर रामगढ़ के डीसी को कार्रवाई का आदेश दिया है।

**सोशल मीडिया पर यह लिखा गया**

**एक्स पर वीडियो के साथ लिखा गया है कि आलोक स्टील प्लांट केवल स्टील नहीं बना रहा है, बल्कि अपने आस-पास जंगल और खेतों को खाद भी दे रहा है। लेकिन देश विरोधी उसको प्रदूषण बोल रहे हैं। जैसे दिल्ली वाले फॉग को प्रदूषण बोल रहे हैं। मीडिया को अपने-अपने पत्रकारों को एक महीने के लिए वहां भेजना चाहिए। इस संदेश पर सीएम ने लिखा कि यह स्थिति बिल्कुल बर्दाश्त के काबिल नहीं है। रामगढ़ के डीसी तत्काल इस मामले में कार्रवाई करके सूचना दें।**

**रामगढ़ डीसी ने बिठाई जांच**

मुख्यमंत्री का ट्वीट देखकर रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने माइनिंग विभाग के अलावा प्रदूषण विभाग और मांडू अंचल अधिकारी को जांच करने का जिम्मा सौंपा है। प्लांट के इर्द-गिर्द फैले प्रदूषण को लेकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

## विभागीय कर्मियों की अनुपस्थिति से बोधाडीह पंचायत शिविर में ग्रामीणों के कार्य रहे अधूरे



कुंदा (आजाद सिपाही)। सुशासन सप्ताह 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को बोधाडीह पंचायत में प्रशासनिक शिविर का आयोजन किया गया। हालांकि, शिविर में कई महत्वपूर्ण विभागों के कर्मियों की अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और उनके अधिकांश कार्य अधूरे रह गये। शिविर के दौरान प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि पशुपालन, मनरेगा, अंचल, कृषि और शिक्षा विभाग के संबंधित कर्मचारी शिविर में उपस्थित नहीं थे। इन विभागों से जुड़े कार्यों के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे, लेकिन कर्मियों के न आने से लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा। प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती ने इस लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, लेकिन विभागीय कर्मियों की गैर–हाजिरी से योजना का उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इस संबंध में उपायुक्त महोदय से कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे शिविरों में सभी विभागों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित हो सके।

## बाल विवाह, अपराध, अफीम की खेती रोकथाम और सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान




चतरा (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देश पर मंगलवार को महिला थाना प्रभारी सुषमा कुमारी निर्भया शक्ति उषा कुमारी सुषमा खलखो के द्वारा शहर के इन्दुमती टिबड़ेवाल, सरस्वती विद्या मंदिर में जाकर उपस्थित छात्रो को महिला से संबंधित मामले जैसे बाल विवाह, लैंगिक अपराधों, घरेलु हिंसा, महिला उत्पीडन से संबंधित जानकारी दी गयी। डायल 112 के बारे में जानकारी दी गयी कि यदि किसी भी प्रकार की घटना होती है तो इसकी सूचना तुरंत 112 में दी जाये, साथ ही साथ सडक सुरक्षा और सडक सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करने हेतु जानकारी दी गयी। साईबर अपराधो से संबंधित मामलो के लिए डालय 1930 के बारे में जानकारी दी गयी और साईबर अपराध से बचने के लिए जानकारी दी गयी।

## झामुमो की बैठक में लिये गये कई निर्णय



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक विनोद किस्कू और संचालन संयोजक सदस्य विनोद कुमार महतो ने किया। इस दौरान बैठक में संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान चलाने और नगर परिषद चुनाव में उम्मीदवारों के नामों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक विनोद किस्कू ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए अगले सप्ताह से नगर परिषद क्षेत्र के सभी 32 वार्डो में सम्मेलन किया जायेगा। साथ ही वार्ड के सशक्त उम्मीदवार का चयन कार्यकर्ताओं की रायसुमारी के बाद सर्वसम्मति से किया जायेगा। इसके बाद सभी वार्डो में सम्मेलन करवाने के बाद नगर परिषद अध्यक्ष के उम्मीदवार का सर्व समिति से चयन किया जायेगा, जिसकी तिथि जल्द घोषित की जायेगी। बैठक में पूर्व जिला उपाध्यक्ष आजाद अंसारी, महेश ठाकुर, मुरलीधर कोठारी, साजिद अंसारी, अरुण बनर्जी, युगेंद्र यादव, नरेश हांसदा, मुमताज मंसूरी, जग्गू करमाली, अफरोज आलम, उदय मालाकार, सुशील कुमार, सुरेश मुंडा, वारिस अहमद, तनवीर आलम, मुमताज अंसारी, बिट्टू खान, कमलेश पांडे, अरविंद नायक, दुबराज पाहन, चंद्र मोहन गंझू, शिवलाल हांसदा, श्याम करमाली, किशन किस्कू, मंटू मुंडा, रामकुमार महतो, राजेंद्र महतो, रफीउल्लाह अंसारी आदि उपस्थित थे।

## बंधक बनाकर लाखों की संपत्ति लूट ली

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ थाना क्षेत्र में एक बार फिर डकैतों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। डकैतों ने घरवलों को बंधक बनाकर लाखों रुपये के जेवर लूट लिये। इस मामले में घर के मालिक आकाश कुमार ने मंगलवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि सोमवार की रात को कोठार स्थित परमहंस बीएड कॉलेज के समीप अपने घर में घुसे। इस दौरान चार डकैत अपना चेहरा ढंक कर उनके साथ घुसे। इस दौरान उनकी पत्नी मनीषा और मां मीना देवी घर में ही थी। सभी को डरा धमका कर हॉल में रखा गया। इसके बाद तीन जोड़ा पायल, सोने का मंगलसूत्र, तीन सोने का नथिया, एक सोने का सोने का झुमका, एक छोटा फोन, स्कूटी और बुलेट की चाबी, नगद 20 हजार लेकर सभी फरार हो गये। रामगढ़ थाना पभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने बताया कि पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है।


**AFFIDAVIT**



As per Affidavit Ref. no. 2567, Date : 10.12.2025, I, **Sunita Devi** W/o Vikash Kumar, aged about 21 years, by faith-Hindu, Nationality-Indian, resident of Village-Bagro, P.O.-Bagro, P.S.-Domchanch, District-Koderma, State-Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That I am resident of the aforesaid address. 2. That my Aadhaar Card No. is 7825 7062 4699. 3. That my name mentioned in Aadhaar Card No.-7825 7062 4699 is **Sunita Devi** but my name mentioned in Bank Passbook of Bank of India Inderwa bearing A/C No. 489410510001276 is Sunita Kumari. 4. That **Sunita Devi** @ **Sunita Kumari** is my name and I am known by both the name in my locality. 5. That above both the names belongs to me is one and same person. 6. That in above said Bank Passbook my name **Sunita Kumari** be deleted and in its place my name **Sunita Devi** be inserted. 7. That all the contents made in this affidavit are true and correct. If found false, I shall be liable,

# भारत की न्यूजीलैंड से डील

अमेरिकी नीतियों की वजह से दबाव का सामना कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए न्यूजीलैंड के साथ हुआ मुक्त व्यापार समझौता राहत की खबर है। हाल में कई दूसरे देशों के साथ भी सहमति बनी है। ये समझौते अमेरिकी टैरिफ विवाद से बने नकारात्मक माहौल को दूर करने में तो मदद करेंगे ही, इनसे वॉशिंगटन के साथ प्रस्तावित डील में भी नयी दिल्ली का पक्ष भारी रहेगा। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की इस साल मार्च में भारत यात्रा के दौरान ट्रेड डील पर बात शुरू हुई थी। दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों की औपचारिक शुरुआत भारत की आजादी के कुछ साल बाद ही हो गयी थी, लेकिन द्विपक्षीय व्यापार अब भी बेहद कम है। 2023 में यह 1.75 अरब डॉलर था और पिछले साल 2.07 अरब डॉलर। ट्रेड एग्रीमेंट से व्यापार को अगले पांच साल में दोगुना करने का लक्ष्य तय किया गया है। साथ ही, सर्विसेज, गुड्स, इन्वेस्टमेंट में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है। न्यूजीलैंड खेती में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के लिए जाना जाता है। ट्रेड डील से उसकी उन्नत कृषि तकनीक तक पहुंच आसान होगी। महत्वपूर्ण है कि डेयरी सेक्टर में कोई छूट नहीं दी गयी है और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने साफ किया है कि इस क्षेत्र में समझौता संभव नहीं।

**न्यूजीलैंड खेती में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के लिए जाना जाता है। ट्रेड डील से उसकी उन्नत कृषि तकनीक तक पहुंच आसान होगी। महत्वपूर्ण है कि डेयरी सेक्टर में कोई छूट नहीं दी गयी है और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने साफ किया है कि इस क्षेत्र में समझौता संभव नहीं।**

अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में जिन वजहों से देर हो रही है, उनमें कृषि और डेयरी सेक्टर शामिल हैं। हाल में भारत की तरफ से व्यापारिक समझौतों में तेजी आयी है। पिछले हफ्ते ओमान के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीइपीए) हुआ था। दोनों देश इसे तीन महीने के भीतर लागू करना चाहते हैं। इसके बाद ओमान को भारत का 99% से ज्यादा निर्यात टैरिफ फ्री हो जायेगा। इसी तरह, दिसंबर की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन की यात्रा के दौरान मॉस्को और नयी दिल्ली ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने पर सहमति जताई थी। भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड एग्रीमेंट पर अब भी बातचीत जारी है। पीयूष गोयल ने वार्ता को एडवांस्ड स्टेज में बताया है। दोनों देश इसे जल्द अंजाम तक पहुंचाना चाहते हैं। इससे निर्यात क्षेत्र के साथ भारतीय शेयर बाजार को भी राहत मिलेगी। आशा है कि यूरोपीय यूनियन, इस्राइल, कनाडा के साथ भी प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बात तेजी से आगे बढ़ेगी। इनसे भारतीय निर्यात में विविधता आयेगी और विदेशी बाजारों में हमारे निर्यातकों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बेहतर होगी।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री महामहिम क्रिस्टोफर लक्सन द्वारा संयुक्त रूप से घोषित यह समझौता, मोदी सरकार किया गया सातवां एफटीए है और 2025 का तीसरा प्रमुख व्यापार समझौता है, जो ब्रिटेन और ओमान के साथ हुए ऐतिहासिक, लाभकारी समझौतों के बाद हुआ है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये सभी एफटीए विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ हैं, जिनकी प्रति व्यक्ति आय भारत से काफी अधिक है। यह एफटीए वैश्विक व्यापार वार्ताओं में भारत की बढ़ती शक्ति और विश्वसनीयता को रेखांकित करता है।**

# भारत के नये मुक्त व्यापार समझौते से खेत से लेकर कारखाने तक रोजगार और समृद्धि बढ़ेगी



**पीयूष गोयल**



भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यापार कूटनीति में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम को प्रतिबिंबित करता है - यह रोजगार सृजन को तेज करता है, निवेश को बढ़ावा देता है और भारत के छोटे व्यवसायों, छात्रों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए परिवर्तनकारी अवसरों के द्वार खोलता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री महामहिम क्रिस्टोफर लक्सन द्वारा संयुक्त रूप से घोषित यह समझौता, मोदी सरकार किया गया सातवां एफटीए है और 2025 का तीसरा प्रमुख व्यापार समझौता है, जो ब्रिटेन और ओमान के साथ हुए ऐतिहासिक, लाभकारी समझौतों के बाद हुआ है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये सभी एफटीए विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ हैं, जिनकी प्रति व्यक्ति आय भारत से काफी अधिक है। यह एफटीए वैश्विक व्यापार वार्ताओं में भारत की बढ़ती शक्ति और विश्वसनीयता को रेखांकित करता है।

प्रत्येक समझौते पर सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद वार्ता की गयी है, जिससे संतुलित परिणाम सामने आये हैं और विकसित दुनिया के साथ वास्तविक लाभकारी सहभागिता सुनिश्चित हुई है।

**न्यूजीलैंड के लिए यह भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में एक बड़े छलांग का प्रतीक है।**

**रोजगार, विकास और बाजार पहुंच :** इस एफटीए का एक केंद्रीय स्तंभ रोजगार सृजन है। न्यूजीलैंड भारतीय निर्यात की शत-प्रतिशत पहुंच के लिए शून्य-शुल्क की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे भारत के श्रम-गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र, चमड़ा, परिधान, जूते, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प और इंजीनियरिंग वस्तुओं को अत्यधिक बढ़ावा मिलेगा। इसका सीधा लाभ भारतीय श्रमिकों, कारीगरों, महिला उद्यमियों, युवाओं और एमएसएमइ क्षेत्र को मिलेगा। भारत ने अपनी बाजार पहुंच और सेवाओं की पेशकश को भी सुरक्षित किया है, जिसमें दूरसंचार, निर्माण, आइटी, वित्तीय सेवाएं, यात्रा और पर्यटन समेत 118 सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया है। यह विस्तारित पहुंच, भारतीय पेशेवरों और व्यवसायों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार और विकास के नये अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगी।

**पेशेवरों, छात्रों और युवाओं के लिए अवसर :** इस समझौते में भारतीय पेशेवरों और छात्रों के लिए प्रवेश और रहने के बेहतर प्रावधान हैं। यह समझौता अध्ययन के दौरान काम करने के अवसर, अध्ययन के बाद रोजगार और एक सुव्यवस्थित कार्य-अवकाश (वर्किंग-हॉलिडे) वीजा व्यवस्था को सक्षम बनाता है। एसटीइएम स्नातक और परास्नातक अब तीन वर्षों तक काम कर सकते हैं, जबकि डॉक्टरेट शोधकर्ता चार वर्षों तक काम कर सकते हैं, जिससे भारत के युवाओं के लिए अभूतपूर्व वैश्विक अनुभव और कैरियर के मार्ग खुलते हैं। एक नया अस्थायी रोजगार प्रवेश वीजा उन कुशल भारतीय पेशेवरों का समर्थन करता है, जो अंतरराष्ट्रीय अवसरों की तलाश में हैं।

**किसानों की तरक्की :** प्रधानमंत्री मोदी का विजन स्पष्ट है: भारतीय किसानों को वैश्विक मंच पर सार्थक भूमिका निभानी चाहिए। एफटीए इस प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। इस समझौते के तहत सेब, कीवी और शहद को शामिल करते हुए एक कृषि उत्पादन साझेदारी स्थापित की गई है, जिसका उद्देश्य घरेलू उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाना है। न्यूजीलैंड ने बासमती चावल के लिए जीआइ स्तर सुरक्षा देने की भी प्रतिबद्धता जताई है, जिससे भारतीय चावल किसानों को मजबूत समर्थन मिलेगा। महत्वपूर्ण रूप से भारत ने सुनिश्चित किया है कि चावल, डेयरी, गेहूं, सोया और अन्य प्रमुख कृषि उत्पाद जैसे संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह से सुरक्षित रहें और किसी भी बाजार के खुलने से घरेलू आजीविका को कोई नुकसान ना पहुंचे।

**अभिनव एफटीए और निवेश प्रतिबद्धताएं :** भारत के एफटीए आज सिर्फ शुल्क-कटौती से कहीं आगे बढ़ गये हैं। ये एफटीए किसान, एमएसएमई, महिलाओं और युवाओं के लिए नए अवसर खोलने के उपाय हैं, साथ ही ये राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा भी करते हैं। विभिन्न व्यापार समझौतों से भारतीय निर्यात तत्काल या तेज शुल्क उन्मूलन के जरिये लाभान्वित होता है, जबकि भारत के अपने बाजार का खुलना सोच-समझ कर और धीरे-धीरे हो रहा है। न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में 20 बिलियन डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रतिबद्धता जतायी है, जो भारत के इएफटीए देशों - स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टाइन के साथ हुए एफटीए के निवेश से जुड़े अभिनव प्रावधानों को दर्शाता है। न्यूजीलैंड के लिए यह भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में एक बड़े छलांग का प्रतीक है। पिछले 25 वर्षों में, न्यूजीलैंड ने भारत में लगभग 643 करोड़ रुपये का निवेश किया है। नयी प्रतिबद्धता - अगले 15 वर्षों में लगभग 1.8 लाख करोड़ रुपये - एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें निवेश लक्ष्यों को पूरा न करने पर दुबारा पूरा करने की व्यवस्था का प्रावधान है। इस निवेश का अधिकांश हिस्सा कृषि, डेयरी, एमएसएमइ, शिक्षा, खेल और युवाओं के विकास का समर्थन करेगा, जिससे व्यापक और समावेशी विकास सुनिश्चित होगा।

**भारत का पहला महिला-नेतृत्व वाला एफटीए :** यह समझौता एक ऐतिहासिक उपलब्धि है: यह भारत का पहला महिला-नेतृत्व वाला एफटीए है। वार्ता करने वाली पूरी टीम के सदस्यों में - मुख्य वार्ताकार और उपमुख्य वार्ताकार से लेकर वस्तु, सेवा, निवेश की प्रतिनिधि और न्यूजीलैंड में हमारी राजदूत तक - अधिकांश महिलाएं थीं। हमारी सक्षम महिलाएं प्रधानमंत्री के विकास एजेंडा में नेतृत्व भूमिका निभाने लगी हैं।

**भारत की एफटीए रणनीति :** भारत-न्यूजीलैंड एफटीए भारत की स्पष्ट रणनीति का उदाहरण है: विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ साझेदारी करना, जो भारतीय उत्पादों के साथ अनुचित प्रतिस्पर्धा किये बिना भारत के श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए अपने बाजार खोलती हैं। मोदी सरकार के तहत हुए व्यापार समझौते मात्र लेन-देन नहीं हैं–ये अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और भारतीयों, विशेष कर सबसे गरीब लोगों, के जीवन को बेहतर बनाने के व्यापक मिशन का हिस्सा हैं। इस रणनीति ने भारत के 2014 के 'कमजोर पांच' में से एक होने की स्थिति को बदल दिया है, अब देश वैश्विक विकास का इंजन और वैश्विक स्तर पर व्यापार और निवेश का पसंदीदा साझेदार बन गया है। आज भारत आत्मविश्वास और ताकत के साथ वार्ता करता है तथा यह सुनिश्चित करता है कि कृषि, डेयरी और अन्य संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित रहें और समझौते केवल तभी किए जायें, जब वे पारस्परिक लाभ प्रदान करते हों।

**व्यापार शासन में बदलाव :** भारत का वर्तमान दृष्टिकोण अतीत की तुलना में बहुत अलग है। पहले की व्यापारिक नीतियां अक्सर पर्याप्त परामर्श के बिना, भारतीय बाजारों को सस्ते आयात के जोखिम में डाल देती थीं। छोटे व्यवसायों और नौकरियों को खतरे में डालती थीं। प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व ने वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा, विश्वसनीयता और वार्ता शक्ति को बहाल किया है। भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), जिसे भारतीय उद्योग जगत में सराहना मिली है, 2014 के बाद शासन में हुए इस ताजगी भरे बदलाव का परिणाम है। वस्तु, सेवा, निवेश और गतिशीलता को एकीकृत करके और राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा करते हुए, यह समझौता भारत की आधुनिक, समावेशी और संतुलित व्यापार कूटनीति को प्रतिबिंबित करता है। जैसे-जैसे भारत और न्यूजीलैंड आर्थिक एकीकरण को मजबूत कर रहे हैं। यह एफटीए दिखाता है कि व्यापार कैसे बाजार को खोल सकता है और सीमाओं के पार मानव-केंद्रित विकास और साझा समृद्धि प्रदान कर सकता है।

**(लेखक : केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### सरयू राय के सौजन्य से तीन सौ जरूरतमंदों के बीच में कंबल वितरित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय के सौजन्य से मंगलवार को कदमा रामजन्म नगर के फुटबॉल मैदान एवं रामनगर चौक पर 300 जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया गया। इस अवसर पर विधायक जनसुविधा प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा, थाना अध्यक्ष तारक मुखर्जी, जिला सचिव मनोज सिंह, दिनेश सिंह, राजीव निवास, रवि शंकर सिंह, बाबई दास,मुकेश ठाकुर माधव सिंह ,सपा दास, विश्वजीत सिंह राठौड़, अर्जुन सिंह, अरुण गोंडर, टिंकू साव, रवि सिंह, प्रितपाल सिंह,पुष्पा सरदार आदि मौजूद रहे।

### टाटा ओपन 2025 के प्रो-एम इवेंट में जोशुआ सील की टीम बनी विजेता




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा ओपन 2025 के प्रो–एम इवेंट का खिताब युगांडा के पेशेवर गोल्फर जोशुआ सील की टीम ने जीत हासिल की।टीम में शौकिया खिलाड़ी प्रथम चौधरी, गोकुल चौधरी और अजय कुमार मिश्रा शामिल रहे। टीम ने 51.8 स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया।वही विनय कुमार यादव की टीम 54.1 स्कोर के साथ उपविजेता रही। उनकी टीम में अनिल कुमार शुक्ला, आलम नूरी और एमके झा शामिल रहे। इवेंट के अन्य पुरस्कारों में वरुण सोनी ने होल नंबर 8 पर 321 गज की ड्राइव के साथ लॉन्गेस्ट ड्राइव का खिताब जीता। होल नंबर 7 पर शरत कुमार ने होल–इन–वन कर क्लोजेस्ट टू द पिन का पुरस्कार अपने नाम किया। होल नंबर 17 पर मृणाल कांती पॉल ने 8.7 इंच की दूरी पर गेंद रोककर क्लोजेस्ट टू द पिन जीता। वहीं होल नंबर 12 पर मोनिका लुक्टुके ने स्ट्रेटेस्ट ड्राइव का पुरस्कार हासिल किया।

### उद्योग सम्मेलन में एनएटीएस योजना को लेकर किया गया जागरूकता

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** कोलकाता स्थित बोर्ड ऑफ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, ईस्टर्न रीजन की ओर से आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर सभागार में राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना को लेकर उद्योग सम्मेलन का आयोजन किया गया।मंगलवार को आयोजित सम्मेलन का उद्देश्य नए प्रतिष्ठानों को स्नातक व डिप्लोमा उत्तीर्ण युवाओं से जोड़कर उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में आरएसबी ट्रांसमिशन लिमिटेड, रामकृष्णा फोर्जिंग लिमिटेड, श्याम इंटरप्राइजेज, यस टेक्नो लिमिटेड, वेलस्पन सहित 18 से अधिक प्रमुख उद्योगपति ने भाग लिया। इस दौरान शिक्षा और रोजगार के बीच की खायी को पाटने में शिक्षुता की भूमिका पर जोर दिया गया।

### सिटी इन होटल के पास पुलिस ने चलाया 'ऑपरेशन प्रहार', गांजा तस्कर गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** आजादनगर थाना क्षेत्र के पारडीह तामोलीया लिंक रोड स्थित सिटी इन होटल के पास पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करते हुए एक कुख्यात गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के पास से 41 पुड़िया गांजा और 1700 रुपये नकद बरामद किये गये। एसएसपी के निर्देश पर पटमदा डीएसपी बच्चन देव कुजूर के नेतृत्व में विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मंटु सिंह उर्फ फुचु, निवासी मानगो कुमरूम बस्ती बताया।

आरोपी के खिलाफ आजादनगर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है और वह लंबे समय से अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त था। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा है। छापामारी दल में पटमदा पुलिस उपाधीक्षक के अलावा आजादनगर थाना प्रभारी, एसआई जाफर अंसारी, एसआइ श्रीकांत कुमार, एसआई दीपक रौशन, एसआइ ईबर दयाल मुंडा, एएसआइ विजय कुमार दुबे तथा आरक्षी राम किशोर शामिल रहे।

### चोरी की गाड़ी के साथ चालक गिरफ्तार



**गुवा (आजाद सिपाही)।** किरीबुरू थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने चोरी की एक वाहन बरामद करते हुए उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया। बरामद वाहन का पंजीकरण संख्या जेएच 06 एच 5604 है, जिसके चोरी होने का मामला पहले से सदर थाना में दर्ज था। पुलिस ने किरीबुरू निवासी आरोपी दारा सिंह बगवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने के अनुसार क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए एंटी क्राइम चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल नोवामुंडी में स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस मनाया गया



**नोवामुंडी (आजाद सिपाही)।** टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल नोवामुंडी में मंगलवार को स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई, जहां विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत कुमार भूयान सहित शिक्षकों ने स्वामी श्रद्धानंद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सीसीए प्रभारी शिक्षक डीके देव के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भजन प्रस्तुत की। शिक्षक राजेश राम ने स्वामी श्रद्धानंद के जीवन, उनके शिक्षा, स्वतंत्रता संग्राम, शुद्धि आंदोलन और अछूतोद्धार में योगदान पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा स्वामी श्रद्धानंद के विचार आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा आठ के आशीष कुमार ने की। अंत में शांति पाठ और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार का संकल्प : मंगल कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** जुगसलाई नगर परिषद अंतर्गत कन्या उच्च विद्यालय में विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर विधायक ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर अभिभावकों से सीधा संवाद किया।

मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा अभिभावक शिक्षक की बैठक बच्चों की शैक्षणिक प्रगति और सर्वांगीण विकास को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। विधायक श्री कालिंदी ने कहा हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की स्पष्ट संकल्प है हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना। इसके लिए सरकारी विद्यालयों में लगातार संसाधनों और सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है।विधायक ने शिक्षकों से अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करने का आग्रह किया। वहीं अभिभावकों से प्रत्येक बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लेकर बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने की अपील की। इस अवसर पर जुगसलाई नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान, जिला शिक्षा अधिकारी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### शंखनाद 2.0 में विधायक सोमेश ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** कीताडीह स्थित सोनादेवी विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक उत्सव शंखनाद 2.0 उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ।मंगलवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सोमेश चन्द्र सोरेन ने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। विधायक ने कहा शिक्षा ही क्षेत्र के विकास की मजबूत नींव है। उन्होंने अपने दिवंगत पिता व पूर्व विधायक रामदास सोरेन के उस स्वप्न का उल्लेख किया, जिसमें घाटशिला को शिक्षा का केंद्र बनाने की परिकल्पना थी। विधायक ने इस स्वप्न को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास का संकल्प दोहराया। विधायक ने सोनादेवी विश्वविद्यालय को स्थानीय विद्यार्थियों के लिए वरदान बताते हुए कहा अब बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की गई।कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष दुर्गा चरण मुर्मू, वरिष्ठ नेता जगदीश भकत, काजल डॉन, सुशील मार्डी, अम्पा हेंब्रम, सुजय सिंह, सुखलाल हांसदा, सौरभ बोस, अंकुर कवाड़ी सहित झामुमो के कई कार्यकर्ता सहित स्कूल के शिक्षकगण के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 24 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in
07

# बालू के अवैध उठाव पर कार्रवाई, 7 ट्रैक्टर जब्त

**एसडीएम संजय कुमार का देर रात छापेमारी अभियान**

**सीओ, थाना प्रभारी व खनन निरीक्षक को सभी पर विधिक कार्रवाई का करने निर्देश**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** अवैध बालू उठाव और परिवहन से कानून व्यवस्था संबंधी लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सदर एसडीएम संजय कुमार ने एक बार फिर सोमवार देर रात औचक छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान कोयल व दानरो नदी से अवैध रूप से बालू उत्खनन एवं परिवहन करते हुए आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों को पकड़कर जब्त किया गया तथा सभी को गढ़वा थाने के सुपुर्द कर दिया गया।

शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए सदर एसडीएम ने सोमवार देर रात सर्वप्रथम फोरलेन बाइपास स्थित अचला के पास छापेमारी कर तीन ट्रैक्टरों को अवैध बालू परिवहन करते हुए रुकवाया। इसके बाद उक्त ट्रैक्टरों को गढ़वा थाना लाकर मौके पर थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी एवं खनन निरीक्षक को बुलाकर अग्रेतर कार्रवाई के निर्देश के साथ उनके सुपुर्द किया गया।

इसके उपरांत एसडीएम ने इन सभी अधिकारियों को अपने साथ लेकर चेतना, फरठिया, बेलचंपा के आसपास छापेमारी की, जहां दो ट्रैक्टर अवैध बालू परिवहन करते पकड़े गये। इस दौरान एक ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर भागने में सफल रहा, चालक विहीन इस बालू ट्रैक्टर को एसडीएम ने अपने कर्मियों की सहायता से पकड़कर थाने भिजवाया।

इसके बाद छतरपुर,नवादा, सहेजना, करमडीह क्षेत्र में रात लगभग 1:00 बजे छापेमारी की गई, जहाँ से बालू परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर रंगे हाथों पकड़े गये। इनमें से एक चालक एसडीएम की गाड़ी देखकर सहेजना मेन रोड में बालू गिराकर भागने की फिराक में था, किंतु उससे पहले ही ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया गया।

**3 घंटे चली कार्रवाई :** रात 10:30 बजे से 1:30 बजे तक चले इस विशेष अभियान में अवैध बालू खनन से संबंधित कुल सात ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि सभी मामलों में खनन निरीक्षक द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## एसडीएम ने गेरुआ धान अधिप्राप्ति केंद्र का किया निरीक्षण, विसंगतियां दूर करने का दिया निर्देश

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने मंगलवार को मेराल प्रखंड अंतर्गत गेरुआ धान अधिप्राप्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यहां प्रथम द्दष्टया कुछ विसंगतियां सामने आईं। मौके पर 2000 क्विंटल से अधिक धान का भौतिक स्टॉक पाया गया, जबकि अधिप्राप्ति केंद्र के रजिस्टर में मात्र लगभग 800 क्विंटल धान का ही विवरण अंकित था। भौतिक सत्यापन और अभिलेखीय प्रविष्टियों के बीच इस भारी अंतर को गंभीर मानते हुए एसडीएम ने नाराजगी जताई साथ ही पैक्स अध्यक्ष को तत्काल सभी विसंगतियों को दूर करने का निर्देश देते हुये कहा कि धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया को लेकर पूरी पारदर्शिता रखना सुनिश्चित करेंगे। एसडीएम ने स्पष्ट शब्दों में अनुमंडल क्षेत्र के सभी पैक्स से अपील की कि किसानों का हित सर्वोपरि है और धान अधिप्राप्ति की यह व्यवस्था वास्तविक किसानों के लिए है न कि व्यापारियों और जमाखोरों के लिए। सभी पैक्स में पारदर्शिता एवं प्रबंधन दुरुस्त रखने हेतु समुचित निगरानी रखने के लिए जिला सहकारिता पदाधिकारी को भी मौके से ही बोला गया।

## अभाविप झारखंड प्रदेश के 26वें अधिवेशन की स्वागत समिति घोषित

# डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी बने स्वागत समिति के अध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विनय चौबे मंत्री और धनंजय सिंह बने अधिवेशन संयोजक**

**गढ़वा की धरती आगामी दिनों में एक ऐतिहासिक अध्याय लिखने जा रही है : डॉ याज्ञवल्क्य शुक्ला**

**गढ़वा।** राष्ट्र पुनर्निर्माण और युवाशक्ति के जागरण के संकल्प के साथ कार्यरत 'अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद' (अभाविप) का झारखंड प्रदेश का 26वां प्रदेश अधिवेशन आगामी 26, 27 एवं 28 दिसंबर को गढ़वा की ऐतिहासिक और पुण्यभूमि पर भव्य रूप से आयोजित होने जा रहा है। यह अधिवेशन झारखंड की छात्र-शक्ति, शिक्षा जगत और समाज के बीच संवाद, चिंतन तथा नवदिशा निर्धारण का एक विराट मंच होगा। आज इस अवसर पर अधिवेशन की स्वागत समिति की औपचारिक घोषणा की गयी। समिति में रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को स्वागत समिति अध्यक्ष, अभाविप के पूर्व कार्यकर्ता विनय चौबे को मंत्री तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माननीय जिला सह संघचालक धनंजय सिंह को अधिवेशन संयोजक के रूप में नामित किया गया।

इस अवसर पर अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ याज्ञवल्क्य शुक्ला ने कहा कि, गढ़वा की धरती आगामी दिनों में एक ऐतिहासिक अध्याय लिखने जा रही है। यह अधिवेशन न केवल विद्यार्थियों में वैचारिक जागरण का सूत्रपात करेगा बल्कि झारखंड की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परिदृश्य को दिशा देने वाला मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह अधिवेशन 'लघु झारखंड' का वास्तविक प्रतीक बनेगा, जहां संपूर्ण प्रदेश से आये छात्र प्रतिनिधि और युवा कार्यकर्ता एक साथ विचार-विमर्श करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वागत समिति में जिले के सभी वर्गों – शिक्षक, किसान, उद्यमी, समाजसेवी और बुद्धिजीवी - की सहभागिता यह दशार्ती है कि यह महाअधिवेशन केवल अभाविप का आयोजन नहीं, बल्कि गढ़वा के जन-जन का उत्सव होगा। गढ़वा की इस धरती पर युवाओं का यह संगम राज्य की नई शिक्षा दिशा, नीति और समाज में विद्यार्थियों की भूमिका पर दूरगामी प्रभाव डालेगा। तीन दिवसीय इस वैचारिक महाकुंभ में झारखंड भर से सैकड़ों प्रतिनिधि, कार्यकर्ता, शिक्षाविद् एवं युवा तरुणाई उत्साहपूर्वक भाग लेंगे । अभाविप का यह अधिवेशन केवल आयोजन नहीं, बल्कि झारखंड की युवा चेतना के नवप्रज्जवलन का प्रतीक बनेगा ।

## रोजगार सेवक को दी गाली और धमकी, प्राथमिकी दर्ज

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** अरसली दक्षिणी पंचायत में आयोजित प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में गांव के ही सुनील यादव पिता राजमोहन यादव द्वारा ग्राम रोजगार सेवक के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और मारपीट की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर पीड़ित ग्राम रोजगार सेवक पिनाकी चतुर्वेदी ने बीडीओ के निर्देश पर स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। दिये गये आवेदन में रोजगार सेवक पिनाकी चतुर्वेदी ने उल्लेख किया है कि बीडीओ के पत्रांक 1392, दिनांक 18 दिसंबर 2025 के आलोक में बीते 20 दिसंबर, रविवार को अरसली दक्षिणी पंचायत सचिवालय परिसर में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान गांव के ही सुनील यादव, पिता राजमोहन यादव, सात अभिलेख लेकर पहुंचे और उन पर जबरन अनुशंसा करने का दबाव बनाने लगे। रोजगार सेवक द्वारा स्थल निरीक्षण के बाद अनुशंसा करने की बात कहने पर आरोपी उग्र हो गया और उनके हाथ से ग्रामसभा पंजी छीन लिया। आरोप है कि इसके बाद सुनील यादव ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू होने की धमकी दी। स्थिति बिगड़ते देख रोजगार सेवक ने तत्काल फोन कर घटना की सूचना बीडीओ को दी। घटना के कारण प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम को बीच में ही बाधित करना पड़ा, जिससे पंचायत के ग्रामीणों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। रोजगार सेवक ने आवेदन में अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी रंजनी रजन ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है तथा घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# नामधारी कॉलेज में विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम

**दस प्रतिभागियों का चयन, शिल्पा, रविशंकर तथा रश्मि प्रथम तीन में**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 कार्यक्रम स्थानीय एसएसजेएस नामधारी महाविद्यालय में संपन्न हुआ। इस मौके पर आपातकाल के पचास वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में दस प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एनपी विश्वविद्यालय एनएसएस के समन्वयक डॉ प्रदीप कुमार, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, वरिष्ठ शिक्षक डॉ मनोज पाठक, नोडल पदाधिकारी प्रो कमलेश सिन्हा, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पुष्पा कुमारी, प्रो जेपी भास्कर आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ प्रदीप कुमार ने कहा कि विकसित भारत राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का मुख्य उददेश्य युवाओं को विकसित भारत 2047 के द्दष्टिकोण को आकार देने के लिए एक मंच प्रदान करना है जहां वे राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा कर सकें। उन्होने इसे कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी ने कहा कि देश के विकास में युवाओं की भागीदारी प्रधानमंत्री की बेहतर सोच है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो कमलेश सिन्हा ने कहा भारत को विकसित बनाने में युवाओं कि भूमिका अहम है। वरिष्ठ शिक्षक डॉ मनोज पाठक ने महाविद्यालय में इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार जताया। इस मौके पर आयोजित प्रतियोगिता में शिल्पा साक्षी को प्रथम, रवि शंकर को द्वितीय तथा रश्मि कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं चयनित टॉप टेन में माणिकचंद गुप्ता, रागिनी कुमारी, भागीरथ शुक्ला, चंदन भूषण, सुषमा कुमारी, दीपशिखा पाठक तथा युवराज गुप्ता का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। सबों को मेडल व प्रशस्ती देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका डा. प्रदीप कुमार, पामीर सिंह, विवेकानंद तिवारी, डॉ मनोज पाठक ने निभायी। धन्यवाद ज्ञापन माई भारत एनवाईके युवा अधिकारी पामीर सिंह ने किया।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सेमिनार कक्ष में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित करके किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बीएड, डीएलएड और डिपार्टमेंट आफ लॉ विभाग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। तीनों विभागों का अलग-अलग ग्रुप बनाया गया। छात्र-छात्राओं से महान गणितज्ञ रामानुजन तथा गणित से संबंधित प्रश्न किया गया। इस कार्यक्रम में डिपार्टमेंट आफ लॉ विजेता घोषित हुई। कार्यक्रम में अपने संबोधन में दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ सुनिता गुप्ता ने कहा कि भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन के जन्मदिन को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में डिपार्टमेंट आफ लॉ की उप प्राचार्या किरण श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में उपस्थित प्राध्यापकों में डॉ मनोज कुमार, शशिकांत सिंह यादव, अरविंद तिवारी, आनंद चौबे, सतीश बिंद, रेखा कुमारी, सुनील सिंह, रवि प्रकाश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन रोशन तथा नासरीन के द्वारा किया गया।

# आरकेवीएस में क्रिसमस गैदरिंग

**प्राचार्य डॉक्टर चंद्रदीप पांडे ने कहा कि यह त्योहार हम सब को शांति और स्वभाव का संदेश देता है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** मंगलवार को आरकेवीएस बीएड, डीएलएड महाविद्यालय में क्रिसमस गैदरिंग प्रोग्राम कराया गया। जिसके मुख्य अतिथि महाविद्यालय के निदेशक शिक्षाविद इंजीनियर अलखनाथ पांडेय, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर चंद्रदीप पांडेय, महाविद्यालय के कुलानुशासन प्रमोद कुमार झा, महाविद्यालय के जीबी मेंबर विजय चौबे, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ आशुतोष मिश्रा, अर्थशास्त्र के प्रकांड विदुषी रंजना दुबे जी सभी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर क्रिसमस गैदरिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के निर्देश ने क्रिसमस क्यों मनाते हैं, क्रिसमस कब से मनाते हैं। इस पर प्रकाश डाला उन्होंने ईसा मसीह के जीवन पर भी प्रकाश डाला उन्होंने राजशाही देश की भी चर्चा की और बच्चों को महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर चंद्रदीप पांडे ने कहा कि यह त्यौहार हम सब को शांति और स्वभाव का संदेश देता है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों द्वारा जूही और कश्मीरा के द्वारा वेलकम सॉन्ग प्रस्तुति, चंदन समूह द्वारा क्रिसमस डांस प्रस्तुति, रेनू और पूजा द्वारा झारखंड डांस की प्रस्तुति, प्रियांशी द्वारा राम स्तुति और राम आयेंगे पर गाना प्रस्तुत किया गया। आरोही ग्रुप द्वारा राम सिया राम सॉन्ग और नारी सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला गया संध्या कुमारी द्वारा राधा रानी पर डांस और रीभा और पूजा द्वारा राधे तेरी चुनरी और श्वेता द्वारा सुंदर डांस ढोल नगाड़ा संग बजे का प्रस्तुति किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र जूही काश्मीर अंकित, अरविंद राम मदन कुमार, अभिषेक कुमार, हर्ष धीरज, सोनू रितेश, अशोक कुमार और राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

# जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में संत पॉल स्कूल ने जिला शिक्षा निकेतन को हराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** 24 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में संत पॉल एकेडमी ने जिला शिक्षा निकेतन को 123 रनो से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। वहीं दूसरे मैच आईपीएस पब्लिक स्कूल, रंका बनाम पीएम श्री यूपीजी, डोल के बीच खेला जाना था। दोनों टीम के लोग सीनियर खिलाड़ी लेकर खेलने उतरे जो नियम के विरुद्ध था, जिसके कारण आयोजक टीम ने दोनों टीम को बाहर कर दिया।

जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान मे खेले जा रहे 24वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में मंगलवार को संत पॉल एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 148 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी जिला शिक्षा निकेतन की टीम 26 रन पर ही सिमट गया। परमेश्वरी मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार प्रतियोगिता के सह सचिव प्रिंस सोनी, संजीत कुमार सिन्हा, राजेश कुमार सिन्हा, रिलायंस ट्रेंड्स के सेल्स मैनेजर भूषण कुमार, संजय कुमार और ने पुरस्कृत किया।

सह सचिव प्रिंस सोनी ने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल के नियम का पालन करे। खिलाड़ी अनुशासन का पालन करें और प्रतियोगिता को सफल बनाने में मदद करें। संजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि जब खिलाड़ी मन से खेलते हैं, तो वे अपने खेल का आनंद लेते हैं, और अपने प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करते हैं। राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि खेल खेलने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। रिलायंस ट्रेंड्स के सेल्स मैनेजर भूषण कुमार ने कहा कि खेल खेलने से आत्मविश्वास और आत्मसम्मान बढ़ता है। मौके पर सचिव आनंद कुमार सिन्हा, मनीष उपाध्याय अभिषेक द्विवेदी, आकाश, नमन मोहसिन, रजनीश, नैतिक, अभिनव, अविरल सिन्हा, निपुण, अर्णव आनंद शामिल थे।

## मेराल में 2500 किलोग्राम जावा महुआ और 200 लीटर अवैध महुआ शराब को किया गया नष्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जिला प्रशासन की आमजनों से अपील, अवैध शराब निर्माण और बिक्री की सूचना करें साझा, की जायेगी कार्रवाई**

**मेराल।** आगामी नव वर्ष 2026 को देखते हुए उत्पाद विभाग गढ़वा द्वारा अधीक्षक उत्पाद निर्मल कुमार के नेतृत्व में अवर निरीक्षक उत्पाद निर्मल मरांडी एवं उत्पाद विभाग गढ़वा के समस्त टीम के द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को मेराल थाना अंतर्गत दुलदुलवा पंचायत के चंद्रवंशी टोला, पीड़ापाठ एवं केश्वर खांड जंगल इत्यादि क्षेत्र में अवैध महुआ शराब निर्माण एवं बिक्री के विरोध में छापामारी अभियान चलाया गया, जिसमें करीब 2500 किलोग्राम जावा महुआ एवं 200 लीटर अवैध महुआ शराब को घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में छापामारी टीम द्वारा बताया गया कि छापामारी टीम को देखते ही शराब का अवैध निर्माण व बिक्री करने वाले व्यक्ति भागने में सफल रहें, परंतु उनके द्वारा जमा किए गए अवैध सामग्रियों को जब्त करते हुए नष्ट करने का कार्य किया गया। इस संबंध में अधीक्षक उत्पाद निर्मल कुमार द्वारा बताया गया कि छापामारी स्थल पर भागने में सफल रहे लोगों को चिन्हित करते हुए नियम संगत अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

## अटल बिहारी वाजपेयी जयंती शताब्दी वर्ष 31 दिसंबर तक, होंगे कई कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि भारत रत्न पुर्व प्रधानमंत्री भाजपा के संस्थापक अध्यक्ष श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती को लेकर शताब्दी वर्ष चल रहा है। इस दौरान 24 दिसंबर से लेकर 31 दिसंबर तक अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 24 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी चौक चौराहों एवं जिला कार्यालय में साफ सफाई एवं दीप प्रज्वलित कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसे लेकर भाजपा गढ़वा द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी चौक मझीआंव मोड़ पर दीप प्रज्वलित कार्यक्रम किया जायेगा। 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रुप में मनाया जायेगा। सुशासन दिवस पर अटल बिहारी वाजपेयी का जयंती कार्यक्रम भव्य रूप में जिला कार्यालय और अटल चौक मझीआंव मोड़ पर कार्यक्रम आयोजित कर मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर से 31 दिसंबर के बिच अटल स्मृति सम्मेलन का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी नेता के साथ साथ कवि, लेखक, सहित अनेकों क्षेत्र में उनका योगदान रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी ने देश के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर जन भावनाओं को लेकर काम किया। उनके लंबे संघर्ष के कारण भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी को बट वृक्ष बनाया। अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसे सर्वमान्य नेता थे जिनका विपक्ष भी सम्मान करता था।

# आरके पब्लिक स्कूल मंझिआंव में वार्षिक खेल महोत्सव

**चेयरमैन अलखनाथ पांडेय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और सभी विजेताओं को बधाई दी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मंझिआंव।** आरके पब्लिक स्कूल, उंचरी, मंझिआंव में आज 10वां वार्षिक खेल महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय कुमार, एसडीएम गढ़वा, अलखनाथ पांडेय, चेयरमैन आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, केआर झा, प्राचार्य, पीके झा, प्रशासक तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विद्यालय के छात्राओं ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य केआर झा ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य व्यक्तियों का अभिनंदन किया तथा विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि विद्यालय को हाल ही में सीबीएसई, नयी दिल्ली से वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक की मान्यता प्राप्त हुई है तथा पिछले माह विद्यालय का प्ले स्कूल भी उद्घाटित किया गया। तत्पश्चात उन्होंने खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलायी।

खेल महोत्सव का उद्घाटन रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर किया गया, जो छात्रों की प्रगति और विकास का प्रतीक था। इसके बाद विभिन्न खेल प्रतियोगितायें आयोजित की गईं जिनमें मेंढक दौड़, बिस्किट दौड़, तीन पैरों की दौड़, मगरमच्छ दौड़, केला दौड़, जूता दौड़, बैक रेस, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो आदि शामिल थे।

शिक्षकों और अभिभावकों के लिए भी बैक रेस, मटका फोड़ और म्यूज़िकल चेयर जैसी प्रतियोगितायें आयोजित की गईं, जिनमें उन्होंने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

चेयरमैन अलखनाथ पांडेय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और सभी विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने अभिभावकों और संरक्षकों को यह भी सलाह दी कि वे बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बितायें। मुख्य अतिथि संजय कुमार ने छात्रों के अनुशासन, सांस्कृतिक प्रस्तुति और खेल भावना की सराहना की तथा उन्हें समय प्रबंधन, अनुशासन और सीखने की रुचि बनाए रखने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, विजय चौबे, रौशन कुमार, उपप्राचार्य राजेश कुमार पांडेय, रूपेश कुमार पाण्डेय, प्रीति द्विवेदी, शारिरिक शिक्षक जय गोविंद ठाकुर, सर्वजीत कुमार, बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# रंका बीडीओ ने किया चना बीज का वितरण

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों, प्रखंड कृषि पदाधिकारी संजय कुमार गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, बाहाहारा पंचायत के मुखिया किरण देवी एवं तमगेकला पंचायत के मुखिया रिंकी देवी ने मंगलवार को संयुक्त रूप से सैकड़ों किसानों के बीच चना बीज का वितरण किया। इसके संबंध में एग्री क्लीनिक सेंटर के प्रखंड समन्वयक नसीम अहमद, सहायक प्रखंड समन्वयक धर्मेंद्र कुमार एवं जितेंद्र कुमार ने आजाद सिपाही को बताया कि रंका प्रखंड के दो पंचायत तमगेकला और बाहाहारा के किसानों का चयन चना बीज के लिए किया गया था। जो संबंधित पंचायतों के मुखिया, बीडीसी, वार्ड सदस्य एवं किसान मित्र के द्वारा बनाए गए किसानों की सूची के अनुसार उनके उपस्थिति में प्रत्येक किसान को 16 किलोग्राम के दर से सैकड़ों किसानों के बीच चना बीज का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जिन किसानों को बीज नहीं मिला है उन्हें दूसरे दिन भी बीज का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों ने कहा कि चना बीज वितरण के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बहुल पंचायत तमगेकला और बाहाहारा का चयन किया गया है। इस मौके पर बीडीओ शुभम बेला तोपनों, बीएओ संजय कुमार गुप्ता, एग्री क्लीनिक सेंटर के प्रखंड कोर्डिनेटर नसीम अहमद, प्रखंड सहायक कोर्डिनेटर जितेंद्र कुमार और धर्मेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, तमगेकला मुखिया रिंकी देवी, मुखिया प्रतिनिधि राधेश्याम सिंह,बाहाहारा मुखिया किरण देवी, मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र पासवान, बीडीसी प्रतिनिधि उपेंद्र भुईयां, किसान मित्र धनंजय यादव और पवन कुमार बैठा सहित सैकड़ों महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बने विशाल डुंगडुंग



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने युवा कांग्रेस के सांगठनिक चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर संपूर्ण झारखंड से 7170 (सात हजार एक सौ सत्तर) वोट लाकर प्रदेश महासचिव बने। ध्यातव्य है कि विगत दिनों प्रदेश युवा कांग्रेस का मेम्बरशिप अभियान सह सांगठनिक चुनाव हुआ था जिसमें प्रदेश महासचिव पद के लिए राज्य भर से 80 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था, जिसमें विशाल डुंगडुंग निर्वाचित हुए, डुंगडुंग ने पूर्व राज्यसभा धीरज प्रसाद साहू, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, समेत संगठन के सभी लोगों के प्रति आभार जताया है।

## बरवाडीह में संविधान निर्माता डॉ रत्नप्पा कुम्हार की 27वीं पुण्यतिथि मनायी गयी



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के अहिरपुरवा स्थित सामुदायिक भवन परिसर में मंगलवार को कुम्हार प्रजापति संघ के तत्वावधान में संविधान निर्माता पद्मश्री डॉ रत्नप्पा कुम्हार की 27वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष दीपक राज ने किया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि डॉ. रत्नप्पा कुम्हार न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और गरीबों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान व्यक्तित्व थे। कार्यक्रम में संघ के रामनाथ प्रजापति, उपेंद्र प्रजापति, भोला प्रजापति, पवन प्रजापति, महेश प्रजापति, मिथिलेश प्रजापति, ब्रजेश कुमार, प्रमोद प्रजापति और आमिर खान समेत कई पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## सड़क निर्माण कार्य पर अनियमितता का आरोप, गार्डवाल की गुणवत्ता पर उठे सवाल



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह। बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के 17 सी गेट से लंका खड़िया होते हुए मंगरा तक ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बन रही चार करोड़ चौहत्तर लाख चौरानबे हजार नौ सौ रुपये की लागत से व लगभग साढ़े पांच किलोमीटर तक सड़क निर्माण योजना में गार्डवाल निर्माण को लेकर गंभीर अनियमितता का आरोप सामने आया है। इस संबंध में उप प्रमुख बीरेंद्र जायसवाल ने निर्माण एजेंसी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उप प्रमुख बीरेंद्र जायसवाल का कहना है कि गार्डवाल निर्माण कार्य में मात्र लगभग 2 इंच की ढलाई की जा रही है, जो मानक के अनुरूप नहीं है। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने आशंका जताई कि इस तरह का कमजोर निर्माण भविष्य में दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गार्डवाल निर्माण कार्य बिना जेई (कनीय अभियंता) और एई (सहायक अभियंता) की निगरानी के कराया जा रहा है, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति में हो रहा कार्य भ्रष्टाचार और मनमानी की ओर इशारा करता है। उप प्रमुख ने संबंधित विभाग से मामले की जांच कर दोषी ठेकेदार और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## शिक्षक और अभिभावक के सामूहिक प्रयास से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव : दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राज्य परियोजना निदेशक के निर्देशानुसार डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस नदिया हिंदू लोहरदगा में विशेष अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया। इस विशेष अभिभावक शिक्षक बैठक में लोहरदगा के जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्र मौलेश्वर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। बच्चों के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और उपस्थिति में सुधार था। डीईओ ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक और अभिभावक के सामूहिक प्रयास से बच्चों का सर्वांगीण विकास जैसे शैक्षणिक, भावनात्मक, सामाजिक विकास होता है। जिससे बेहतर शैक्षणिक परिणाम, और घर व स्कूल के बीच एक सामंजस्यपूर्ण सीखने का माहौल बनता है जो बच्चे की सफलता की नींव रखता है। अभिभावकों से कहा कि पीटीएम का उद्देश्य आत्म मंथन करना है और अभिभावक यह भी सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा पढ़ाई के अलावा खेल प्रतियोगिता, एनसीसी में भाग लिया है या नहीं और अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजना सुनिश्चित करेंगे तब ही बच्चे का परीक्षाफल उत्कृष्ट होगा।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम कर रही सरकार : जयप्रकाश शर्मा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** ईसाई समुदाय के महत्वपूर्ण पर्व क्रिसमस से पूर्व राज्य सरकार ने महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत लोहरदगा जिले की 93,039 महिलाओं के बैंक खातों में नवंबर 2025 माह की सम्मान राशि ट्रांसफर की गयी है। आधार आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से कुल 23 करोड़ 25 लाख 97 हजार 500 रुपये की राशि सीधे लाभुक महिलाओं के खातों में भेजी गयी। जिले के विभिन्न प्रखंडों में भंडरा से 13,075, कैरो 8,083, पेशरार 4,120, सेन्हा 14,835, कुडु 17,669, किस्को 11,461 और लोहरदगा प्रखंड की 11,534 महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हुईं। वहीं लोहरदगा शहरी क्षेत्र की 12,262 महिलाओं के खातों में भी सम्मान राशि पहुंची है। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नव नियुक्त कार्यकर्ता सह समाजसेवी जयप्रकाश शर्मा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह दिवाली, छठ, ईद और करमा जैसे प्रमुख पर्वों से पहले महिलाओं के खातों में मंईयां सम्मान योजना की राशि भेजी गई, उसी तरह अब क्रिसमस से पूर्व ईसाई समुदाय की महिलाओं को सम्मान राशि देकर मुख्यमंत्री ने सर्वधर्म समभाव और संवेदनशील शासन का परिचय दिया है। कहा कि हेमंत सोरेन सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार ठोस और प्रभावी कदम उठा रही है। मंईयां सम्मान योजना गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं के लिए संजीवनी साबित हो रही है और यह योजना महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं आर्थिक मजबूती की एक सशक्त मिसाल बन चुकी है।

# लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें विद्यार्थी : डॉ रामेश्वर उरांव

### विशेष अभिभावक शिक्षक बैठक में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** मंगलवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक और आंतरिक संसाधन और केंद्रीय सहायता समिति के सभापति डॉ रामेश्वर उरांव कुडु प्रखंड के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विशेष अभिभावक शिक्षक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मौके पर कहा कि आज हम यहां विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठक के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह बैठक केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। शिक्षा का दायित्व केवल विद्यालय या शिक्षक का नहीं होता, बल्कि अभिभावक और शिक्षक दोनों की संयुक्त जिम्मेदारी होती है। जब घर और स्कूल एक साथ मिलकर बच्चे का मार्गदर्शन करते हैं, तभी उसका सर्वांगीण विकास संभव हो पाता है। प्रिय बच्चों! आप ही देश का भविष्य हैं। पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन, मेहनत और ईमानदारी को अपना जीवन मंत्र बनाइए। माता-पिता और शिक्षकों की बातों को ध्यान से सुनिए और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़िए, बच्चे की सफलता तभी संभव है जब शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी-तीनों एक साथ कदम से कदम मिलाकर चलें।

कार्यक्रम में अच्छी उपस्थिति के लिए छात्राओं को और अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, एसी जितेंद्र मुंडा, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास, बीडीओ संतोष उरांव, प्रधानाध्यापिका संगीता कुमारी, रीता देवी, मुखिया राजमणी देवी, विशाल डुंगडुंग, तनवीर गौहर, एनुल अंसारी, कुमार अभिषेक, सिराजुल अंसारी, संजू तुरी, सज्जाद अंसारी, मोहम्मद इकबाल, कमरुल इस्लाम, तलहा अंसारी, अबू रेहान, आदि उपस्थित थे।

## बच्चों में आत्मविश्वास क्षमता विकसित करना आवश्यक : रविंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के अपर सचिव रविंद्र अग्रवाल ने कहा कि बच्चों में आत्मविश्वास की क्षमता को विकसित करना आवश्यक है। अग्रवाल जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लातेहार में आयोजित विशेष अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। मौके पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई व अपर समाहर्ता रामा रविदास समेत कई अधिकारी मौजूद थे। अग्रवाल ने आगे कहा कि अभिभावक ही बच्चों के पहले शिक्षक होते हैं। बच्चे अपने माता-पिता को देख कर बहुत कुछ सीखते है। बच्चों को अन्य गतिविधियों में भागीदारी करने दें। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों के ऊपर कभी भी अपनी सोच को नहीं थोपे। केवल किताबी शिक्षा जरूरी नहीं व्यवहारिक ज्ञान भी आवश्यक है। सबों का एक ही उद्देश्य बच्चों का सर्वांगिक विकास करना है। उन्होंने शिक्षक अभिभावक गोष्ठी की सार्थकता पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण प्राचार्य तृप्ति भारती ने दिया। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराया। उन्होंन बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय को मुख्यमंत्री के हाथों में सम्मान भी मिल चुका है। मंच का संचालन वरीय शिक्षक नरेंद्र पांडेय ने किया। मौके पर डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहु, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, गोपनीय शाखा प्रभारी श्रेयांश, कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो व कमलेश सिंह तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी के अलावा विद्यालय मेनेजर पीपी गुप्ता, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष टैगोर व उपाध्यक्ष कुमारी दिप्ति समेत विद्यालय के कई शिक्षक आदि मौजूद थे। इससे पहले अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। प्राचार्य ने अतिथियों को बुके, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किया। कक्षा नौ की छात्रा तियाशा के सानिध्य में छात्राओं ने स्वागत गीत गाया। तबले पर संगत आदित्य टैगोर ने किया।

### शिक्षक व छात्रों को पुरस्कृत किया गया

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक विजेता मिंज, रौशन लकड़ा, सबिता टोप्पो, रेखा रानी, संजू कुमारी, सोनी कुमारी व अंकिता कुमारी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा रेल परीक्षा, उपस्थिति। और खेलकूद के कुल 24 छात्र व छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा छह अभिभावक, चार शिक्षक व दो एसएमसी के सदस्यों को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

## अखिल भारतीय कराटे चैंपियनशिप में छात्रा का शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा का कक्षा 9 वीं कक्षा की छात्रा नैना कुमारी उत्तर प्रदेश के कानपुर में आयोजित अखिल भारतीय कराटे चैंपियनशिप 2025 में गोल्ड मेडल प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व जिला एवं राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों के बीच नैना कुमारी ने अपने कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान नैना कुमारी ने कठिन मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की और गोल्ड मेडल तथा प्रमाण-पत्र प्राप्त किया उनकी इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राओं में हर्ष का माहौल है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य अवनीश चंद्र झा और विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा छात्रा को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। वहीं प्राचार्य झा ने कहा कि नैना कुमारी की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। खेल के क्षेत्र में ऐसी उपलब्धियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास अनुशासन का प्रतीक हैं।

साथ ही उन्होंने भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए छात्रा नैना कुमारी को प्रोत्साहित किया जिसे विद्यालय के खेल प्रशिक्षक एवं सहपाठियों ने भी नैना कुमारी की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं नैना कुमारी ने इस उपलब्धि का श्रेय माता पिता गुरुजन और मित्रों को दी है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# तय 24.50 रुपया प्रति किलो पर ही किसान अपना धान बेचें : उपायुक्त

- विद्यालयों में बच्चों का शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो
- पंचायत कर गोइठ में उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा, महिलाओं का प्रसव हर हाल में संस्थागत हो

आजाद सिपाही संवाददाता



### बाल विवाह और डायन प्रथा से जिले को मुक्ति दिलाना है

उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिले के सभी मुखिया जनों को कहा कि समन्वित प्रयास से जिले को बाल विवाह मुक्त करने की संकल्प लें। अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले वैवाहिक कार्यक्रमों पर कड़ी नजर रखें, उन्होंने कहा कि डायन प्रथा के मामले पाए जाने पर अविलंब अपने स्तर से लोगों को जागरुक करते हुए इसकी सूचना जिला प्रशासन को दें। मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ते हुए उपस्थित थे।

**लोहरदगा।** उपायुक्त लोहरदगा डॉ ताराचंद के निर्धारित कार्यक्रम पंचायत कर गोइठ के 19वां संस्करण में जिले के सभी मुखिया जनों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे वार्ता की। समाहरणालय सभागार से उन्होंने सभी मुखिया को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने अपने क्षेत्र के किसानों को रबी फसल करने के लिए उत्प्रेरित करें। आलू, चना, सरसों, मटर, गेहूं जैसे फसलों के लिए जिले में अनुकूल संभावनाएं हैं। इन कृषि उत्पादों को बाजार में बेचकर किसान अपना आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकते हैं। साथ ही सालों भर कृषि कार्य में संलग्न रहने से उनके पलायन पर भी रोक लगेगी। उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सभी किसान आवश्यक रूप से अपनी कृषि का बीमा करा लें। इसके रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 तक है। किसी भी तरह के प्राकृतिक आपदा के कारण कृषि के नुकसान होने पर किसान इसके 72 घंटे के अंदर 14447 पर कॉल कर इसकी सूचना दर्ज कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि किसान अपना धान औने पौने दाम पर बिचौलियों को ना बेचे बल्कि सरकार द्वारा तय 24.50 प्रति किलो पर ही अपना धान अपने नजदीकी सरकारी क्रय केंद्र पर बेचे। यदि धान क्रय विक्रय में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो अविलंब इसकी सूचना जिला प्रशासन को दें। प्रशासन उस पर त्वरित विधिसम्मत कार्रवाई करेगी। जिले में धान क्रय के एवज में किसानों को राशि की भुगतान भी प्रारंभ कर दी गयी है। लोग बेहिचक अपने धान को सरकारी क्रय केंद्रों तक लाएं। उपायुक्त डॉ ताराचंद ने सभी मुखिया जनों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। मुखिया नियमित रूप से अभिभावकों के साथ बैठक कर उन्हें अपने बच्चों को विद्यालय आवश्यक रूप से भेजने के लिए प्रेरित करें और शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करें। उपायुक्त ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते वे आगामी 10वीं और 12वीं की परीक्षा की तैयारी एवं उसमें अच्छे अंक लाने के लिए, बच्चों और उनके माता-पिता के साथ बैठक कर अनुकूल वातावरण तैयार करें। उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका हर संभव सहायता दी जाए। उनको उचित स्वास्थ्य सुविधा और पोषण के लिए उन्हें स्वास्थ्य केंद्रों तक लाएं। साथ ही हर हाल में उनके संस्थागत प्रसव कराने की सहायता करें। कहा कि जरूरतमंद लोग आयुष्मान कार्ड के लिए चिन्हित हॉस्पिटल में निशुल्क ईलाज करा कर इसका लाभ उठा सकते हैं।

## सनातनियों की धार्मिक हत्या बर्दाश्त नहीं : सुनील

### भारत सरकार को अपनाना होगा कड़ा रुख

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** विगत चार दिन पहले बांग्लादेश में एक हिंदू युवक दीपू दास की हत्या के विरोध में स्थानीय पॉवरगंज चौक में जय श्रीराम समिति ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन किया। जिसमें जिला के सैकड़ो सनातन भाई बन्धु बढ़ चढ़कर उपस्थित रहें और अपनी मजबूत उपस्थिति द्वारा सनातनी एकता का संदेश दिया। जय श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि पुतला दहन के माध्यम से पूरे विश्व को यह संदेश देना है कि विश्व के किसी भी कोना में यदि स्नातनो की धार्मिक हत्या होती है या अन्य किसी भी प्रकार की क्षति पहुंचाती है तो यह हम सनातनी बर्दाश्त नहीं करेंगे। पुतला दहन कार्यक्रम में जय श्रीराम समिति, संरक्षक राजीव रंजन, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, अजय पंकज, रितेश कुमार, रोहीत साहू, मनोज साहू संजय नायक रंजीत कुमार साहू देवेंद्र मंडल राम लगन महतो रामकुमार महतो समिति जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल महासचिव प्रदीप साहू महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, बेली देवी कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू राय संगठन महामंत्री कपिल मिश्रा, रक्त संग्रह अध्यक्ष जीवन राज मेहता उपाध्यक्ष विनोद साहू ,नगर महामंत्री सुशील पटनायक, राजकुमार साहू, आकाश पंकज, , संतोष कुमार महतो, अनुप कुमार, संतोष साहू ,गुड्डू प्रसाद, शुभम जयसवाल, आशुतोष साहू अमन अग्रवाल आर्यमन अग्रवाल आर्यन अग्रवाल उदय प्रजापति मुकेश देवघरिया विकास साहू वीरेंद्र साहू लड्डू महतो गौरव अग्रवाल लड्डू गौतम अग्रवाल भावेश कुमार विकास कुमार नितिन वर्मा ऋत्विक वर्मा संजय वर्मा दीपक साहू , आर्यन कुमार, समेत अनेको सदस्य महिला/पुरुष उपस्थित रहें।

## शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

### जनप्रतिनिधियों ने बच्चों की शिक्षा में सहभागिता पर दिया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** प्रखंड अंतर्गत सरईडीह प्लस टू विद्यालय में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर शामिल हुईं। उनके साथ बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, मुखिया बुद्धेश्वर सिंह, मंजू देवी, नीतू देवी समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। गोष्ठी के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, नामांकित विद्यार्थियों की उपस्थिति, प्रगति एवं सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने में शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

# बाल विवाह के विरुद्ध ग्रामीण और बच्चों को किया जागरूक

### विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है

आजाद सिपाही संवाददाता




**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत हेसवे ग्राम स्थित मध्य विद्यालय हेसवे में झालसा रांची के निर्देशानुसार डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा एवं सचिव राजेश कुमार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से बाल विवाह के विरुद्ध मंगलवार को ग्रामीण व स्कूली बच्चे बच्चियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। वहीं बाल विवाह के विरुद्ध अभियान के दौरान पीएलवी पुनु देवी और प्रियांशु यादव के द्वारा ग्रामीणों को बताते हुए बच्चे बच्चियों के मौलिक अधिकारों और शिक्षा के बारे में बताते हुए अभिभावकों को समझाया गया। साथ ही बताया गया की कम उम्र में बच्चों का शादी विवाह करने से शारीरिक व मानसिक परेशानियां होती है। बच्चे पढ़ाई लिखाई कर जीवन को बनाने का लक्ष्य से वंचित हो जाते हैं। और सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेवारी बढ़ जाती है। वहीं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बताया गया.सरकार द्वारा विवाह के लिये लड़कों का उम्र 22 वर्ष व लड़कियों के लिये 20 वर्ष निर्धारित किया गया है। साथ ही कहा गया कि सही उम्र में लड़के लड़कियों का विवाह करने पर विवाह से पूर्व जीवन को संवारने के मौके मिलता है। जिसे बच्चे बच्चियों को भविष्य में पोषण, शिक्षा और समाजिक सुरक्षा को बेहतर ढंग से समझने का अवसर प्राप्त होता है.वहीं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा गया कि अपने बच्चे बच्चियों के कम उम्र में विवाह न बाल विवाह कानून अपराध है। बाल विवाह करने और कराने वाले को जेल व जुर्माना हो सकता है। छात्र छात्राओं से कहा गया कि पहले पढ़ाई फिर विदाई जिसे पहले पूर्ण पढ़ाई करें फिर विवाह के लिये सोचें करें साथ ही डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास और नशा के प्रति भी मौके पर प्रधानाध्यापक सुखुवा उरांव, शिक्षिका मुनिता कुमारी, कांति किंडो के अलावे पवन दास गोस्वामी, रोबिन उरांव, अनूप उरांव, भरत उरांव, पवन कुमार, रोशन मिस्त्री समेत अन्य छात्र छात्राएं व अभिभावक मौजूद थे।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के धोबाली मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी है। जबकि हादसे में एक युवक का गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान गुमला जिला के लांजी नवाटोली निवासी हरि उरांव के 20 वर्षीय पुत्र सुनील उरांव और लोहरदगा जिला के सदर थाना क्षेत्र के कुटमु जेलखाना निवासी योगेश्वर उरांव के 20 वर्षीय पुत्र राहुल उरांव के रूप में हुई है। जबकि हादसे में लोहरदगा जिला के सदर थाना क्षेत्र का नदिया करचाटोली निवासी महेश उरांव का 20 वर्षीय पुत्र मोहित उरांव घायल हुआ है।

## झाड़ियों में मिला नवजात इलाज के दौरान मौत

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। शहर थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक हृदयविदारक घटना सामने आयी है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा सड़क किनारे झाड़ियों में छोड़े गए नवजात शिशु की इलाज के दौरान मौत हो गयी। हालांकि समय रहते एक महिला ने इंसानियत का परिचय देते हुए बच्चे को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। चिकित्सकों के अनुसार बंच्चे को अधिक ठंड लग जाने से उसकी मौत हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार की शाम करीब 6:30 बजे शहर थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन मेजर मोड़, हमीदगंज के समीप सड़क किनारे झाड़ियों से नवजात के रोने की आवाज सुनायी दी। आवाज सुनकर नावाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा गांव निवासी जानवी कुमारी (पति शत्रुध्न कुमार) मौके पर पहुंचीं तो देखा कि झाड़ियों में एक नवजात शिशु बेसहारा पड़ा हुआ है। जानवी कुमारी ने नवजात को उठाया और तत्काल एमएमसीएच पहुंचाकर एनआइसीयू वार्ड में भर्ती कराया। थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार ने बताया कि पुलिस नवजात बच्चे के माता-पिता का पता लगाने का प्रयास कर रही है। दोषियों पर पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी।

# सांसद खेल महोत्सव : पलामू-गढ़वा में 12,208 खिलाड़ियों का पंजीकरण

**सुशासन दिवस पर 4052 खिलाड़ियों का होगा सम्मान, प्रधानमंत्री करेंगे वर्चुअल संबोधन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में चल रहे सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिलों पलामू एवं गढ़वा में सांसद खेल महोत्सव-2025 में 12208 खिलाड़यों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इसमें लगभग 4052 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उक्त खेलों का शुभारंभ दो नवंबर को शिवाजी मैदान मेदिनीनगर से पुलिस स्टेडियम तक हाफ मैराथन के साथ किया गया था। इस खेल महोत्सव में महत्वपूर्ण खेलों



फुटबॉल, कराटे, गदका, बैडमिंटन, कबड्डी, बॉलीबॉल जूड़ो और खो-खो खेला गया। 24 दिसंबर 2025 को फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का फाइनल खेल पुलिस स्टेडियम मेदिनीनगर में 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। उक्त सभी खेलों का प्राइज वितरण के साथ समापन समारोह 25 दिसंबर को 'सुशासन दिवस' के अवसर पर मेदिनीनगर टाउन हॉल में समय 10:00 बजे लगभग 4052 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। यह सभी समारोह एक साथ पूरे देश में आयोजित किये जा रहे है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे।

इस अवसर पर मैं मुख्यरूप से स्वंय सहायता समूह एसएचजी की महिलाओं का अभिनंदन करना चाहूंगा। उन्होंने सांसद खेल महोत्सव 2025 के माध्यम से विभिन्न प्रखंडों में हाफ मैराथन, चम्मच रेस, कुर्सी रेस, सूई धागा रेस एवं कब्बड़ी खेल में काफी बढ़-चढ़कर भाग लिया। साथ ही सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों के अदम्य साहस और उत्कृष्ट खेल भावना को देखकर मन प्रसन्न हुआ। विभिन्न प्रतिभाशाली टीमों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से प्रधानमंत्री का विजन स्पष्ट है। खेल सिर्फ मनोरंजन नहीं यह हमारे राष्ट्र की नींव है। सांसद खेल महोत्सव 2025 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान कर रहा है, जिससे वे खेल को एक शानदार करियर के रूप में अपना सकें और भारत का नाम विश्व पटल पर रोशन कर सकें। स्वस्थ भारत, खेलो भारत, तंदुरुस्त भारत, खेलो भारत एवं फिट इंडिया खेलो इंडिया के साथ सांसद खेल महोत्सव स्वस्थ भारत एवं युवाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम है।

# डीडीसी की अध्यक्षता में 'सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर' पर कार्यशाला

**सभी प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाये : पीयूष सिन्हा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** उपविकास आयुक्त देवघर पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान उपविकास आयुक्त ने दिनांक 19.12.2025 से 25.12.2025 तक सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाये, ताकि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।

कार्यशाला के क्रम में उपविकास आयुक्त ने जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र से संबंधित विभिन्न अंचलों से प्राप्त आवेदनों पर अंचलाधिकारियों द्वारा की गयी। कार्रवाई की समीक्षा की तथा शेष आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कर जिला को प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उपविकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने श्रम अधीक्षक देवघर को निर्देशित किया कि जिले के सभी प्रवासी, कामगार एवं असंगठित श्रमिकों का श्रमधन पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित कर विस्तृत रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराई जाये। उन्होंने कहा कि इससे जिले से बाहर कार्यरत श्रमिकों का सटीक आंकड़ा तैयार होगा और दुर्घटना की स्थिति में राज्य सरकार द्वारा मुआवजा व अन्य लाभ समय पर उपलब्ध कराया जा सकेगा।

कार्यशाला में अपर समाहर्ता हीरा कुमार, उपनगर आयुक्त सागरी बराल, अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर राजीव कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, उत्पाद अधीक्षक संजय श्रीवास्तव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति लता किस्कू, जिला शिक्षा पदाधिकारी बिनोद कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी वीणा रानी टुड्डू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रंजना कुमारी, सभी अंचलों के अंचलाधिकारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निर्वतमान पार्षद ने वार्ड 16 में सात पीसीसी पथ निर्माण को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा



विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। निर्वतमान वार्ड पार्षद पूनम देवी ने मंगलवार को विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से वार्ड 16 में सात पीसीसी पथ और आरसीसी नाली निर्माण कराने की मांग की गयी है। साथ ही उन्होंने नप क्षेत्र में ठंड को देखते हुये कंबल वितरण की भी मांग की है। कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह ने पूनम देवी को आश्वस्त किया कि सभी मांग जायज है। इसलिए उसे पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, समाजसेवी विजय कुमार रवि भी मौजूद थे।

## बिश्रामपुर में मोतियाबिंद के 54 मरीजों का सफल ऑपरेशन



विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को मोतियाबिंद ऑपरेशन व लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 54 नेत्र रोगियों को सफल ऑपरेशन किया गया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन बीडीओ राजीव कुमार सिंह व चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि ऑपरेशन के बाद रोगियों को मुफ्त चश्मा व दवा दिया जा रहा है। मरीजों का सफल ऑपरेशन नेत्र रोग सर्जन डॉ अंजय कुमार, डॉ राजेंद्र कुमार, नेत्र रोग पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार, चंदन कुमार ने किया।

## मधुपुर प्रखंड झामुमो कार्यालय में जनता दरबार आयोजित



मधुपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कार्यालय में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष शाकिर अंसारी ने किया। जनता दरबार में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अबु तालिब अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष शाकिर अंसारी, गंगा दास, मुख्तार अंसारी, जुनैद अंसारी, पिंटू दास एवं पप्पु दास सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं पदाधिकारियों के समक्ष रखीं। नेताओं ने एक-एक कर लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों से समन्वय कर जल्द समाधान कराने का भरोसा दिलाया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष शाकिर अंसारी ने कहा कि झामुमो जनता की पार्टी है और आम लोगों की समस्याओं का समाधान कराना हमारी प्राथमिकता है। जनता दरबार में आये लोगों ने अपनी बात रखने का अवसर मिलने पर संतोष व्यक्त किया और इस तरह के कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

# लोक अदालत में 41 मामले का निस्तारण

## तीन लाख 97 हजार 300 रुपये का मामला सेटल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा के अध्यक्षता में वर्ष 2025 के अंतिम मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें सुलह समझौते के आधार पर 41 मामले का निस्तारण किया गया। वहीं तीन लाख 97 हजार 300 रुपये का मामला सेटल हुआ। लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले आठ पीठों का गठन किया गया था। वहीं एक हेल्प डेस्क बनाया गया था। पीठ संख्या तीन में विद्युत विभाग से संबंधित मामले का निस्तारण जिला और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नव आभास कुमार व अधिवक्ता उत्तम कुमार कर रहे थे। इस पीठ में 30 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या चार में आपराधिक मामले का निस्तारण सीजेएम मनोरंजन कुमार व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे कर रहे थे। इस पीठ में नव मामले का निस्तारण किया गया।

पीठ संख्या सात में प्रिलिटिगेशन से संबंधित मामले का निस्तारण स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता और सदस्य महिमा श्रीवास्तव कर रहे थे। इस पीठ में दो मामले का निस्तारण किया गया। वहीं एक हेल्प डेस्क बनाया गया था। जिसमें अधिवक्ता पुष्कर राज व पीएलवी कृपा शंकर दुबे लोगों को मदद कर रहे थे। जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने बताया कि लोक अदालत में सुलझ समझौता के आधार पर मामले का निस्तारण किया गया। मौके पर जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश छह राज कुमार मिश्रा, प्रथम अखिलेश कुमार, डालसा सचिव राकेश रंजन, शंभू महतो जेएम, समीरा खान जेएम के अलावे अधिवक्ता वीणा मिश्रा, संतोष कुमार पांडेय, सतेंद्र कुमार सिंह,वीर विक्रम वक्स राय,नीतू सिंह,महिमा श्रीवास्तव के अलावे उत्पाद विभाग,वन विभाग, के अधिकारी,कर्मी व दर्जनों वादकारी उपस्थित थे।

# देवघर नगर में भाजपा की संगठनात्मक बैठक, एसआइआर पर हुई विस्तृत चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी देवघर जिला कार्यालय में देवघर नगर की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सोना धारी झा ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री संतोष उपाध्याय, सुग्गा नरौने, गौरी शंकर शर्मा, धनंजय खवाड़े एवं धनंजय तिवारी उपस्थित रहे।

जिला महामंत्री संतोष उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में एसआईआर पर व्यक्त विचारों को जिले के हर कोने तक पहुंचाने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने रविवार को दिल्ली में 'वोट चोरी' के विरोध में कांग्रेस की रैली पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी झूठ और अफवाहें फैलाने के आदी हैं। उन्होंने अपने दावों को लेकर निर्वाचन आयोग में एक भी शिकायत दर्ज नहीं कराई है और विदेशी साजिश के तहत भारतीय संस्थाओं को बदनाम किया जा रहा है। भाजपा नेता सुग्गा नरौने ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस घुसपैठियों को बचाने और उन्हें मतदाता बनाने के प्रयास में एसआईआर का विरोध कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुसार केवल भारतीय नागरिक ही भारत का मतदाता हो सकता है। बैठक में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष सोना धारी झा, संतोष उपाध्याय, सुग्गा नरौने, गौरी शंकर शर्मा, धनंजय खवाड़े, धनंजय तिवारी, मीणा झा, राकेश सिंह, बम-बम दुबे, बिट्टू पांडे, सिंटू उपाध्याय, मनीष मंडल, गोविंद राणा, संजय मंडल, अंकित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संत मरियम स्कूल में प्रशिक्षण शिविर

**साहस, शौर्य, सामुदायिक सेवा और नेतृत्व प्रदान करना ही स्काउट एंड गाइड का मूल दर्शन है: आलोक टूटी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल में चल रहे भारत स्काउट एंड गाइड के तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक टूटी एवं भारत स्काउट एंड गाइड, पलामू के जिला संगठन आयुक्त अमोद कुमार सिंह की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के चेयरमैन अविनाश



देव एवं प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत करने से हुई। इसके पश्चात अतिथियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे स्काउट-गाइड विद्यार्थियों के शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों ने प्राकृतिक आपदाओं एवं विषम परिस्थितियों में सीमित संसाधनों के बीच धैर्य, साहस और सूझबूझ से मुकाबला करने से जुड़ी गतिविधियों का प्रदर्शन किया, जिसकी अतिथियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

इस अवसर पर एडीपीओ आलोक टूटी ने कहा कि भारत स्काउट एंड गाइड का मूल दर्शन साहस, शौर्य, सामुदायिक सेवा और नेतृत्व प्रदान करना है। आज का यह प्रशिक्षण बच्चों के व्यवहारिक जीवन में निश्चित रूप से काम आयेगा। उन्होंने कहा कि आप सभी भारत का भविष्य हैं, अपने माता-पिता और समाज का गौरव हैं। आपने तृतीय सोपान पूरा कर लिया है, अब पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने की बारी है। निडर होकर आगे बढ़िए और हर उपलब्धि अपने नाम कीजिए।

# कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष ने उपायुक्त से की मंदिर व्यवस्था और नगर सुविधाओं में सुधार की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मणिशंकर ने देवघर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा से मुलाकात कर बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए मंदिर प्रबंधन में अमूल-चूल परिवर्तन आवश्यक है।

मणिशंकर ने मांग की कि मंदिर परिसर से सटे पाठक धर्मशाला में स्त्री-पुरुष शौचालय का निर्माण कराया जाये तथा वीआईपी लाइन को जनरल लाइन से अलग किया जाये। उन्होंने नेहरू पार्क में विशाल क्लॉक भवन के निर्माण का प्रस्ताव रखा, ताकि चलायमान यात्री सस्ती दर पर अपना सामान सुरक्षित रखकर जलाभिषेक कर



सकें। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शिवराम झा चौक पर एसबीआई की शाखा खोलने की भी मांग की।

झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मणिशंकर ने देवघर नगर निगम की कार्यशैली पर भी सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि शहर में साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत खराब है। सरकार द्वारा जिन गाड़ियों का भुगतान किया जाता है, उनमें से आधी से भी कम गाड़ियां कूड़ा उठाने में लगाई जाती हैं। साथ ही निगम कर्मियों के बार-बार हड़ताल पर जाने से आम लोग परेशान होते हैं।

इसके अलावा उन्होंने देवघर शहर के बीचों-बीच स्थित पंडित विनोदानंद झा टाउन हॉल के जीर्णोद्धार की मांग करते हुए उसे एसी टाउन हॉल बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एक समय शहर के सभी प्रमुख कार्यक्रम इसी टाउन हॉल में होते थे, लेकिन पिछले दस वर्षों से यह जर्जर स्थिति में खंडहर बन चुका है। इस पर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने मणिशंकर को आश्वासन दिया कि सभी मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार करते हुए प्रशासन शीघ्र आवश्यक कदम उठायेगा।

# डॉ कौशल ने पौधा दान कर और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित कर मनाया पोते का जन्मोत्सव

**मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी के चौथी पीढ़ी के जन्म उत्सव में शामिल हुए देश-विदेश से आये हजारों लोग: डॉ कौशल और पार्षद अमित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन और जेएमपी परिसर में प्रो अरुण के पुत्र और डॉ कौशल के सुपौत्र जायसवाल अद्विक प्रताप देव के जन्मोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन केक काटकर किया गया। वहीं पर्यावरण भवन के आकाश बाग में पौधा रोपण कर देश- विदेश से पहुंचे अतिथियों को पौधा प्रदान कर उत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव में नेपाल, भूटान सहित देश के दर्जनों राज्यों से पहुंचे हजारों अतिथियों ने बच्चे को अपना आशीर्वाद देकर उसे दीर्घायु होने की मंगल कामना की। इसी तरह



अद्विक प्रताप देव को नाना-नानी, मामा -मामी, बुआ-फूफा, मौसा-मौसी ने आशीर्वाद के रूप में भेंट किया पौधा।

ट्री मैन ऑफ इंडिया डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत शहर के दो नंबर टाउन में संचालित अनाथालय के बच्चों को अंग वस्त्र, भोजन व मिठाइयां खिलाकर उनके सुखद जीवन की कामना की। साथ ही डाली के मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया।

डॉ कौशल ने कहा कि घर में परिवार की संख्या बढ़े तो उन्हें स्वस्थ रहने के लिए शिव के समान वृक्ष व ऑक्सीजन के सिलेंडर की तरह पौधे लगाने के साथ-साथ वितरण भी करना चाहिए। उक्त अवसर पर जायसवाल अद्विक प्रताप देव के पिता प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल माता कोमल जायसवाल, डाली पंचायत के मुखिया सह दादी पूनम जायसवाल, चाचा छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, शिल्पा जायसवाल के गांव से आये ग्रामीण महिलाओं के साथ दादी सह डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल, गीता देवी, अल्पना देवी, आशा देवी, ममता देवी, अंजनी देवी, चिंता देवी, माधुरी देवी, मामी डॉ जयंती जायसवाल, मीनाक्षी देवी, बुआ ज्योति जायसवाल, खुशबू जायसवाल, नीलू जायसवाल, नेहा, नूपुर जायसवाल, सीमा देवी, रेणु देवी, किरण देवी, आरती देवी, संजू देवी, शीला देवी, लीला देवी, नानी उषा देवी, सुमन देवी, मौसी रुचि देवी,पूजा देवी, अंकिता देवी, रचना देवी, रिचा देवी ने सोहर गीत गाकर बच्चे के उज्ज्वल भविष्य व दीर्घायु होने की मंगल कामना की। उक्त दो दिवसीय जन्मोत्सव में जायसवाल अद्विक प्रताप देव को आशीर्वाद देने पहुंचे फूफा रोहित जायसवाल, दीपक जायसवाल, गौतम जायसवाल, मणिकांत प्रसाद,नाना सुरेंद्र जायसवाल, अशोक जायसवाल, मामा कुणाल जायसवाल, डॉ प्रिंस जायसवाल दादा सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, मंटू जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, रामजी प्रसाद, डॉ अजय जायसवाल, ओम प्रकाश सिंह, चाचा निपेंद्र जायसवाल, निकू जायसवाल, सूरज जायसवाल, सुमित जायसवाल, सरोज प्रसाद, संजय प्रसाद, संजीव प्रसाद, प्रथम महापौर अरुण शंकर, कांग्रेस नेता सोमेश्वर प्रसाद, दीपक लाल, भाजपा नेता विनोद सिंह, मुन्ना जायसवाल, दुदुन सिंह, राजीव कुमार, प्रमोद यादव, सचिन पांडे, महेजर यादव, राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर यादव, राकेश रंजन, श्याम देव सिंह, मनोज विश्वकर्मा, श्यामदेव पासवान, सुभाष गुप्ता, मोती साव सहित नेपाल भूटान समेत देश के दर्जनों राज्यों से पहुंचे अतिथियों ने जायसवाल अद्विक प्रताप देव को आशीर्वाद दिया।

# डीएवी कास्टर टाउन देवघर में स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस पर वैदिक हवन यज्ञ का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर ।** मंगलवार को स्थानीय गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल कास्टर टाउन, देवघर में महान कर्मयोगी एवं संयासी स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह, शिक्षक गण एवं बच्चों के द्वारा स्वामी श्रद्धानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षक बिजय मिश्रा, अंकित शुक्ला, सर्वेश्वर पांडेय एवं गंगाधर झा के द्वारा वैदिक विधि-विधान से हवन यज्ञ करवाया गया।




कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद भारत के महान राष्ट्रभक्त संन्यासियों में अग्रणी थे। जिन्होंने अपना जीवन स्वाधीनता, स्वराज्य, शिक्षा तथा वैदिक धर्म के प्रचार- प्रसार के लिए समर्पित कर दिया था। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ने सामाजिक उत्थान के साथ ही धर्म और देश के लिए अपना बलिदान दिया। उन्होंने मार्ग से भटके लोगों को पुनः स्वधर्म में लाने के लिए शुद्धि आंदोलन का सूत्रपात किया। स्वामी श्रद्धानंद ने अंग्रेजों के समक्ष सिर उठाकर देश सेवा, त्याग व दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। उन्होंने यह प्रमाणित कर दिखाया कि मानव जन्म से नहीं बल्कि कर्मों से महान बनता है। अपने गुरु स्वामी दयानंद सरस्वती से प्रेरणा लेकर आजादी और वैदिक धर्म के प्रचार के लिए प्रचंड रूप में सक्रिय रहे।भारतीय संस्कृति की पुर्नस्थापना के लिए 1902 में गुरुकुल प्रणाली को सर्वश्रेष्ठ बताया और गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की स्थापना हरिद्वार में की।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 24 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# डेढ़ माह से मिस्त्री लापता, पत्नी ने जतायी अनहोनी की आशंका

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के पतिया कोंयजारा गांव निवासी विमला देवी का पति बितना झोरा बीते करीब डेढ़ माह से रहस्यमय ढंग से लापता है। पति की तलाश में दर-दर भटक रही पत्नी का कहना है कि इस मामले को लेकर उन्होंने पूर्व में गुमला थाना और एसपी कार्यालय में लिखित आवेदन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी है, जिससे उनकी परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। विमला देवी ने बताया कि उनके पति बितना झोरा पेशे से मिस्त्री हैं और दो नवंबर 2025 को घर से निकले थे। उस दिन के बाद से वे घर वापस नहीं लौटे। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से अपने पति की सकुशल बरामदगी की गुहार लगायी है और मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# चैनपुर में देह व्यापार नेटवर्क का खुलासा दो युवक और दो युवतियां गिरफ्तार

## देह व्यापार के लिये नाबालिग को लेने गये थे चैनपुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** देह व्यापार से जुड़े एक गिरोह के चार सदस्य चैनपुर पुलिस के हत्थे चढ़ गये। या यूं कहें कि पुलिस की मुस्तैदी और स्थानीय लोगों की जागरूकता से एक युवती देह व्यापार के दलदल में धंसने से बच गयी।

**फिल्मी अंदाज में पुलिस ने की आरोपियों की घेराबंदी :** सोमवार शाम करीब 6 बजे चैनपुर दुर्गा मंदिर के पास अचानक पुलिस ने घेराबंदी शुरू कर दिया। वहां पर पहले से एक अर्टिगा कार खड़ी थी। जिसके नंबरप्लेट पर जेएच 03 एटी 9491 अंकित था। पुलिस कार की घेराबंदी करते हुए कार में सवार दो युवकों और दो युवतियों को कवर किया और उन्हें थाने ले जाया गया। थाने में युवकों ने अपना परिचय डाल्टनगंज निवासी कैफ रजा और महुआडांड़ निवासी नीतीश कुमार के रुप में दिया। दो अन्य युवतियों ने भी अपना परिचय दिया कि इनमे एक डुमरी और दूसरी बोलवा टिकरा निवासी हैं। इनकी मंशा मालूम होते ही पुलिस ने चारो को हिरासत में लिया।




**जेएसएलपीएस की दीदियों ने पकड़ने में की सहायता :** मां के द्वारा यह बात जेएसएलपीएस की दीदियों के संज्ञान में आई। जेएसएलपीएस की दीदियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को सारी बाते बताई। पुलिस ने मदद का आश्वासन दिया। जेएसएलपीएस की दीदियों मामले में संलिप्त गिरोह को पकड़ने का प्लान तैयार किया। सूत्रों की माने तो प्लान के अनुसार उक्त नाबालिग युवती से कहलवाया गया कि वह डालटनगंज जाने को तैयार है। जिसके बाद चारों आरोपी डालटनगंज से उक्त नाबालिग युवती को लेने चैनपुर पहुंच गए। उनके पहुँचते ही जेएसएलपीएस की दीदियों ने उन्हें धर दबोचा। और इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर चार लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस पुलिस ने दो युवक सहित चारों को मेडिकल के लिए चैनपुर अस्पताल भी लेकर गयी थी।

अब तक आदिवासी बहुल प्रखंड़ों से घरेलु काम काज के लिए लड़कियों को महानगरों तक ले जाने का मामला सामने आता था। हालांकि महानगरों में भी झारखण्ड की युवतियों के साथ शारीरिक शोषण और प्रताड़ना की खबरें आती रहती थीं, लेकिन देह व्यापार के लिए देह दलालों की बुरी नजर भी इस क्षेत्र की युवातियों पर पड़ चुकी है।

### क्या है पूरा मामला

चैनपुर थाना अंतर्गत आने वाले एक गांव की निवासी महिला ने पुलिस के एक आला अधिकारी को यह सूचना दी थी कि लगभग पिछले दस दिनो से उसकी नाबालिग बेटी को डालटनगंज से लगातार एक फोन कॉल आ रहा है। बार-बार फोन कर के एक महिला उसकी बेटी से कह रही है कि वह बेटी को जानती है। डालटनगंज वाली महिला बार बार प्रलोभन दे रही है कि बेटी उसके पास चली जाएगी तो अच्छा खासा पैसा मिलेगा। एक रात का 6000 रूपया मिलेगा और इंजोय अलग।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत

## घना कोहरा बनी हादसे की वजह

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर घने कोहरे के कारण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतकों का शव और सभी घायलों को एंबुलेंस के द्वारा रेफरल अस्पताल सिसई लाया गया। सिसई थाना की पुलिस के द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया। पहली घटना नागफेनी में घटी जहां अज्ञात वाहन के टक्कर से 60 वर्षीय वृद्ध का घटना स्थल पर ही मौत हो गया। समाचार लिखे जाने तक शव का पहचान नहीं हो पाया था। दूसरी घटना सिसई कॉलेज रोड बरगांव कुलेंगकेरी मोड़ में घटी। जिसमें बरगांव सोंगरा गांव निवासी पारा शिक्षक बीरबंधु उरांव के पुत्र प्रेमचंद उरांव का घटना स्थल पर ही मौत हो गया और बेटी किरण कुमारी और दोस्त अर्पित कच्छप गंभीर रूप से घायल हो गयी। तीनों कोई सिसई की ओर आ रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि आसपास के घरों के लोग सड़क में मड़ुवा सूखने के लिए फैलाए थे। वही विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी जिससे भाई का घटनास्थल पर ही मौत हो गया। घटना का सूचना मिलने के बाद जिला परिषद अध्यक्ष किरण बाड़ा, पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी, सहित स्थानीय लोग रेफरल अस्पताल पहुंचे और परिवार का ढाढ़स बंधाया।

# बसिया में आशीर्वाद अस्पताल का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड मुख्यालय ब्लॉक गेट के पास आशीर्वाद अस्पताल का उद्धघाटन फीता काटकर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सरदार ज्योति सिंह मथारू के द्वारा किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में रोशन बरवा, जिला परिसद सदस्य बसंती डूंगडुंग, विनोद भगत, सिविल सर्जन शंभु नाथ चौधरी, बीडीओ सुप्रिया भगत, जेनरल फिजिशियन रंजीव कुमार उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि सरदार ज्योति सिंह मथारू ने कहा कि इस अस्पताल के माध्यम से इस क्षेत्र के लोगो को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कोविड के समय से झारखंड में स्वास्थ्य क्षेत्र में नया अध्याय जुड़ा है झारखंड के सभी सदर अस्पताल रिम्स हो या कोई भी अस्पताल हो सभी मे एक अच्छी स्वास्थ्य सुविधा देने का कार्य किया जा रहा है इसके साथ ही निजी अस्पताल की भी जरूरत है, हर जगह सरकार अस्पताल नहीं बना सकती है। निजी अस्पताल में लोगों के तत्काल राहत मिल जाती है। उन्होंने अस्पताल संचालक से इमानदारी पूर्वक मरीजों का सेवा करने की बात कही। उद्धघाटन के उपरांत अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सरदार ज्योति सिंह मथारू ओर अतिथियों द्वारा अस्पताल का निरीक्षण भी किया ओर अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओ का जायजा लिया गया।




निजी अस्पताल के उद्धघाटन के उपरांत छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग, बिकास साहू, मुमताज खान, अरविंद साहू समेत अनेक लोगो ने प्रसन्नता व्यक्त किये। उन्होने कहा कि अस्पताल के खुलने से अब लोगो को बेहतर इलाज मिलेगा।

इस मौके पर रजब अंसारी, सुशील कुमार होता पप्पू, पिंटू सिंह, आजाद अंसारी, अमरजीत सिंह, यशोदा देवी, मुंतजीर खान, नीलेश उरांव, अरविंद साहू, दिलीप साहू समेत अनेक डॉक्टर, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# हाथी के उत्पात से प्रभावित ग्रामीणों को मिला मुआवजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में बीते वर्ष जंगली हाथियों के उत्पात से घरों एवं फसलों को भारी नुकसान पहुंचा था। इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित ग्रामीणों को राहत देने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा स्वीकृत मुआवजा राशि का वितरण किया गया। इस मौके पर गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव ने पीड़ित परिवारों के बीच मुआवजा राशि का वितरण किया। मुआवजा वितरण के तहत रागे गांव निवासी मनजीत उरांव को 12,600 रुपये की सहायता राशि प्रदान की गयी। वहीं बेंती गांव निवासी चंद्रेश उरांव को 26,400 रुपये तथा चंद्रदेव उरांव को 25,400 रुपये का मुआवजा दिया गया। इसके अलावा मरवाई गांव की प्रतिमा उरांव को भी 25,400 रुपये की राहत राशि सौंपी गयी। पीड़ित ग्रामीणों ने मुआवजा मिलने पर राहत की सांस ली और वन विभाग व प्रखंड प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वन विभाग के फॉरेस्ट गार्ड चंद्रशेखर महतो सहित कई ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव ने कहा कि जंगली हाथियों से होने वाली क्षति से पीड़ित लोगों को समय पर सहायता पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# राष्ट्रपति के आगमन को लेकर झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर बढ़ायी गयी सुरक्षा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी 30 दिसंबर को गुमला आगमन कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसे लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। राष्ट्रपति के सुरक्षित आगमन और कार्यक्रम के सफल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक, सुरक्षा एवं प्रोटोकॉल स्तर पर समन्वित कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित और पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां के नेतृत्व में गुमला एवं छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के वरीय अधिकारियों ने आगडीह स्थित हवाई पट्टी का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गुमलाझ्रजशपुर अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्र में सुरक्षा, हवाई आवागमन, रूट प्लानिंग, फोर्स डिप्लॉयमेंट एवं आपातकालीन व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गयी। वापसी के क्रम में अधिकारियों ने मांझाटोली स्थित प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का भी निरीक्षण कर सुरक्षा घेरा, पार्किंग, वीवीआईपी मूवमेंट, आमजन की सुविधा एवं लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। प्रशासन ने सभी तैयारियां समयबद्ध एवं गरिमापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

# कलिगा के प्रतीक राज का जिला क्रिकेट टीम अंडर 14 में चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड के कलिगा निवासी पुरुषोत्तम राम के पुत्र प्रतीक राज का चयन गुमला जिला क्रिकेट टीम अंडर 14 में हुआ है। प्रतीक राज को बचपन से ही खेल के प्रति काफी जुनून था जिसको देखते हुए उनके पिता ने प्रतीक को कोनबीर के बीएसडी क्रिकेट अकादमी में प्रैक्टिस के लिए भेजना शुरू किए और देखते ही देखते प्रतीक का चयन इंटर जिला 14 द्वारा गुमला जिला क्रिकेट टीम अंडर 14 में हो गया। प्रतीक कोनबीर नवाटोली स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोनबीर कक्षा नवम का होनहार छात्र है। प्रतीक के कोच राजू राम है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को लोहरदगा में खेले गये मैच में प्रतीक ने दो विकेट लिया है और आगामी मंगलवार को सिमड़ेगा जिला क्रिकेट टीम से



उसका मुकाबला है। उन्होंने बताया कि प्रतीक प्रतिभावान खिलाड़ी है साथ ही उसका चयन स्टेट कैंप में होने की उम्मीद जतायी है। प्रतीक राज के पिता पुरुषोत्तम राम प्रखंड कार्यालय में मनरेगा के रोजगार सेवक के साथ साथ समाजसेवी भी है। प्रतीक की मां संगीता गृहणी है।

# टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा को लेकर चला जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आंजन टोल प्लाजा नागफेनी में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान एनएचएआई के अधिकारी राजीव रंजन के दिशा-निर्देशानुसार वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। अभियान के तहत चालकों को सुरक्षित यात्रा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी तथा वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गये।

अधिकारियों ने बताया कि रिफ्लेक्टिव टेप से रात और कोहरे के समय पीछे से आने वाले वाहनों को आगे चल रहे वाहन स्पष्ट दिखाई देते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है। इस अवसर पर टोल प्रबंधक सतीश चंद्र ने अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर वाहन चालकों को



जागरूक किया और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की।

चालकों को कोहरे में सड़क पर वाहन न खड़ा करने, दृश्यता कम होने पर सुरक्षित स्थान पर इंडिकेटर और पार्किंग लाइट चालू कर वाहन रोकने तथा केवल निर्धारित सुरक्षित स्थानों का उपयोग करने की सलाह दी गयी। स्थानीय चालकों ने अभियान की सराहना की।

# 12 सौ से अधिक मतदाता होने पर दो भागों में बंटेंगे मतदान केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कार्यालय कक्ष में राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी से बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में चुनाव आयोग के दिशा निर्देश पर बढ़ाये गये तीन मतदान केंद्रों से राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी को अवगत कराया गया। साथ ही बीडिओ दिनेश कुमार ने यह भी बताया कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देश पर तीन मतदान केंद्र बढ़ाए गये है। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव आयोग के गाइडलाइन में यह है कि जिस भी मतदान केंद्र में 1200 से अधिक मतदाता है तो ऐसे मतदान केंद्र को विखंडी करण करते हुए दो भागों में बांटना है। जिसका प्रस्ताव जिला निर्वाचन विभाग को भेजा गया। बढ़ाए गए मतदान केंद्र में केंद्र



संख्या 176 आदर, 184 ईचा व 220 पोड़हा बढ़ाए गए है। राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी को बताने का उद्देश्य यह है कि पहले से मतदान केंद्र की वृद्धि की जानकारी उन्हें हो ताकि उन्हें यह पता चल पाए की घाघरा प्रखंड में 112 मतदान केंद्र थे जो अब बढ़कर कुल 115 किए जा रहे है। बैठक में मुख्य रूप से बीडियो दिनेश कुमार, बीपीआरओ शंकर साहू, कंप्यूटर सहायक ज्योति लाल महतो, आशीष सोनी, आदित्य भगत, संजीव उरांव सहित कई राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे।

# हत्या का आरोपी दोषी करार, दो जनवरी को होगी सुनवाई

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे तीन भुपेश कुमार की अदालत ने हत्या मामले के आरोपित रायडीह प्रखंड के सुरसांग जरजट्टा निवासी रविंद्र उरांव को दोषी करार दिया गया है। जिसकी सुनवाई दो जनवरी को होगी। इस मामले में एपीपी सुधीर टोप्पो ने सरकारी पक्ष की ओर से पैरवी किया। घटना 22 मार्च 2024 की है। गांव के ही अनुज उरांव से मामूली विवाद होने पर रविंद्र उरांव ने उसे ईट और डंडा से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसका इलाज के क्रम में रायडीह सीएचसी में मौत हो गया। इधर घटना के अगले दिन मृतक अनुज की पत्नी रीना बाई ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

# मृतक की पत्नी बताकर दूसरी महिला ने निकाल लिया मृत्यु प्रमाण पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला से दूसरी महिला ने खुद को मृतक कि पत्नी बता कर मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र ले लिया। जैसे जैसे यह मामला चर्चा में आ रहा है यह गंभीर तथा सनसनीखेज रूप लेता जा रहा है।

## कैसे सामने आया मामला

शांति नगर, पालकोट रोड गुमला निवासी प्रमीला देवी, पति स्वर्गीय सतीश बड़ाईक ने अस्पताल प्रबंधन से अपने मृत पति के मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की। इस पर अस्पताल प्रबंधन ने जब अपनी फाइल चेक की तो पता चला कि वह तो कोई अन्य महिला ले गयी है। इस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रमिला देवी ने खुद को सतीश बड़ाइक की पत्नी बताया और उक्त महिला से प्रमाण पत्र वापस ले कर उसे देने का आग्रह किया। पति की मृत्यु के बाद भी उन्हें किसी तरह की अनियमितता की जानकारी नहीं थी। लेकिन जब बाद में पेंशन, सरकारी सहायता, बच्चों के भविष्य और अन्य कानूनी कार्यों के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ी, तो वह सदर अस्पताल पहुंचीं। लेकिन उन्हें पता चला कि कोई और महिला मृत्यु प्रमाण पत्र ले गयी है तो इसके होश उड़ गये।

## अस्पताल प्रबंधन को दिया धोखा

हैरान कर देने वली बात तो यह है कि उक्त महिला ने अस्पताल प्रबंधन को धोके में रख कर स्व. सतीश बड़ाइक का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया। कोर्ट में केस हारने के बावजूद उसी महिला ने कथित रूप से सदर अस्पताल से मृत्यु प्रमाण पत्र ले लिया।

### दूसरी पत्नी होने के महिला के दावे को कोर्ट ने कर दिया था खारिज

प्रमीला देवी ने बताया कि उनके पति सतीश बड़ाईक कैटरिंग (कैटलर) का काम करते थे। उसी कार्यस्थल पर एक महिला (रेजा देवी) भी काम करती थी। इस महिला ने बाद में खुद को सतीश बड़ाईक की पत्नी बताकर दावा ठोक दिया। इसको लेकर करीब पांच वर्ष पूर्व कोर्ट में मामला चला। जिसमें दूसरी महिला ने पत्नी होने का दावा किया था। लेकिन लंबी सुनवाई के बाद न्यायालय ने स्पष्ट रूप से प्रमीला देवी के पक्ष में फैसला दिया और उन्हें ही वैध पत्नी माना गया। प्रमीला देवी के अनुसार, 27 अप्रैल 2024 को उनके पति सतीश बड़ाईक की तबीयत अचानक खराब हो गई। उस समय उनका बेटा राजा बड़ाईक गंभीर बीमारी से जूझ रहा था, जिसके इलाज के लिए वह दिल्ली गयी हुई थीं। इसी दौरान पति को सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के क्रम में उनकी मृत्यु हो गयर। मृत्यु की सूचना मिलते ही प्रमीला देवी दिल्ली से गुमला लौटीं और पति के शव को गांव ले जाकर अंतिम संस्कार किया।

# संत पीयूष हाइ स्कूल के सात छात्राओं का झारखंड फुटबॉल टीम में चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र पंचायत रामपुर अंतर्गत संत पीयूष हाइ स्कूल रामपुर के सात बालिका वर्ग की खिलाड़ियों का चयन फुटबॉल झारखंड टीम में होने पर विद्यालय प्रशासन गौरवान्वित हैं। झारखंड टीम में चयन होने वाली खिलाड़ियों में अंडर 17 में शिवानी कुमारी, शांति सोरेंग, कुमूद सोरेंग का नाम शामिल है। जबकि अंडर 14 में तनु कुमारी, अनिशा बागे, अश्मा सोरेंग और अनुष्का डांग का नाम शामिल है। बीते 18 से 22 दिसंबर के बीच रांची के खेलगांव में मैच आयोजित किया गया था। फाइनल



मैच 22 दिसंबर को खेला गया था। जिसमे अंडर 17 में केरल और झारखंड के बीच खेले गये मैच में झारखंड की टीम ने केरल को 4-0 से पराजित किया और अंडर 14 के पेनाल्टी शूट में झारखंड बनाम हरियाणा के बीच 5-1 का सामना करना पड़ा। रामपुर स्कूल की सात छात्राओं का झारखंड फुटबॉल टीम में चयन होने पर विद्यालय प्रशासन, फादर कल्याण, मुखिया रोशालिया सोरेंग समेत प्रखंड और जिलावासियों ने बधाई दी है। सोमवार को विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय परिवार की ओर से चयनित सभी खिलाड़ियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

## गोविंदपुर एरिया-3 में क्रय पदाधिकारी ने स्थानीय विक्रेताओं के साथ की बैठक



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल एरिया 3 के गोविंदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय सभागार में मंगलवार को कंपनी के स्थानीय विक्रेताओं के सशक्तिकरण और क्षमता विकास के उद्देश्य से एक विशेष वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें में स्थानीय सप्लायरों को कार्य प्रणाली, गुणवत्ता मानकों तथा आपूर्ति प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी। वही बैठक को संबोधित करते हुए क्रय पदाधिकारी अमित कुमार ने विक्रेताओं को संबोधित करते हुए पारदर्शिता, समयबद्ध आपूर्ति और गुणवत्ता सुधार पर विशेष रूप से जोर दिया। बैठक में क्रय पदाधिकारीअमित कुमार सामग्री प्रबंधक जॉनसन बेसरा के अलावे स्थानीय सप्लायर रंधीर कुमार, कुंदन शर्मा, अभय ओझा, मनोज कुमार सुमन, सुनील कुमार, सलीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

## पावर परो क्लासिक प्रतियोगिता में द फिटनेस ग्रेग जिम के खिलाड़ियों ने लहराया परचम



**कतरास (आजाद सिपाही)।** धनबाद में आयोजित पावर परो क्लासिक प्रतियोगिता में कतरास के द फिटनेस ग्रेग जिम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर कतरास का नाम किया रोशन किया। प्रतियोगिता में अल्कमा अंसारी ने 202 .5 किलो का डेडलिफ्ट करके गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं साहेब कुरैशी ने 107 किलो का बेंच प्रेस कर के गोल्ड जीता। सिल्वर मेडल के साथ आतिफ कुरैशी ने 85 किलो के बेंच प्रेस किया। सूरज कुमार महतो ने सब-जूनियर बेंच प्रेस 105 किलो करके स्वर्ण पदक जीता। वही मेनस फि जीक प्रतियोगिता में हर्ष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 10 में स्थान हासिल किया। खिलाड़ियों ने अपने जबरदस्त प्रदर्शन कर कतरास का नाम रोशन किया।

## बीसीसीएल ने सैकड़ों एकड़ जमीन को बर्बाद किया : सूरज महतो

**कतरास (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सूरज महतो ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बीसीसीएल और डीजीएमएस के कार्यकलापों की निंदा की है। जहरीली गैस रिसाव के लिए बीसीसीएल एवं डीएमएस को जिम्मेदार ठहराया है श्री महतो ने कहा कि बीसीसीएल अगर नियम कानून से उत्पादन करती तो यह स्थिति उत्पन्न नहीं होता। डीजीएमएस बीसीसीएल को नियमों का उल्लंघन करने का खुला आदेश दे रखा है। धनबाद की सैकड़ों एकड़ जमीन को बीसीसीएल ने पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। यहां की जनता का लगातार शोषण और दोहन किया जा रहा है। यह सब डीजीएमएस की मिलीभगत से हो रहा है। सूरज महतो ने बीसीसीएल एवं डीजीएमएस को चेतावनी देते हुए कहा है कि अपने कार्य शैली में बदलाव लाएं अन्यथा उग्र आंदोलन किया जायेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा आम जनता की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी।

## बीएसएल की क्वालिटी सर्किल टीमों ने एनसीक्यूसी-2025 में लहराया परचम



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट ने 39वें नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स (एनसीक्यूसी-2025) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नवाचार एवं सतत सुधार के प्रति अपनी सुदृढ़ प्रतिबद्धता को एक बार फिर स्थापित किया। यह चार दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया (क्यूसीएफआइ) के तत्वावधान में 19 से 22 दिसंबर तक जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर की 601 प्रतिष्ठित संस्थाओं से 1,129 प्रतिनिधियों ने सहभागिता की, जिनके द्वारा कुल 2,209 क्वालिटी सर्किल केस स्टडी प्रस्तुत की गयी। इसके अतिरिक्त, 125 क्वालिटी सर्किल टीमों द्वारा मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में बीएसएल की कुल 28 क्वालिटी सर्किल टीमों ने भाग लिया। इन टीमों का चयन बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा आयोजित अधिशासी निदेशक (संकार्य) एवं निदेशक-प्रभारी ट्रॉफी प्रतियोगिता के अंतर्गत कठिन एवं बहु-स्तरीय स्क्रीनिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया गया था। राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुति से पूर्व, चयनित टीमों को बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

## एमजीएम हायर सेकेंड्री में अंतर विद्यालय क्रिसमस गीत 'ग्लोरिया 2025' का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में अंतर विद्यालय क्रिसमस गीत प्रतियागिता, ग्लोरिया 2025 का आयोजन किया गया। प्राचार्य फादर डॉ जोशी वर्गीस ने कहा कि मानव को कष्ट से मुक्ति दिलाने के लिए प्रभु यीशु धरती पर आये। उन्होंने लोगों को करुणा, प्रेम, शांति व आपसी भाईचारा का संदेश दिया। प्रभु ने शत्रु से भी प्रेम करने की सीख दी। प्रभु यीशु के बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों को क्रिसमय के त्यौहार को समझने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता में छह विद्यालयों के लगभग 70 विद्यार्थियों ने क्रिसमस कैराल प्रस्तुत किया। इसके माध्यम से उन्होंने प्रभु यीशु के उपदेश को आत्मसात करने का संदेश दिया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल चास की टीम पहले, होली क्रास स्कूल बालीडीह की टीम दूसरे व कैराली स्प्रींग्डल स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रहे। श्रेष्ठ सांता क्लाज का पुरस्कार होली क्रास स्कूल बालीडीह को दिया गया। माउंट सियोजन स्कूल, रेनबो पब्लिक स्कूल, सेंट पाल स्कूल बोकारो थर्मल की टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक शिक्षक श्यामल कुमार दास, अश्विनी कुमार, रचना सिंह व आनंदिता पाठक थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रियंका व अगम्या ने किया। इस दौरान विजेता स्कूल की टीम को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रभारी जिबीन थामस व संगीता सिंह का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर उप प्राचार्य राखी बनर्जी, हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी, संत मेरी स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर दीनू एम डैनियल, शैक्षिक निदेशक जार्ज जोसफ, शिक्षक, शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### पुराना बाजार सब्जी मंडी की जमीन पर विवाद गहराया

# पुलिस नोटिस के विरोध में मंडी बंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार/ धनबाद।** पुराना बाजार सब्जी मंडी की जमीन पर चल रहे विवाद ने तूल पकड़ लिया है। बैंक मोड़ थाने की ओर से पुराना बाजार के नौ व्यवसायियों को जमीन खाली करने का नोटिस जारी किए जाने से सब्जी व्यवसायी संघ में आक्रोश भड़क उठा। इसके विरोध में सब्जी, मछली और अंडा विक्रेताओं सहित अन्य व्यवसायियों ने मंगलवार को पूरी मंडी बंद रखी, जिससे ग्राहकों को काफी परेशानी हुई। बंद के दौरान सब्जी व्यवसायी संघ की बैठक हुई, जिसमें आगे की रणनीति बनायी गयी। बैठक में पुलिस और बिल्डर के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गयी। संघ के अध्यक्ष जीतेंद्र कुमार सोनकर ने कहा कि यह जमीन विवाद 2011 से धनबाद न्यायालय में हरीराम लोहार और कलाली पक्ष के फारूक आजम के बीच लंबित है। दोनों पक्ष इसे अपनी पैतृक संपत्ति बता रहे हैं। बावजूद इसके पुलिस ने कलाली पक्ष के फारूख आजम के नाम पर जमीन बताकर व्यवसायियों को अनाधिकृत कब्जाधारी करार देते हुए खाली करने का नोटिस थमा दिया।

जीतेंद्र सोनकर ने आरोप लगाया कि यह सब एक बिल्डर के इशारे पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह जमीन हरीराम लोहार की है। मामला अदालत में लंबित है, फिर पुलिस क्यों सक्रिय हो रही है। न्यायालय का जो भी फैसला आएगा, हम उसे मानेंगे, लेकिन जब तक फैसला नहीं आता, हम जमीन नहीं छोड़ेंगे। यह मंडी सौ साल पुरानी है।व्यवसायियों का कहना है कि हरीराम लोहार के वंशजों ने उन्हें यह जमीन अधिकृत रूप से दी है। विवादित जमीन करीब साढ़े छह एकड़ है, जिसमें सैकड़ों व्यवसायी अपना रोजगार चला रहे हैं।व्यवसायी संघ ने एक स्वर में चेतावनी दी कि अदालत के फैसले तक वे जमीन नहीं छोड़ेंगे। इस बंद से स्थानीय बाजार पूरी तरह ठप रहा और ग्राहकों को सब्जियां खरीदने में भारी दिक्कत हुई। बैठक में जीतेंद्र कुमार सोनकर के अलावा मुस्लिम खान, नजीर खान, राजेश कुमार साव, प्रभु कुशवाहा, रविंद्र वर्मा, बबलू सोनकर, बनोद विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सोनकर, अवध प्रसाद, सुरेश प्रसाद, आफताब, मुमताज कुरैशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## चोरी और डकैती मामलों में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले में चोरी व डकैती की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में दिनांक 22 दिसंबर 2025 की रात्रि करीब 11.30 बजे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में एलएंडटी कंपनी में गार्ड को बंधक बना कर लूट करने के मामले में में संलिप्त अपराधी गोविंदपुर थाना क्षेत्र में छिपे हुए हैं। सूचना के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-01) के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मटियाला और ग्राम जंगलपुर के बीच स्थित पुल के पास पहुंची, जहां से अकबर अंसारी, रहीम और हेमचंद्र दा को पकड़कर पूछताछ के लिए थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान तीनों आरोपियों ने न केवल उक्त कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, बल्कि अपने अन्य सहयोगियों की भूमिका भी उजागर की। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने कांड में चोरी/डकैती के दौरान उपयोग किये गये और चुराये गये सामान को बरामद किया। बरामदगी में पीतल का नल वाल्व, अर्द्धजला तांबे का तार तथा घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल शामिल हैं। इसके बाद तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया।

## ट्रेन में दो बैग से 20 किलो गांजा बरामद




आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** आरपीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है और दो बैगों में भारी मात्रा में भरी गांजा को बरामद करते हुए जप्त किया गया है। बोकारो धनबाद एक्सप्रेस आरपीएफ के द्वारा जांच करते हुए सीट पर रखी दो लावारिस बैग देखा तो आसपास बठे लोगों से पूछताछ की लेकिन कोई भी बैंग को अपने से इनकार करते रहे इसके बाद आफ में जब्त करते हुए जब इन्हें खोल तो दो बैगों में भरी 21 किलो के आसपास गांजा पाया गया। एएसआई डीके द्विवेदी, एएसआई परितोष कुमार झा, एचसी सहगल कुमार, आरपीएफ पोस्ट बीकेएससी के एचसी एके सिंह और एएसआई प्रभात कुमार सीएनआई, बीकेएससी के एचसी मंटू कुमार, एचसी के अंसारी बीजेइ और सीआइबी टीम एमयूआरआइ से बीकेएससी तक टी/ नंबर 02832 में पीसी आरपीएफ पोस्ट बीकेएससी की देखरेख में ड्यूटी में तैनात थे। उक्त ट्रेन की चेकिंग के दौरान जब ट्रेन राधागांव स्टेशन से गुजरी उन्होंने सीट संख्या 04 और 12 पर बी-2 कोच की जांच की। ट्रेन में लावारिस अवस्था में रखी गयी ट्रॉली बैग संदेह हुआ। पूछे जाने पर उक्त बैग का दावा करने के लिए कोई आगे नहीं आया।

## लकड़ी बोटा के साथ व्यापारी गिरफ्तार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** अब माफियाओं द्वारा जिस तरह जंगलों की कटाई कर अवैध लकड़ी की ढुलाई करते हुए मार्केट में खपाने का काम किया जा रहा है इसे लेकर बोकारो पुलिस सजग है और कार्रवाई करने में जुटी हुई है। जरिडीह थाना अंतर्गत जैना मोड़ स्थित बिजली घर के पास जरिडीह थाना पेट्रोलिंग टीम के द्वारा एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक ट्रक अवैध लकड़ी के बोटा लदे वाहन को पकड़ा गया। साथ ही एक अवैध लकड़ी व्यापारी अब्दुल सत्तार अंसारी उर्फ राजू अंसारी साकिन करकरा बस्ती थाना जयपुर जिला पुरुलिया को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। साथ ही इस अवैध लकड़ी के तस्करी में सम्मिलित अन्य माफियाओ के विरुद्ध लगातार छापामारी की जा रही है। जरीडीह थाना कांड संख्या 143/ 25 दिनांक 22/12/25 धारा 317(2)/ 3(5) बीएनएस एवं 41/42 भरतीय वन अधिनियम का मामला दर्ज कर लिया गया है।

## सामुदायिक विकास को सशक्त बनाने के लिए सीएसआर पार्टनर्स मीट का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** इएसएल स्टील लिमिटेड ने अपनी सीएसआर इकाई के माध्यम से सीएसआर पार्टनर्स मीट का आयोजन किया। इस बैठक का उद्देश्य अपने प्रमुख एनजीओ भागीदारों और वरिष्ठ नेतृत्व के साथ मिलकर अब तक किये गये कार्यों की समीक्षा करना, अनुभव साझा करना और सतत और समावेशी सामुदायिक विकास के लिए भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा करना था। इस बैठक में ईएसएल के प्रमुख एनजीओ भागीदार सिटिजन्स फाउंडेशन, अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन, ईएमपी बिंदी, ग्रामीण सेवा संघ, अविलीन फाउंडेशन और सीड्स के साथ-साथ ईएसएल का वरिष्ठ नेतृत्व उपस्थित रहा, जिसमें रवीश शर्मा, डिप्टी सीइओ एवं होल-टाइम डायरेक्टर, इएसएल स्टील लिमिटेड, और आनंद दुबे, मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) शामिल थे। इस संवाद के माध्यम से शिक्षा, कौशल विकास, खेल, आजीविका संवर्धन और सामुदायिक कल्याण से जुड़ी सीएसआर पहलों की प्रगति पर चर्चा की गयी तथा दीर्घकालिक सामाजिक प्रभाव के लिए साझेदारियों को और मजबूत करने के अवसरों पर विचार किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रवीश शर्मा (डिप्टी सीइओ एवं होल-टाइम डायरेक्टर, इएसएल स्टील लिमिटेड) ने सार्थक बदलाव लाने में सहयोग की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ह्लसतत सामुदायिक विकास अकेले संभव नहीं है। हमारे एनजीओ साझेदार हमारी सीएसआर यात्रा की रीढ़ हैं, जो हमारे उद्देश्य को जमीनी स्तर पर प्रभाव में बदलते हैं। हम सब मिलकर समावेशी, मापनीय और उद्देश्यपूर्ण पहलों के माध्यम से मजबूत और सक्षम समुदायों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण सम्मान समारोह रहा, जिसमें राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के तीरंदाजी विजेताओं, प्रशिक्षकों, परियोजना समन्वयकों और एनजीओ भागीदारों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## गैस रिसाव और भू-धंसान के खिलाफ झामुमो का धरना, खान मंत्री का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास/ धनबाद।** बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही लगातार गैस रिसाव और भू-धंसान की घटनाओं के विरोध में झामुमो की केंद्रीय सदस्य सह मीडिया पैनलिस्ट डॉ नीलम मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिला परिषद प्रांगण से जुलूस के रूप में पैदल मार्च करते हुए रणधीर वर्मा चौक पर पहुचकर बीसीसीयल की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एकदिवसीय धरना दिया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने खान मंत्री का पुतला दहन किया और बीसीसीएल हाय-हाय, डीजीएमएस हाय-हाय, केंद्र सरकार मुर्दाबाद जैसे नारे लगाये।

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए डॉ नीलम मिश्रा ने कहा कि गैस रिसाव और भू-धंसान की घटनाएं बीसीसीएल और डीजीएमएस की लापरवाही और पाप का परिणाम हैं, जिसकी सजा स्थानीय लोग भुगत रहे हैं। केंदुआडीह अंगार पथरा समेत अन्य क्षेत्र इसका जीता जागता मिसाल हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि बीसीसीएल की गिद्ध दृष्टि केवन कोयले की उत्खनन पर है इसलिए लोगों को जबरन विस्थापित कर बेलगड़िया जैसे बिरान स्थानों पर भेज रही है जहां न रोजगार है और न ही बुनियादी सुविधाएं। यह काले पानी की सजा से कम नहीं है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सूरज महतो ने कहा कि धनबाद की जनता की जान और जमीन की रक्षा के लिए झामुमो सड़क से सदन तक संघर्ष करेगा। मौके पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य, जिला एवं महानगर कमेटी, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, वरीय नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे ।

## संत जेवियर्स स्कूल में लेफ्टिनेंट जनरल मनीष एर्री ने छात्रों को दिया 'अनुशासन और नेतृत्व' का मंत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** औद्योगिक नगरी बोकारो के प्रतिष्ठित संत जेवियर्स विद्यालय के खेल प्रांगण में 23 दिसंबर को 57वें वार्षिक खेलकूद दिवस का भव्य आयोजन किया गया। उत्साह और उर्जा से भरे इस समारोह में भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल मनीष एर्री (कमांडेंट, डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंग्टन) मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। विद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय रहा कि मुख्य अतिथि इसी संस्थान के 1985 बैच के पूर्व छात्र (एक्स-जेवेरियन) हैं।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्य फादर अरुण मिंज द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों ने मशाल दौड़ के माध्यम से खेल भावना की अलख जगाई। विद्यालय के निवर्तमान कप्तान श्रेयस आदित्य ने सभी एथलीटों को खेल के नियमों का पालन करने और पूर्ण ईमानदारी व अनुशासन के साथ प्रतिस्पर्धा करने की शपथ दिलायी। परेड के दौरान विद्यालय के निजी बैंड की थाप पर छात्र-छात्राओं के अनुशासित कदमों ने दर्शकों को प्रभावित किया। प्राइमरी और मिडिल स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'मास ड्रिल' आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें कलात्मकता और समन्वय का अद्भुत संगम दिखा। प्रधानाचार्य फादर अरुण मिंज ने खेल प्रमुख शशि शेखर एवं अमृत लता की प्रशंसा करते हुए खेल को जीवन का अभिन्न अंग बताया।

प्रतियोगिताओं के अंत में विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया गया। मुख्य आकर्षण 'विकास कंडुलना मेमोरियल चैंपियन अवार्ड' रहा, जिसे कक्षा 12वीं के अनंत सागर और संचिता ने अपने नाम किया।

## डीएवी में तंबाकू के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** 23 दिसंबर को डीएवी कोयलानगर, जिला धनबाद में तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला तंबाकू नियंत्रण के शुभांकर ने बच्चों को तम्बाकू से होने वाले जनित रोगों से अवगत कराया गया साथ ही सभी को तंबाकू छोड़ने हेतु परामर्शी सेवा के साथ साथ तंबाकू नशा मुक्ति केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया गया। वरीय शिक्षक अरविंद पात्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि तम्बाकू एक सामाजिक बुराई है जो व्यक्ति के शरीर, मन और समाज को बुरी तरह प्रभावित करता है। नशे की लत व्यक्ति को विनाश की ओर ले जाता है, इससे सिर्फ व्यक्ति ही नही बल्कि उसका पूरा परिवार प्रभावित होता है। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि खुद तो बचे और दूसरो को भी इससे दूर रहने के लिये प्रेरित करें। कार्यक्रम में शुभांकर द्वारा बताया गया कि भारत में मुंह का कैंसर एक बढ़ता हुआ गंभीर समस्या है जो मौत का कारण बनता है। मुंह में लगातार दर्द होना, मुंह के घाव जो ठीक नही हो रहा हो, मुंह में घाव होने पर अनायास ही खून बहना, मखमली, सफेद, लाल असामान्य धब्बे, मुंह में स्पष्ट रक्तस्राव, मुंह के अन्दर होंठों पर या अन्य जगहों पर कठोर, उभरा हुआ घाव, पपडी आदि दिखाई देना मुंह के कैंसर का मुख्य कारण है तथा उपरोक्त लक्षणों में से कोई भी लक्षण दिखाई दे तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर तुरन्त डेन्टल डाक्टर को दिखाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में स्कूल में क्विज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विजेता बच्चों को टी-शर्ट और बैग देकर पुरस्कृत किया गया।

## क्रिसमस वैश्विक शांति और मानवीय सद्भाव का संदेश : फादर दीनू एम डैनियल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** क्रिसमस केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानवता के उत्थान और वैश्विक शांति का संदेश है। यह दिवस 'शांति के राजकुमार' प्रभु यीशु मसीह के जन्म का उत्सव है। उक्त बातें संत मेरी नर्सरी स्कूल के प्राचार्य फादर दीनू एम डैनियल ने हिंदी दैनिक आजाद सिपाही एक विशेष भेंट में कहा । उन्होंने कहा कि क्रिसमस का मूल उद्देश्य उस ईश्वरीय प्रेम को साझा करना है, जो संसार में व्याप्त अशांति को करुणा और क्षमा के माध्यम से समाप्त करने की प्रेरणा देता है।

**शांति: पर्व का मूल आधार**

श्री डैनियल ने कहा कि क्रिसमस और शांति का अटूट संबंध है। प्रभु यीशु का एक साधारण चरनी में जन्म लेना यह सिखाता है कि सच्ची शांति सादगी और शुद्ध हृदय में निवास करती है। उनके जन्म के समय स्वर्गदूतों का मुख्य उद्घोष था स्वर्ग में ईश्वर की महिमा हो और पृथ्वी पर उन मनुष्यों में शांति हो जिनसे वह प्रसन्न है। यह संदेश स्पष्ट करता है कि आंतरिक शांति के बिना ईश्वर से जुड़ाव संभव नहीं है।

**वर्तमान विश्व और सच्ची सद्भावना**

आज के संघर्षपूर्ण परिवेश में शांति एक अनिवार्य आवश्यकता बन गयी है। सच्ची सद्भावना (ट्रू हार्मनी) के बिना मानवता का कल्याण संभव नहीं है। क्रिसमस हमें सिखाता है कि हम व्यक्तिगत स्वार्थों से उपर उठकर 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना अपनाएं। शांति वह शक्ति है जो घृणा को मिटाकर प्रेम का मार्ग प्रशस्त करती है। आइए, इस पावन अवसर पर हम समाज में शांति और बंधुत्व के दूत बनने का संकल्प लें।

# एमपी में एसआइआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी, 42.74 लाख नाम कटे

● केरल-छत्तीसगढ़ की लिस्ट भी जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश की एसआइआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की, जिसमें से 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं। इसमें 19.19 लाख पुरुष, 23.64 लाख महिलाएं हैं। लिस्ट में 8.46 लाख मृत, 8.42 लाख अनुपस्थित, 22.78 लाख शिफ्ट और 2.76 लाख डुप्लिकेट पाये गये। इसके अलावा केरल में 24.08 लाख और छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख नाम लिस्ट में से हटाए गए हैं। छत्तीसगढ़ में 6.42 लाख मतदाताओं की मौत हो चुकी है। 19.13 लाख दूसरी जगह शिफ्ट हुए और 1.79 लाख डुप्लीकेट पाए गए। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है। इससे पहले चुनाव आयोग ने 7 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश- पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की थी। इन राज्यों में अलग-अलग कारणों से कुल 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा नाम हटाये गये थे। इनमें सबसे ज्यादा 97 लाख तमिलनाडु से फिर गुजरात से 73 लाख, बंगाल से 58 लाख और राजस्थान से 44 लाख नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में से बाहर किए गए हैं।

**केरल में अगले साल चुनाव, 25 लाख नाम कट सकते हैं :** 2025 की स्थानीय निकाय चुनावों के लिए तैयार वोटर लिस्ट के मुताबिक केरल में 2.86 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड वोटर हैं। रक्फ़ के तहत मतदाता सूची का 99% से अधिक डिजिटलीकरण पूरा हो गया है और लगभग 25 लाख नाम हटाए जा सकते हैं। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है।

**लिस्ट राजनीतिक दलों के साथ साझा की जायेगी :** ड्राफ्ट और फाइनल वोटर लिस्ट, दावा-आपत्ति की सूची वेबसाइट पर अपलोड की जायेगी। राजनीतिक दलों के साथ साझा होगी। इआरओ के फैसले के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट, फिर एसआइआर के पास अपील का प्रावधान भी रहेगा।

## आर्मी पब्लिक स्कूल रांची जूनियर विंग का वार्षिक महोत्सव

# ब्रिगेडियर राम कुमार ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता








**रांची।** आर्मी पब्लिक स्कूल, रांची (जूनियर विंग) में सोमवार वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर राम कुमार, एसएम रहे। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की थीम कैलाइडोस्कोप रही, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों द्वारा जीवन के विविध रंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के द्वारा कक्षा टॉपर्स, खेल उपलब्धि प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों (स्पोर्ट्स अचीवर्स) तथा 100% उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार सिंह कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर रामकुमार एसएम ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वार्षिक महोत्सव ने विद्यालय के शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के उत्कृष्ट समन्वय को दर्शाया, जिसकी अभिभावकों एवं अतिथियों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# हिंदी के प्रख्यात साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का निधन

● 89 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस, रायपुर एम्स में थे भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायपुर।** ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित छत्तीसगढ़ के प्रख्यात हिंदी साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का मंगलवार को रायपुर एम्स में निधन हो गया। 89 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। रायपुर एम्स में उनका इलाज चल रहा था। सांस लेने में दिक्कत के कारण उन्हें वेंटिलेटर में ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। प्रसिद्ध उपन्यासकार, लेखक और कवि विनोद कुमार शुक्ल ने उपन्यास एवं काव्य विधाओं में साहित्य का शानदार सृजन किया था। सन 1971 में उनकी पहली कविता लगभग जयहिंद शीर्षक से प्रकाशित हुई थी। उनके मुख्य उपन्यासों में दीवार में एक खिड़की रहती थी , नौकर की कमीज और खिलेगा तो देखेंगे शामिल हैं। फिल्मकार मणिकौल ने साल 1979 में 'नौकर की कमीज' नाम से आये उनके उपन्यास पर बॉलीवुड फिल्म भी बनायी है। शुक्ल के दूसरे उपन्यास 'दीवार में एक खिड़की रहती थी ' को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिल है। वे हिंदी साहित्य में अपने प्रयोगधर्मी लेखन के लिए प्रख्यात रहे हैं। उनकी लेखनी सरल सहज और अद्वितीय शैली के लिए जानी जाती है।

**राजनांदगांव जिले में हुआ था जन्म :** शुक्ल का जन्म 1 जनवरी सन 1937 को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में हुआ था। शुक्ल ने प्राध्यापन को रोजगार के रूप में चुना। वे जीवनभर साहित्य सृजन में ही लगे रहे। उन्हें हिंदी साहित्य में सादगी भरे लेखन और अनूठी कविताओं के लिये जाना जाता है। शुक्ल हिंदी साहित्य के 12वें साहित्यकार हैं। हिंदी साहित्य जगत में उनके अद्वितीय योगदान, विशिष्ट लेखन शैली और सृजनात्मकता के लिये साल 2024 में 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे छत्तीसगढ़ के पहले लेखक हैं, जिन्हें इस सम्मान से पुरस्कृत किया गया है।


**भारतीय साहित्य को अंतरराष्ट्रीय जगत में दिलायी पहचान :** उन्होंने अपनी विशिष्ट भाषाशैली, उत्कृष्ट सृजनात्मकता लेखन से भारतीय साहित्य को अंतरराष्ट्रीय जगत में पहचान दिलायी। वे कवि के साथ ही शीर्षस्थ साहित्यकार और कथाकार भी रहे। वे अपने उपन्यासों से दैनिक जीवन के वृतांत को काफी बारिकी से उभारा। भारतीय हिंदी साहित्य जगत में उनका विशेष योगदान है, जिसे हमेशा याद रखा जायेगा। उनका नाम हिंदी साहित्य जगत के इतिहास में सुनहरे पन्नों में दर्ज रहेगा। वे अपनी पीढ़ी के ऐसे रचनाकार हैं, जिनके लेखन ने लोगों को एक नयी तरह के चेतना दी।

## पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइन पीआइए नीलाम

# आरिब हबीब ग्रुप ने 4320 करोड़ में खरीदा

● पाकिस्तान सरकार ने 75% हिस्सेदारी बेची

एजेंसी





**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइन कंपनी पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआइए) नीलाम हो गई है। आरिफ हबीब ग्रुप ने 4320 करोड़ रुपये में पीआइए को खरीद लिया है। एयरलाइन के लिए आरिफ हबीब ग्रुप और लकी सीमेंट ग्रुप के बीच ओपन बिडिंग राउंड चल रहा था। लकी सीमेंट ग्रुप 4288 करोड़ रुपये तक ही बोली लगा पायी। एयरलाइन को खरीदने के लिए तीन दावेदार थे। इनमें लकी सीमेंट के लीडरशिप वाला एक बिजनेस ग्रुप, आरिफ हबीब कॉरपोरेशन के लीडरशिप वाला ग्रुप और प्राइवेट एयरलाइन एयरब्लू शामिल थे।

तीनों ग्रुप्स ने पहले राउंड के लिए बंद लिफाफे में अपनी बोलियां जमा की थी। आरिफ हबीब ग्रुप ने 3680 करोड़ रुपये, लकी सीमेंट ने 3248 करोड़ रुपये और एयरब्लू ने 848 करोड़ रुपये की बोली जमा की थी। इसके बाद एयरब्लू रेस से बाहर हो गयी।

**पीआइए में 75% हिस्सेदारी बेच रही सरकार :** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने पीआइए में 75% हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया था। बोली जमा करने का मंगलवार को आखिरी दिन था। ये बोलियां बंद लिफाफों में दी गईं और इस पूरे कार्यक्रम को सरकारी टीवी पर लाइव दिखाया जा रहा है। डेडलाइन के ठीक 2 दिन पहले सेना से जुड़ी एक खाद कंपनी फौजी फर्टिलाइजर प्राइवेट लिमिटेड (इफपीएल) ने बोली लगाने से अपना नाम वापस लिया है, जिसके बाद सिर्फ 3 दावेदार रेस में रह गये थे।

**कंपनियों ने ट्रांसपेरेंट बॉक्स में अपनी बोलियों के लिफाफे डाले :** इस्लामाबाद में हुए प्रोग्राम में तीनों ग्रुप के प्रतिनिधि एक-एक करके आये और ट्रांसपेरेंट बॉक्स में अपने लिफाफे डाले। शाम 5:30 बजे इन लिफाफों को खोला गया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस मौके पर कहा कि सरकार ने पूरी प्रक्रिया को साफ और पारदर्शी बनाया है, ताकि किसी को कोई शक न रहे। उन्होंने कहा कि यह सौदा पाकिस्तान के इतिहास का सबसे बड़ा निजीकरण सौदा हो सकता है। इससे देश को फायदा होगा और पीआइए को नयी जिंदगी मिलेगी।











# उन्नाव रेप केस:पूर्व बीजेपी विधायक सेंगर को जमानत

● 15 लाख रुपये के निजी मुचलके पर सशर्त रिहा करने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता





**उन्नाव।** उन्नाव रेप केस में उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाइकोर्ट ने बेल दे दी है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने सेंगर की सजा को अपील पर सुनवाई पूरी होने तक सस्पेंड कर दिया। सेंगर ने सजा के खिलाफ अपील की है। अदालत ने कुलदीप सिंह सेंगर को 15 लाख रुपये के निजी मुचलके पर सशर्त रिहा करने का आदेश दिया है। साथ ही 4 शर्तें भी लगायी हैं। इनमें पीड़ित से 5 किमी दूर रहना होगा। हर सोमवार को पुलिस को रिपोर्ट करना होगा। पासपोर्ट संबंधित प्राधिकरण के पास जमा कराना होगा, ताकि देश छोड़ कर न जा सकें और एक भी शर्त तोड़ी तो बेल रद्द कर दी जायेगी।

**17 साल की लड़की को अगवा कर किया था रेप :** उन्नाव में कुलदीप सेंगर और उसके साथियों ने 2017 में नाबालिग को अगवाकर रेप किया था। इस मामले की जांच सीबीआइ ने की थी। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने दोषी कुलदीप सिंह सेंगर को 20 दिसंबर, 2019 को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए उसे मृत्यु तक जेल में रखने के आदेश दिये थे। सेंगर पर 25 लाख रुपए जुमार्ना भी लगाया गया था। कुलदीप सेंगर की विधानसभा सदस्यता भी रद्द कर दी गयी थी। उसे भाजपा ने पार्टी से निकाल दिया था।

# दिल्ली में प्रदूषण का कहर : आई ड्रॉप मास्क और नेबुलाइजर की बिक्री बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** राजधानी में सर्दियों की ठंड के साथ प्रदूषण का कहर बढ़ने से लोग मेडिकल स्टोर की ओर भाग रहे हैं। ऐसे में आई ड्रॉप, मास्क और नेबुलाइजर की बिक्री में तेजी आई है। इसकी मुख्य वजह आंखों में जलन, लालिमा और सांस लेने में दिक्कत की शिकायतें हैं। हालांकि, अधिकतर लोग बिना किसी दवा की पर्ची के ही अपनी मर्जी से दवाइयां खरीदने पहुंच रहे है। खुद दवा खरीदने के पीछे लोगों का तर्क अस्पतालों के खर्च, भीड़ और बार-बार चक्कर काटने के झंझट से छुटकारा पाना है। वहीं, दवा दुकानदारों का कहना है कि दिल्ली में हर साल बढ़ते प्रदूषण की वजह से आंखों की देखभाल और सांस से जुड़ी बीमारियों के प्रोडक्ट्स और दवाओं की डिमांड बढ़ जाती है।

लुटियंस दिल्ली में एक केमिस्ट्स के मालिक सुरेश ने बताया कि जब भी प्रदूषण का स्तर बढ़ता है, तो आई ड्रॉप्स, नेजल स्प्रे और मास्क की बिक्री में साफ तौर पर बढ़ोतरी होती है। उन्होंने बताया कि वे आमतौर पर देखते हैं कि खांसी के सिरप सबसे ज्यादा बिकते हैं, लेकिन इस मौसम में आई ड्रॉप ज्यादा तेजी से बिक रही हैं। वहीं, राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) हॉस्पिटल के पास एक फामेर्सी के केमिस्ट श्रवण ने बताया कि आजकल लोग आंखों में जलन और लालिमा की शिकायत लेकर ज्यादा आ रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि आई ड्रॉप्स, स्टीम इनहेलेशन इंस्ट्रूमेंट्स और नेजल स्प्रे सामान्य से कहीं ज्यादा बिक रहे हैं और इनकी मांग भी काफी बढ़ गई है। वहीं, एक अन्य केमिस्ट्स के अमित गुप्ता ने बताया कि ठंडे मौसम और प्रदूषण के कारण होने वाला सूखापन आई ड्रॉप की बिक्री में बढ़ोतरी का एक मुख्य कारण है। उन्होंने बताया कि आई ड्रॉप्स और नेजल स्प्रे की बिक्री में आसानी से 10 से 15 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस मौसम में तेज ठंड और प्रदूषण की वजह से आंखें जल्दी सूख जाती हैं।

**आई ड्रॉप लगातार सबसे ज्यादा डिमांड वाली चीजों में से एक :** दिल्ली ड्रग ट्रेडर्स एसोसिएशन का कहना है कि यह मौसमी ट्रेंड जाना-पहचाना है। यूनियन के जनरल सेक्रेटरी आशीष देवराज ने बताया कि हर साल, जैसे ही सर्दी शुरू होती है और प्रदूषण का लेवल बढ़ता है, हम आई ड्रॉप, मास्क और उनसे जुड़ी चीजों की बिक्री में मौसमी बढ़ोतरी देखते हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान आई ड्रॉप लगातार सबसे ज्यादा डिमांड वाली चीजों में से एक होती हैं। देवराज ने कहा कि प्रदूषण की वजह से कई लोग आंखों में जलन और खुजली की शिकायत करते हैं और आमतौर पर बिक्री में लगभग 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी होती है। उन्होंने बताया कि सर्दियों और ज्यादा प्रदूषण के समय नेबुलाइजर की बिक्री में भी मौसमी बढ़ोतरी होती है। उन्होंने कहा कि नेबुलाइजर ऐसे प्रोडक्ट नहीं हैं, जिन्हें लोग बार-बार खरीदते हैं, क्योंकि ये लंबे समय तक चलते हैं और ज्यादातर घरों ने इन्हें कोविड के समय खरीदा था। हालांकि, जिन परिवारों में नवजात बच्चे या बुजुर्ग सदस्य होते हैं, वे इस मौसम में नेबुलाइजर खरीदते या बदलते हैं, जिससे डिमांड में थोड़ी बढ़ोतरी होती है।


**बार-बार नेबुलाइजर खरीदने पहुंच रहे लोग :** कुछ केमिस्टों ने बताया कि नेबुलाइजर की हालिया मांग अप्रत्याशित रही है। गोल मार्केट के पास एक और केमिस्ट के संचालक इरफान ने कहा कि आम तौर पर लोग ये उपकरण बार-बार नहीं खरीदते। क्योंकि ये महंगे और लंबे समय तक चलने वाले होते हैं। लेकिन पिछले तीन दिनों में, लगभग पांच ग्राहकों ने नेबुलाइजर खरीदे, जिनमें एक विदेशी जोड़ा भी शामिल था जो अपने बच्चे के साथ दिल्ली घूमने आया था और बच्चे को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। वहीं, केमिस्टों ने यह भी बताया कि ग्राहक उन्हीं प्रोडक्ट्स के लिए ज्यादा बार वापस आ रहे हैं। एक और केमिस्ट ने बताया कि लोग हर 10-12 दिन में आई ड्रॉप्स या नेजल स्प्रे के लिए वापस आ रहे हैं।












आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**